वर्ष 69 अंक 181 पृष्ठ 12
भोपाल, मंगलवार 31 मार्च, 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2083
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

मनुष्य को अपनी कठिनाइयों की आवश्यकता होती है, क्योंकि सफलता का आनंद लेने के लिए वे जरूरी हैं।
–एपीजे अब्दुल कलाम

प. एशिया में जंग



31वां दिन

# रिपोर्ट: ईरान में घुसकर यूरेनियम जब्त करने की तैयारी में अमेरिका

## 10 हजार अतिरिक्त सैनिक भेजेगा, अप्रैल तक जंग खत्म करना चाहते हैं ट्रंप

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान में घुसकर वहां मौजूद समृद्ध यूरेनियम को कब्जे में लेने की योजना बना रहे हैं। ईरान के पास करीब 400 किलोग्राम संबर्धित यूरेनियम है, जिसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। ट्रंप ने अपने सहयोगियों से कहा है कि ईरान को यह यूरेनियम छोड़ना ही होगा, और अगर बातचीत विफल रहती है तो इसे बलपूर्वक हासिल किया जा सकता है। अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10,000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3,500 से अधिक सैनिक पहले ही तैनात किए जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या मरीन जवानों की है।

इस बीच, ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल कुओं और प्रमुख ऊर्जा ठिकानों को 'पूरी तरह तबाह' कर देगा। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अमेरिका ईरान सरकार के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर युद्धविराम पर सहमति नहीं बनती, तो अमेरिका उन ठिकानों पर भी हमला करेगा जिन्हें अब तक जानबूझकर नहीं छुआ गया है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अमेरिकी प्रस्तावों को 'अत्यधिक अव्यावहारिक' करार दिया है। साथ ही एक बार फिर दोहराया है कि 'ईरान की जमीन अमेरिका के लिए नरक साबित होगी। हम जमीनी लड़ाई का इंतजार कर रहे हैं।'



### ट्रंप की बदलती डेडलाइन

*ट्रंप इससे पहले भी ईरान को कई बार समयसीमा दे चुके हैं।*

- **21 मार्च:** 48 घंटे में होरमुज खोलने की चेतावनी
- **23 मार्च:** हमलों को 5 दिन के लिए टाला
- **26 मार्च:** डेडलाइन बढ़ाकर 6 अप्रैल तक की

### ईरान के सैन्य कमांडर की मौत

ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने पुष्टि की है कि उनके नौसैनिक कमांडर अलीरेजा तंगसीरी की मौत हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने उन्हें 'बहादुर' बताया है। उनका अंतिम संस्कार जल्द किया जाएगा।

- इजरायल ने तेहरान स्थित इमाम हुसैन यूनिवर्सिटी पर हमले का दावा किया है, जहां कथित रूप से ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की गतिविधियां चल रही थीं।
- लेबनान में भी इजरायली हवाई हमले हुए हैं, जिनमें कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं।
- ईरान ने उत्तरी इजरायल पर मिसाइलें दागीं, जिससे एक औद्योगिक इमारत और ईंधन टैंकर प्रभावित हुए।
- यूएई ने दावा किया है कि उसने ईरान के 27 ड्रोन और 11 बैलिस्टिक मिसाइलें हवा में नष्ट कर दीं।

### दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्त

ईरान की महान एयरलाइंस का एक विमान अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने की तैयारी में था। इस विमान का उद्देश्य भारत से दवाइयों और अन्य जरूरी राहत सामग्री लेकर ईरान वापस जाना था। हमले में विमान को नुकसान पहुंचने से यह राहत मिशन प्रभावित हुआ है।

- **खार्ग द्वीप पर भी नजर:** ट्रंप ने ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप को लेकर भी चेतावनी दोहराई। उन्होंने संकेत दिया कि यह अमेरिका के संभावित निशानों में शामिल हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह बयान दबाव बनाने की रणनीति भी हो सकता है।
- **पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन सस्पेंड:** इजराइल ने पत्रकारों के साथ कथित बदसलूकी के मामले में अपनी एक सैन्य बटालियन को सस्पेंड कर दिया है। सेना ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
- **पाकिस्तान की मध्यस्थता एकतरफा:** ईरान ने साफ किया है कि वह पाकिस्तान की तरफ से की जा रही मध्यस्थता की कोशिश का हिस्सा नहीं है। अमेरिका से उसकी कोई बातचीत नहीं चल रही है।

### ईरान ने शुरू किया 'जांफदा' अभियान, नागरिकों से मांगी कुर्बानी

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव के बीच ईरान ने 'जांफदा' नाम से एक बड़ा स्वयंसेवक भर्ती अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत नागरिकों से देश की रक्षा के लिए 'जान कुर्बान' करने तक की अपील की जा रही है। 'जांफदा' अभियान का मुख्य मकसद ईरानी नागरिकों को एकजुट करना और उन्हें देश की सीमाओं की रक्षा के लिए तैयार करना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें स्वयंसेवक लड़ाकों को आत्मघाती मिशनों के लिए भी तैयार किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, 'जांफदा' अभियान ईरान की 'मोजेक डिफेंस' रणनीति का हिस्सा है। इस रणनीति को पूर्व आईआरजीसी कमांडर मोहम्मद अली जाफरी ने विकसित किया था।

**स्पेन ने बंद किया एयरस्पेस:** स्पेन ने अमेरिका के सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी है।

**ब्रिटेन ने बनाई दूरी:** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर एक बार फिर साफ किया है कि 'यह हमारी लड़ाई नहीं है' और यूके इस संघर्ष से दूरी बनाए रखेगा।

**भारत के जहाज सुरक्षित:** फारस की खाड़ी में मौजूद भारत के 18 जहाज और 485 क्रू सदस्य सुरक्षित बताए हैं। भारत ने कहा है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

---

लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' पर चर्चा

# माओवादी विचारधारा की गिरफ्त में थीं इंदिरा गांधी: गृह मंत्री शाह



**नई दिल्ली, जेएनएन।** गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' पर चर्चा के दौरान कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जो लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था को नकारकर हथियार उठाते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी माओवादी विचारधारा की गिरफ्त में थीं। उनके कार्यकाल में नक्सलवाड़ी से शुरू हुआ आंदोलन 12 राज्यों, 17 प्रतिशत भू-भाग 10 प्रतिशत से ज्यादा आबादी में फैल गया। राहुल ने नक्सल समर्थकों के साथ मंच साझा किया था और 'प्रो-हिडमा' नारे का समर्थन किया था। गृह मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल सत्ता में रहने के बावजूद आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंचाई गईं। शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान का हवाला देते हुए कहा कि माओवादी देश की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती रहे हैं।
शाह ने बताया कि 2014 में 126 नक्सल प्रभावित जिले थे, अब केवल 2 बचे हैं। ज्यादा प्रभावित जिले 35 से घटकर शून्य हो गए हैं और पिछले तीन साल में 706 नक्सली मारे गए, 2218 गिरफ्तार हुए और 4839 ने आत्मसमर्पण किया।
शाह ने 'अर्बन नक्सल' समर्थकों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ लोग हिंसा करने वालों के प्रति सहानुभूति रखते हैं, लेकिन आम नागरिकों की सुरक्षा को नजरअंदाज करते हैं। गृह मंत्री के बयान से साफ है कि सरकार नक्सलवाद के खिलाफ सख्त नीति पर कायम है और इसे जड़ से खत्म करने का दावा कर रही है, जबकि इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है।

### हथियार उठाए, तो चुकानी होगी कीमत

गृह मंत्री ने कहा कि जो लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था को नकारकर हथियार उठाते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने दावा किया कि देश अब लगभग नक्सल-मुक्त हो चुका है और 31 मार्च 2026 तक इसे पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था। उन्होंने कहा कि घर, स्कूल, मोबाइल टावर और स्वास्थ्य सेवाएं अब जाकर इन क्षेत्रों तक पहुंची हैं।

### नक्सलवाद के कारण गरीबी

उन्होंने कहा कि आदिवासी इलाकों में गरीबी नक्सलवाद की वजह नहीं, बल्कि नक्सलवाद के कारण ही वर्षों तक गरीबी बनी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि वामपंथी विचारधारा ने भोले-भाले आदिवासियों को गुमराह किया और उन्हें विकास से दूर रखा। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मूल रूप से एक विचारधारा से प्रेरित समस्या है, न कि केवल विकास की कमी का परिणाम।

### राइटविंग आतंकवाद से त्रस्त है देश: महुआ



टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने चर्चा के दौरान कहा कि आज देश राइटविंग आतंकवाद से त्रस्त है। एनर्जी क्राइसिस से निपटने के लिए किसी रोडमैप की कोई बात नहीं हो रही है। आज अचानक नक्सलवाद पर चर्चा शुरू करा दी। महुआ मोइत्रा ने 2011 से 2017 के बीच नक्सलियों के सरेंडर के आंकड़े बताए और कहा कि हमने मिलिट्री पावर यूज नहीं की। हमने वेलफेयर पर जोर देकर पश्चिम बंगाल को नक्सल मुक्त बनाया।

---

## ऑफ बीट

### ऑस्ट्रेलिया में समुद्र किनारे लाल आसमान



*ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में एक अनोखा प्राकृतिक दृश्य देखने को मिला, जब दिन के उजाले में आसमान, सड़कें और समुद्र का किनारा लाल रंग में रंगा नजर आया। इस असामान्य घटना ने स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया और कई लोगों को यह किसी बड़े प्राकृतिक खतरे का संकेत लगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस घटना के पीछे साइक्लोन (चक्रवात) 'नोएल' जिम्मेदार है। तेज हवाओं के कारण बड़ी मात्रा में लाल मिट्टी हवा में उड़ गई और वातावरण में फैल गई। जब सूर्य की रोशनी इस धूल से टकराई, तो पूरे इलाके में लाल रंग का प्रभाव दिखाई देने लगा। ऑस्ट्रेलिया के कई हिस्सों की जमीन में आयरन (लोहा) की मात्रा अधिक होती है। इसी वजह से वहां की मिट्टी का रंग पहले से ही गहरा लाल होता है। जब यह मिट्टी हवा में उड़ती है, तो वह पूरे वातावरण को लाल रंग में बदल देती है।*

### आईपीएल में आज

**पंजाब बनाम गुजरात**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**

**परिणाम: राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से हराया।**

### एलईटी से जुड़ा शब्बीर लोन दिल्ली में गिरफ्तार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहा था। पुलिस के अनुसार, लोन दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में युवाओं की भर्ती कर आतंकी मॉड्यूल तैयार करने की योजना बना रहा था। यह नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा था। शब्बीर अहमद लोन को 2007 में भी आतंकवाद के आरोप में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 2019 में जमानत के बाद वह बांग्लादेश फरार हो गया था।

---

डॉलर के मुकाबले 9.88 फीसदी गिरी भारतीय मुद्रा

# रुपया 95 के पार, पिछले 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई, जेएनएन।** ईरान युद्ध के बीच भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक रूप से कमजोर हो गया है। भारतीय मुद्रा वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 फीसदी कमजोर हो गया है, जो पिछले 14 साल में सबसे बड़ी सालाना गिरावट है। इससे पहले 2011-12 में रुपया 12.4 फीसदी गिरा था। सोमवार को कारोबार के दौरान रुपया पहली बार 95 रुपए के पार पहुंचते हुए 95.22 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर गया। हालांकि, दिन के अंत में इसमें थोड़ी रिकवरी देखने को मिली और रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर 94.85 की तुलना में 7 पैसे की मामूली मजबूती दर्शाता है, लेकिन कुल मिलाकर स्थिति कमजोर बनी हुई है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस गिरावट की मुख्य वजह कच्चे तेल की कीमतों में उछाल है। ईरान-इजराइल तनाव के कारण ब्रेंट क्रूड 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। भारत अपनी जरूरत का करीब 85 फीसदी तेल आयात करता है, जिसके लिए डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। तेल महंगा होने से डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपया कमजोर होता है। मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से करीब 1.15 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। युद्ध और वैश्विक अनिश्चितता के कारण निवेशक सुरक्षित विकल्पों जैसे अमेरिकी बॉन्ड्स की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा है। वित्त वर्ष की शुरुआत में अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए शुल्कों से डॉलर की मांग बढ़ी, जिससे रुपये पर दबाव आया। इसके बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने तेल की कीमतों को और ऊपर पहुंचा दिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

### आम लोगों पर असर

- मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान महंगे होंगे
- सोना-चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी होगी
- पेट्रोल-डीजल महंगे हो सकते हैं
- विदेश यात्रा और पढ़ाई का खर्च बढ़ेगा

### कितना गिरा रुपया

- एक महीने में करीब 4 फीसदी की गिरावट
- पूरे वित्त वर्ष में 10 फीसदी से ज्यादा कमजोरी



**होर्मुज संकट का असर**

'हॉर्मुज स्ट्रेट' से दुनिया का लगभग 20 फीसदी और भारत का करीब आधा तेल गुजरता है। इस क्षेत्र में तनाव के कारण सप्लाई बाधित होने की आशंका बनी हुई है। जब तक यहां स्थिति सामान्य नहीं होती, रुपये में अस्थिरता जारी रह सकती है।

---

दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन का आगाज, मुख्यमंत्री बोले-

# राजनीति में मर्यादा और अनुशासन जरूरी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र किसी पश्चिम मॉडल की नकल नहीं, बल्कि इसका अपना इतिहास है। हमारी सभ्यता, परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के बल पर हमारा लोकतंत्र विकसित हुआ है। लोकतंत्र केवल शासन चलाने की व्यवस्था नहीं, बल्कि समाज के मूल्यों और नागरिकों को सक्रिय भागीदारी से जुड़ी एक प्रणाली है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि राजनीति में मर्यादा और अनुशासन बहुत जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने यह बातें विधानसभा परिसर में युवा विधायकों के सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और सत्ता से जुड़े लोगों को टाइम मैनेजमेंट करना होगा। उनके लिए अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के साथ-साथ परिवार को समय देना और उन्हें अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है, क्योंकि अच्छे संस्कारों के अभाव में अगली पीढ़ी द्वारा यश प्रभावित करने की संभावना बनी रहती है। राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पश्चिम से हुई थी, पूर्णतः सत्य नहीं है।

### नेतृत्व विकसित करने का माध्यम रहे हैं छात्र संघ चुनाव

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि नेतृत्व किसी पद से नहीं आता, बल्कि इसकी शुरुआत कॉलेज से होती है। हमारे यहां छात्र संघ चुनाव बंद हो गए, जबकि यही छात्र संघ चुनाव युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम रहे हैं। कॉलेज के समय युवाओं में सिस्टम से लड़ने की ऊर्जा होती है, वहीं से सोच और बदलाव की शुरुआत होती है।

---

जनगणना का पहला चरण कल से

### 33 सवाल तय; लिव-इन कपल को शादीशुदा दर्जा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में जनगणना-2026 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगा। इस चरण में 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें एक अहम बदलाव यह है कि स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा की श्रेणी में शामिल किया जाएगा, बशर्ते वे अपने रिश्ते को दीर्घकालिक मानें। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है, जिसका उद्देश्य देश के घरों, उनकी स्थिति और बुनियादी सुविधाओं का डेटा जुटाना है। इसके आधार पर सरकार भविष्य की योजनाएं तैयार करेगी। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। लोगों को एक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए खुद अपनी जानकारी भरने का विकल्प भी दिया गया है।

---

### इटली के म्यूजियम से 3 मिनट में 3 पेंटिंग चोरी

**वेनिस, जेएनएन।** इटली के उत्तरी हिस्से में पार्मा शहर के पास एक म्यूजियम से सिर्फ 3 मिनट में लाखों डॉलर की कीमत वाली तीन पेंटिंग चोरी हो गईं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह चोरी 22 और 23 मार्च की रात मैग्नानी रोका फाउंडेशन नाम के एक निजी म्यूजियम में हुई। चोरी हुई पेंटिंग्स में ऑगस्ट रेनुआर की 'फिश', पॉल सेजान की 'स्टिल लाइफ विद चेरीज' और हेनरी मातीस की 'ओडालिस्क ऑन द टेरेस' शामिल हैं। चोरों ने तीन मिनट से भी कम समय में पेंटिंग्स उठाईं और म्यूजियम के गार्डन के रास्ते भाग निकले। इसकी कीमत 10 मिलियन डॉलर बताई जा रही है।

**95 करोड़ थी कुल कीमत**

# उज्जैन में 11 वर्षीय नाबालिग से गैंगरेप

## 5 आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिगों ने किया दुष्कर्म, बुजुर्ग ने दिया था कमरा

**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश के उज्जैन जिले से एक नाबालिग के साथ दो नाबालिगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। वारदात झारड़ा थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो नाबालिग आरोपियों को बाल संप्रेषण गृह भेज दिया है।

75 साल के बुजुर्ग ने नाबालिगों को अपने घर में जगह दी। पीड़िता के मुताबिक गांव के ही दो नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भंवर (75 वर्ष) के घर ले गए थे। वारदात के दौरान भंवर अपने साथी नाथू स्वरूप (57 वर्ष) के साथ बाहर निगरानी करता रहा। जबकि गांव के ही एक अन्य युवक राहुल ने घटना का वीडियो बना लिया। पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी तब घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने बुजुर्ग, अधेड़ समेत पांचों के खिलाफ रेप, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज किया है।



### ब्लैकमेल कर दूसरे दिन फिर रेप

पीड़िता चौथी कक्षा की छात्रा है। नाबालिग आरोपी छात्र उसे भंवर के घर ले गए। भंवर कमरे से बाहर गए और कमरा बंद कर दिया, इसके बाद नाबालिगों ने वारदात की। अगले दिन घटना के वीडियो का डर दिखाकर और पीड़िता को जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ पढ़ने वाले आरोपी ने दूसरी बार दुष्कर्म किया।

> पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वयस्क आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।
> • **प्रदीप शर्मा**, एसपी

---

कार्डियो मेडिथॉन

कम उम्र में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले, डॉक्टरों ने दी चेतावनी

# जेन-जी और अल्फा भी हार्ट अटैक जोखिम के दायरे में

***नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में हार्ट अटैक अब केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं रह गया है। पिछले कुछ वर्षों में युवाओं खासतौर पर 20 से 40 साल की उम्र के लोगों में दिल से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़े हैं। 'कार्डियो मेडिथॉन 2026' में देश के प्रमुख कार्डियोलॉजिस्ट्स ने इस चिंताजनक ट्रेंड पर विस्तार से चर्चा की और इसके पीछे के कारणों को समझाया। विशेषज्ञों के मुताबिक, आज की जीवनशैली इस समस्या की सबसे बड़ी वजह बन गई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि अब किशोर और युवा (जेन जी और जेन अल्फा) भी दिल की बीमारियों के खतरे में हैं। बढ़ते स्क्रीन टाइम, शारीरिक गतिविधि की कमी, खराब खानपान और डिजिटल तनाव के कारण जेन जी और अल्फा की दिल की सेहत पर असर पड़ रहा है।*



### इन वजहों से बढ़ रहे हैं युवाओं में हार्ट अटैक

- लंबे समय तक बैठकर काम करना
- अत्यधिक तनाव और मानसिक दबाव
- अनियमित नींद
- जंक फूड और प्रोसेस्ड डाइट
- धूम्रपान और शराब का सेवन

### रोकथाम ही सबसे बड़ा इलाज

डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया है कि हार्ट डिजीज से बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है। डॉ. अनिल धाल और अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी 'साइलेंट बीमारियां' अक्सर बिना लक्षण के शरीर को नुकसान पहुंचाती रहती हैं। अगर लोग नियमित जांच, संतुलित आहार और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो बड़ी हद तक हार्ट अटैक से बचा जा सकता है।

### हार्ट अटैक के बाद असली चुनौती

विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि हार्ट अटैक से बच जाना ही अंतिम समाधान नहीं है। इसके बाद एक लंबी रिकवरी प्रक्रिया शुरू होती है। भारत में अक्सर पोस्ट-ट्रीटमेंट केयर पर कम ध्यान दिया जाता है, जो एक बड़ी समस्या है।

- जीवनशैली में बदलाव
- नियमित दवाइयां
- मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान
- लगातार डॉक्टर की निगरानी

### महिलाओं में अलग होते हैं लक्षण

महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग हो सकते हैं। अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पाता। यही कारण है कि महिलाओं में हार्ट अटैक के मामलों की पहचान देर से होती है।

- अत्यधिक थकान
- सांस फूलना
- हल्का दर्द या असहजता
- समय पर इलाज की कमी
- देर से पहचान

### भारत में क्यों ज्यादा गंभीर है स्थिति?

भारत में समस्या इसलिए और गंभीर है क्योंकि यहां जागरूकता की कमी है। साथ ही इलाज में देरी, महंगा स्वास्थ्य खर्च और छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी इसे अधिक गंभीर बनाते हैं। इन वजहों से कई मामलों में बीमारी का पता तब चलता है जब स्थिति गंभीर हो चुकी होती है।

### क्या है समाधान?

- **जागरूकता बढ़ाना:** लोगों को शुरुआती लक्षण पहचानने चाहिए
- **लाइफस्टाइल सुधारना:** नियमित व्यायाम, संतुलित आहार
- **समय पर जांच:** ब्लड प्रेशर, शुगर, कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच

---

### कुकू टीवी के ब्रांड एंबेसडर बने 'कैप्टन कूल' धोनी



**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एआई-आधारित स्टोरीटेलिंग प्लेटफॉर्म कुकू में निवेश किया है। इसके साथ ही वे इसके शॉर्ट-फॉर्म वीडियो और ड्रामा ऐप कुकू टीवी के ब्रांड एंबेसडर भी बन गए हैं। धोनी ने कहा कि कुकू का कंटेंट और तकनीक इसे अन्य प्लेटफॉर्म्स से अलग बनाती है। उनका मानना है कि यह प्लेटफॉर्म भारत के साथ-साथ वैश्विक दर्शकों के लिए भी एक नया एंटरटेनमेंट अनुभव तैयार कर रहा है। धोनी ने निवेश के फैसले पर कहा, 'कुकू के फाउंडर्स भी मेरी तरह छोटे शहरों से आते हैं और उन्होंने अपने दम पर इतना बड़ा प्लेटफॉर्म खड़ा किया है। इससे मैं खुद को उनसे जुड़ा हुआ महसूस करता हूं।' उन्होंने प्लेटफॉर्म की तेज ग्रोथ और मल्टी-लैंग्वेज कंटेंट रणनीति की भी सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा विभाग के दैवेभो कर्मचारी होंगे नियमित

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** शिक्षा विभाग में 10 साल की सेवा कर चुके स्थाईकर्मी व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अब नियमित किया जा रहा है। इसके लिए लोक शिक्षण संचनालय भोपाल ने प्रदेशभर के जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर अतिशीघ्र जानकारी मंगाई है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने 16 मई 2007 को आदेश जारी करके प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश समस्त विभागों को दिए थे। उक्त आदेश के परिपालन में ही अब शिक्षा विभाग अपने विभाग में कार्यरत स्थाईकर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की कार्यवाही कर रहा है। कार्यवाही से हजारों दैवेभो को नियमित कारण का लाभ होगा।

### कोच फैक्ट्री में राजभाषा समिति की बैठक हुई

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा, भोपाल में सोमवार को कारखाना राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 87वीं तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े द्वारा की गई। बैठक में राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग-प्रसार तथा सरकारी कामकाज में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। कोहाड़े ने कहा कि कारखाना में राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी के माध्यम से सरकारी कार्य आमजन की भाषा में संपादित किए जा सकते हैं।

### ट्रांसजेंडरों के विकास के लिए हो रहे कार्य: मंत्री

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की सोमवार को बैठक हुई, जिसमें उभयलिंगी समुदाय के अधिकारों की रक्षा एवं उनके समग्र विकास को लेकर चर्चा हुई। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि इस समुदाय के विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बैठक में प्रदेश में ट्रांसजेंडर वर्ग के कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# संघ ने मंत्रियों से कहा- आपके आचरण से पार्टी की छवि खराब न हो

## अटल बिहारी सुशासन स्कूल में पांच घंटे चली संघ-भाजपा संगठन की समन्वय बैठक, मंत्रियों की नाराजगी को लेकर हुई चर्चा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के सुशासन भवन में सोमवार को संघ की मौजूदगी में सरकार और संगठन की समन्वय बैठक हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक में पिछले कुछ महीनों से कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की नाराजगी को लेकर चर्चा हुई है और उन्हें सरकार के साथ काम करने की समझाइश दी गई है।

इसके अलावा बैठक में सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों पर भी मंथन किया गया है। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन स्कूल में अचानक बुलाई गई राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की समन्वय बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में संघ के वरिष्ठ नेता सुरेश सोनी, दीपक विस्तपुते, स्वप्निल कुलकर्णी के अलावा प्रांत प्रचारक स्तर के पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद है, जिससे इस बैठक की अहमियत बढ़ गई है। तकरीबन पांच घंटे




चली बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल की नाराजगी पर भी चर्चा की गई है। बताया गया है कि दोनों नेताओं से कहा गया है कि उनके किसी भी तरह के कार्यों से सरकार और पार्टी को नुकसान नहीं होना चाहिए। बताया गया है कि दोनों मंत्रियों ने संघ पदाधिकारियों के सामने अपनी बातें रखी है। इसके बाद उनकी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भी चर्चा हुई है।

### दिल्ली से जारी किए गए थे समन्वय बनाने के निर्देश

सूत्रों का कहना है कि अचानक बुलाई गई बैठक दिल्ली के निर्देश पर की गई है। पिछले कुछ दिनों से मंत्रियों द्वारा केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष अपनी बातें रखी गई है,तो उनके द्वारा कैबिनेट की बैठक में अनुपस्थिति व अन्य कार्यक्रमों से दूरी बनाने की खबर भी दिल्ली पहुंची है। ऐसे में संघ और भाजपा संगठन ने इस पूरे मामले का पटाक्षेप करने के लिए संघ और संगठन की समन्यय बैठक भोपाल में बुलाने के निर्देश दिए गए थे। जिसमें कहा गया था कि यह मामला जल्द से जल्द निपटा लिया जाए।

### संगठन मंत्रियों पर भी चर्चा

बताया गया है कि इस बैठक में भाजपा के संभागीय संगठन मंत्रियों की नियुक्ति फिर से करने को लेकर भी चर्चा हुई है। बैठक में बताया गया है कि संघ के जिन पूर्णकालिकों को पहले इन पदों पर रखा गया था,वे अपने भाजपा की मूलधारा में रहकर दायित्व निभा रहे है,तो कुछ निगम मंडलों के पद मांग रहे है। ऐसे में इन पदों के लिए ऐसे पूर्णकालिकों की जरूरत है, जो संभागीय संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ कर सकें।

### राज्यसभा को लेकर भी मंथन

बैठक में राज्यसभा चुनाव को लेकर भी मंथन होने की खबर है। जानकारों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व चाहती है कि मध्यप्रदेश की खाली हो रही राज्यसभा की तीनों सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को मैदान पर उतारा जाए। ये तीनों उम्मीदवार मध्यप्रदेश से ही हो। बैठक में कांग्रेस के खाते वाली सीट भाजपा को कैसे मिले,इस पर भी चर्चा की गई है। तीसरी सीट पर पार्टी किसी ऐसे नेता को उम्मीदवार बना सकती है,जो शीर्ष नेतृत्व के करीबी है।

### मंत्रिमंडल विस्तार पर भी हुई चर्चा

सूत्रों की मानें तो बैठक में प्रदेश मंत्रिमण्डल के विस्तार और फेरबदल को लेकर भी मंथन किया गया है। दरअसल केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा संभावित फेरबदल को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पहले ही हरी झंडी दे दी गई है, लेकिन प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मंत्रिमण्डल विस्तार और फेरबदल को लेकर निर्णय नहीं हो पा रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि जब भी फेरबदल होगा,तो प्रदेश सरकार के कुछ बड़े नेता दिल्ली जा सकते है। इनमें कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल के नाम की भी चर्चा की जा रही है। कहा जा रहा है कि इन दोनों नेताओं को भाजपा की राष्ट्रीय टीम में अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।

# नवाचार कर स्टार्टअप को मजबूत बना रही है सरकार: मुख्यमंत्री

## सिंगल क्लिक से एमएसएमई इकाइयों के खातों में पहुंचाई राशि

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार राज्य में व्यापारिक और नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर नवाचार कर रही है। नए उद्योग लगाने के लिए सरकार ने जहां कई तरह की छूट दी है, तो वहीं पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता लाकर उद्यमियों के रास्ते आसान किए हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने निवास पर स्टार्टअप और नए उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सीएम ने सिंगल क्लिक के माध्यम से स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। इसके अलावा 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि भी डाली गई। इस मौके पर सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। डॉ. यादव ने कहा कि विभाग द्वारा बढ़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे




अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है।

### सीएम ने लिया जैन संतों का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर संभव सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. यादव ने भोपाल के दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज द्वारा संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का इतवारा पहुंचकर स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मुनिश्री संभव सागर महाराज सहित अन्य मुनिगण को श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया।

### एमपीपीएससी के विशेषज्ञों ने दिया परीक्षाओं का फीड़बैक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र रचना एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता उन्नयन विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय दिवस को प्रथम तकनीकी सत्र विमर्श आयोग सदस्य नरेन्द्र कुमार कोष्टी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें वाणिज्य एवं प्रबंधन, वन, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद, प्राणिकी, होम्योपैथी, उद्यमिता, मनोविज्ञान, पशुचिकित्सा तथा क्रीड़ा विषयों पर केंद्रित विमर्श संबंधित विषयों के विशेषज्ञों द्वारा किया गया और विमर्श प्रक्रिया में प्रश्नपत्रों के त्रुटिहीन निर्माण के लिए आवश्यक सावधानियों के संबंध में अपने अनुभवों के आधार पर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई।

यह सत्र डॉ. अजय परमार के विशेष उद्बोधन और सदस्य नरेन्द्र कुमार कोष्टी के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ सम्पन्न हुआ। तकनीकी सत्र के बाद आयोग के उप परीक्षा नियंत्रक गजेन्द्र उज्जैनकर के नेतृत्व में खुला सत्र आयोजित किया गया। इसमें कार्यशाला में सम्मिलित सहभागियों द्वारा अपने विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान की गई। इसी सत्र में नामांकित प्रतिभागी विषय विशेषज्ञों द्वारा कार्यक्रम के संदर्भ में अपना फीड़बेक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का अंतिम सत्र कार्यक्रम के समापन एवं सम्मान समारोह का था, जिसमें मुख्य अतिथि आयोग के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों द्वारा विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों का सम्मान किया गया।

# युद्ध के चलते प्रदेश में खाद्यान्न भंडारण पर सरकार की नजर

## कैबिनेट समिति ने की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** वैश्विक हालातों को लेकर प्रदेश सरकार चौकन्नी हो गई है। मध्य क्षेत्र पूर्व में चल रहे युद्ध को ध्यान में रखते हुए सरकार ने खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था की तैयारी भी शुरू कर दी है। सोमवार को इस मामले में कैबिनेट समिति की उच्च स्तरीय बैठक में जिलों के अधिकारियों से फीडबैक लिया गया। एक माह से ज्यादा समय से मध्य पूर्व में छिड़े युद्ध के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर सरकार ने अपनी तैयारी प्रारम्भ कर दी है। सोमवार को कैबिनेट समिति ने खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की। बैठक में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी को लेकर भी चर्चा की गई समिति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से गेहूं खरीदी प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने अधिकारियों से कहा कि वे इस बात का ध्यान दें कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो।

### गेहूं खरीदी का कार्य 10 अप्रैल से होगा शुरू

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूं की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें खरीदी केंद्रों की स्थापना, भंडारण क्षमता, परिवहन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि समय पर और व्यवस्थित गेहूँ खरीदी से न केवल किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि खाद्यान्न प्रबंधन भी सुदृढ़ होगा। बदलते वैश्विक हालातों के बीच यह कदम राज्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खाद्य, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री लखन पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूल चलें हम अभियान... असफल छात्रों को पढ़ाई जारी रखने दी जाएगी समझाइश

## प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र के दौरान कॉलेजों में प्रवेश बढ़ाने का प्रयास

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे स्कूल चलें हम अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में प्रदेश में एक से चार अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। इस दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान के तहत चार अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को उक्त बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। समिति के सदस्य अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन की कोशिश करेंगे और वार्षिक कार्य-योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे। स्कूल चलें हम अभियान का राच्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है। प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित स्कूलों में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। छात्र-छात्राओं को निश्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा।

### सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियां

स्कूल चलें हम अभियान के तहत तीन अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जोड़ना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राच्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।




### महंगाई को लेकर कांग्रेस ने बजाई बीन,सरकार पर सोने का आरोप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** महंगाई, गैस की किल्लत और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं ने बीन बजाकर अपना विरोध जताया। जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से बिजली की कीमतें बढ़ जाने से उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ेगी। जिला शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि जनता की इस समस्या को लेकर सरकार सोई हुई है। इसलिए हमने बीन बजाकर सरकार को जगाने का काम किया है। प्रदर्शन को दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगाई की स्थिति को उजागर करने के लिए कट-आउट और महंगाई की प्रदर्शनी के माध्यम से जनता की परेशानियों को प्रदर्शित किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा इस अवसर पर अरुण श्रीवास्तव, अभिषेक शर्मा, राजकुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव बरोलिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ओबीसी आरक्षण, दो मामले सुप्रीम कोर्ट ने किए रिकॉल

**जागरण, जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण से जुड़े मामलों में विगत 19 फरवरी को अंतिम आदेश पारित कर मामले मप्र हाईकोर्ट भेज दिए थे और कहा था कि तीन माह के भीतर इनका अंतिम निराकरण किया जाए। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में एक आवेदन पेश कर उक्त आदेश में संशोधन की मांग की गई। सुप्रीम कोर्ट ने दो प्रकरणों को ट्रांसफर नहीं किए हैं। इनकी सुनवाई शीर्ष अदालत में ही होगी। वहीं शेष 52 प्रकरण मप्र हाईकोर्ट भेज दिए गए हैं। विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं बिनायक प्रसाद शाह ने बताया कि मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण के बिचाराधीन सभी प्रकरणों को मप्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कराए गए थे। ये मामले दो अलग-अलग बैंचों में लंबित थे। लगभग एक दर्जन मामले जस्टिस नरसिम्हा एवं जस्टिस आलोक आराधे के समक्ष नियत थे। इनमें ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर द्वारा नियमित सुनवाई हेतु आवेदन दाखिल किए थे। सुकों ने 19 फरवरी को अंतिम आदेश पारित कर इन प्रकरणों को हाईकोर्ट भेज दिए थे। इसके बाद दीपक पटेल की ओर से एक रिव्यू याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित आदेश के तहत 52 प्रकरण मप्र हाईकोर्ट वापस भेज दिए।

## आयोजन

**विधानसभा परिसर में शुरू हुआ दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन, तीन राज्यों के जनप्रतिनिधि हुए शामिल**

# विजन 2047 कैसे हो साकार... युवा विधायकों ने दी राय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा परिसर में सोमवार से शुरू हुए दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन में तीन राज्यों के जनप्रतिनिधि प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सम्मेलन में तीन राज्यों के 55 युवा विधायकों ने आत्मनिर्भर भारत 2047 कैसे साकार हो, इस पर अपनी राय दी। सम्मेलन के दौरान सभापति की भूमिका में रहे जबलपुर विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें दूसरे राज्यों के जनप्रतिनिधियों के विजन का भी पता चलता है। विजन 2047 को लेकर विधायकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। किस तरह से डवलपमेंट किया जाना है। कैसे आम नागरिक की इनकम बढ़ सके। इस सभी विषयों पर युवा विधायकों द्वारा जो राय रखी गई है, वह मील का पत्थर साबित होगी। पांडेय ने



कहा कि जब तक समाज के हर क्षेत्र का समग्र विकास नहीं होगा,तब तक विकसित भारत की बात करना बेनामी होगा। इस तरह के सम्मेलनों की पहल कारगर साबित होगी और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेंगे।

**टिमरनी विधायक अभिजीत शाह** ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए क्योंकि मध्य प्रदेश के विधायकों की आवाज मध्य छत्तीसगढ़ तक पहुंचे और छत्तीसगढ़ के विधायकों की आवाज मध्य प्रदेश तक पहुंचे यह एक अच्छा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में छात्र संघ के चुनाव कराए जाने का विषय उठा है और वे भी मानते हैं कि छात्र संघ के चुनाव होने चाहिए क्योंकि संघ से युवा विधायक निकालकर आते हैं।

**राजस्थान के विधायक गुरवीर सिंह** ने कहा कि विकसित भारत के लिए यह जरूरी है कि आज का युवा नशे से दूर रहे। उन्होंने स्वयं अपने राज्य में इसके लिए मुहिम चलाई है। उनके द्वारा गुरुद्वारा में शपथ ली गई है कि वे कभी भी किसी भी नशे से जुड़े मामले में कभी भी किसी भी स्तर पर सिफारिश नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सम्मेलन में आए दूसरे विधायकों से भी यही अपेक्षा करेंगे कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशे के खिलाफ आवाज उठाए।

**छत्तीसगढ़ की विधायक भावना बोहरा** का कहना है कि इस तरह के सम्मलेन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। संसदीय कार्यप्रणाली क्या होगी, कैसे अच्छा जनप्रतिनिधि बना जाए, यह सारी बातें हमें सम्मेलन के जरिए सीखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से इस स्तर तक पहुंची हैं, ऐसे में वे भी चाहेगी कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में छात्रसंघ चुनाव होने चाहिए, लेकिन युवाओं को अपने अधिकार के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के बारे में भी सजग होना चाहिए।

### लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण: तोमर

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र किसी एक व्यक्ति, समुदाय या क्षेत्र की व्यवस्था नहीं, बल्कि नागरिकों की स्वतंत्रता, न्याय, समानता और बंधुता पर आधारित एक व्यापक व्यवस्था है। भारत का लोकतंत्र नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत होता है। युवा विधायक लोकतंत्र में नागरिकों और शासन के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा ने भी लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। पहली बार निर्वाचित विधायकों की शून्यकाल सूचनाओं को प्राथमिकता देने तथा प्रश्नकाल से जुड़े उत्तरों की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने जैसे कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाए गए हैं। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रजातंत्र जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन है। ऐसे में लोकतंत्र के सशक्त होने के लिए जनप्रतिनिधि का सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सस्ती लोकप्रियता के लिए की गई गतिविधियां दीर्घकालिक दृष्टि से लाभकारी नहीं होती हैं। सम्मेलन को राजस्थान विधानसभा के अध्यङ वासुदेव देवनानी ने भी संबोधित किया।

### डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश के देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे सद्प्रयासों को अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह उपलब्धि सुशासन, पारदर्शिता, जनहितैषी और नागरिक-केंद्रित नीतियों के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन के मानकों के अनुसार यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने 1,752 ई-सेवाओं के साथ डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल होकर पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है कि प्रदेश में 59 अनिवार्य सेवाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है।

**राजधानी का तापमान/मौसम**

अधिकतम 36.2°c न्यूनतम 22.2°c

राजधानी में आज तापमान बढ़ने की संभावना है। बादल भी छाए रहेंगे

## नगर में आज

### युवा विधायक सम्मेलन

- **स्थान:** विधान सभा
- **समय:** सुबह 10 बजे से

### नाट्य महोत्सव

- **नाटक :** गज फुट इंच
- **स्थान:** दुष्यन्त संग्रहालय
- **समय:** शाम 7 बजे से

### कार्यशाला

- **स्थान:** आरुषि इंडिया, शिवाजी नगर
- **समय:** शाम 4:30 बजे से

# बेखौफ बदमाश, लाचार सिस्टम... मामूली बात पर अशोका गार्डन में युवक की चाकू घोंप कर हत्या

## राजधानी में गुंडे-बदमाशों का आतंक जारी, गैंगवार, गोलीकांड के बाद चाकूबाजी, दुकानें बंद, छावनी में तब्दील रहा इलाका

### परिजनों और हिंदू संगठनों ने किया थाने का घेराव, दिनभर चला हंगामा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में इन दिनों गुंडे-बदमाशों का आतंक चरम पर है। बदमाशों द्वारा एक के बाद एक संगीन वारदात को अंजाम दिया रहा है और पुलिस अधिकारी मौन हैं। केवल अशोका गार्डन थाना इलाके में ही 15 दिन के अंदर गैंगवार, घर और सरेराह गोलीकांड के बाद अब चाकूबाजी की तीसरी बड़ी घटना सामने आई है। जरा सी बात पर बदमाशों ने चाकू घोंप कर कारोबारी की निर्मम हत्या कर दी। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि उसने एक बदमाश को 'बेटा' कहा था, जिससे बदमाश भड़क उठा और चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

लोगों में दहशत का माहौल है। घटना से गुस्साए परिजनों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया। पीएम के दौरान हमीदिया अस्पताल में भी हंगामा हुआ। सुबह सात बजे से हंगामा शुरू हुआ जो दिनभर चला। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान इलाके की अधिकांश दुकानें बंद रहीं। शाम पांच बजे पुलिस की कड़ी व्यवस्था के बीच शव का अंतिम संस्कार सुभाष विश्राम घाट में हुआ। इसके बाद परिजन शांत हुए। थाना प्रभारी लॉ एंड आर्डर नहीं संभाल पा रहे हैं, लेकिन आला अफसरों के हाथ बंधे हैं। वह किसी और को थाने की बागडोर नहीं दे पा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 35 वर्षीय विजय मेवाड़ा सुभाष कालोनी अशोका गार्डन में रहता था। वह चाय का कारोबार करता था। उसकी कोलार व अशोका गार्डन में दो चाय की दुकानें हैं। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे विजय होटल बंद कर कर्मचारियों को छोड़ने प्रगति नगर गया था। जहां रास्ते में आसिम उर्फ बम अपने साथियों आरिस, इरफान और कालू के साथ बैठा था। विजय के कर्मचारी इन लोगों के पुराने दोस्त हैं। आरोपियों ने कर्मचारियों को रोका और अपने साथ चलने को कहा। लेकिन उन्होंने सुबह जल्दी काम होने का हवाला देकर मना कर दिया। इस पर आरोपियों ने उनसे गाली-गलौच और अभद्रता शुरू कर दी। विजय ने इसका विरोध किया। उसने आसिफ को 'बेटा' कहकर समझाने की कोशिश की।





### पुलिस ने इलाके में बैरीकेडिंग कर आवाजाही रोकी

सुरक्षा के लिहाज से सुभाष कालोनी से मस्जिद तक बैरीकेड्स लगा दिए गए। कानून व्यवस्था बिगड़ने के डर से लोगों की आवाजाही कर रोक लगा दी गई। नाम, पता और काम पूछकर लोगों को इलाके से जाने दिया। प्रदर्शन कारियों की मांग थी कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उनके घर पर बुलडोजर चले। उनके खिलाफ रासुका का कार्रवाई हो। पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले। पुलिस के अधिकारी प्रदर्शनकारियों से बात कर उन्हें समझाइश देते रहे। दोपहर सवा तीन बजे प्रदर्शनकारी शांत हुए। परिजन शव लेकर रवाना हुए।

### सैंकड़ों लोगों ने किया चक्काजाम

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। सुबह सात बजे से अशोका गार्डन इलाके में परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिया। हिंदू संगठन भी प्रदर्शन में शामिल हो गए। सैंकड़ों लोगों ने सुभाष कालोनी और थाने के बाहर घेराव कर दिया। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। तीन एसीपी, आधा दर्जन निरीक्षक समेत 200 पुलिसकर्मी इलाके में तैनात कर दिए गए। इससे वाहन की लंबी कतरा लग गई। जाम की स्थिति बनी।

### पुलिस अधिकारी मौन लोगों में दहशत

मामले में पुलिस ने आसिफ उर्फ बम, इमरान, फरमान उर्फ आरिस के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इमरान और आरिस को राउंडअप कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी आसिफ बम फरार है। आसिफ जहांगीराबाद इलाके का बदमाश है। उसके खिलाफ 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

### पोस्ट मार्टम के दौरान हंगामा

इस बीच हमीदिया अस्पताल में पोस्ट मार्टम के दौरान परिजनों ने हंगामा किया। यहां भी भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। लोगों में घटना के प्रति आक्रोश था। कानून व्यवस्था की इस तरह धज्जियां उड़ते देख आला अधिकारी भी गुस्से में थे। एक-एक घटना पर वह नजर रख रहे थे, लेकिन उनके द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इलाके में दहशत का माहौल है। एक के बाद एक घटना के बाद लोग डरे हुए हैं।

### अनदेखी: चार महीने से डीसीपी विहीन जोन-वन

राजधानी का जोन-वन चार महीने से डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) विहीन है। चार माह से कोई अधिकारी नहीं मिला, जिसकी पोस्टिंग जोन-वन में की जा सके। जबकि जोन-वन संवेदनशील है, यहां अपराधों की खासी संख्या सामने आती है। नवंबर 2025 में आईपीएस आशुतोष गुप्ता को रायसेन एसपी बनाया गया था। इसके बाद से डीसीपी जोन-वन का पद खाली पड़ा है।

### 15 दिन के अंदर शहर की प्रमुख वारदातें

- अशोका गार्डन में 14 मार्च की रात हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर, बेटे पर गोली चली। इसी मामले में सुबह हमीदिया अस्पताल में लल्लू को गोली मारी गई थी। शादाब कुरैशी उर्फ शादाब गेट और उसके गुर्गों ने वारदात की थी।
- कोलार रोड थाने में 25 मार्च की शाम चुनरी यात्रा के दौरान चाकूबाजी हुई। इसके बाद गोली चली। इसे बदमाश राज ठाकुरिया उर्फ अक्षय ने अंजाम दिया था।
- ऐशबाग थाने में 26 मार्च की रात कम्मू का बाग में गुंडा दानिश अंडा और उसकी पत्नी रिमसा ने फरार बदमाश गुर्राज के घर जाकर ताबड़तोड़ गोली चलाईं। दोनों अब भी फरार हैं।
- अशोका गार्डन 29-30 मार्च की दरम्यानी रात प्रगति नगर में बदमाश आसिफ बम और उसके साथियों ने चाकू घोंपकर कारोबारी विजय मेवाड़ा की हत्या कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### फीस के लिए प्रस्ताव जमा करने का आज अंतिम दिन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** फीस विनियामक समिति को आगामी तीन शैक्षणिक सत्र 2026-27, 2027-28 और 2028-29 की इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, आर्किटेक्चर, होटल मैनेजमेंट, नर्सिंग, विधि, बीएड और मेडिकल कालेजों की फीस निर्धारित करना है। प्रदेश में संचालित होने वाले करीब 1200 कॉलेजों को फीस निर्धारित करने के लिए अपने प्रस्तव तैयार कराकर मंगलवार तक जमा करना है, लेकिन काफी कालेजों ने अपने प्रस्ताव जमा नहीं किए हैं। इसका खास कारण कालेजों की आडिट रिपोर्ट तैयार नहीं होना है। क्योंकि चार्टड एकाउंटेंट कालेजों की बैलेंस शीट नहीं बना पा रहे हैं। मार्च वित्तीय वर्ष का क्लोजिंग ईयर होता है, इसलिए उनके पास काफी काम है। इसके कारण वे कालेजों को बैलेंस शीट तैयार करने के लिए वक्त नहीं दे पा रहे हैं। फीस कमेटी कालेजों की बैलेंस शीट के अभाव में फीस निर्धारित नहीं कर सकता है। जबकि कालेज अपनी फीस को बढ़ोतरी कराने के लिए सीए की बैलेंस शीट का होना काफी जरूरी है। इधर कई कॉलेजों को एआईसीटीई से मान्यता और उच्च शिक्षा विभाग से संबद्धता भी अभी तक नहीं मिली है। इससे उन्हें आवेदन करने में काफी परेशानी आ रही है। कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र रामचंद्र कान्हेरे का कहना है कि तीन साल की ऑडिट रिपोर्ट, मान्यता और संबद्धता के अभाव में कॉलेजों की फीस तय नहीं की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, 26 वर्षीय अनिकेत लोधी पिता भगवान सिंह सैय्यद सेमरा में रहता था और निजी काम करता था। रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे अनिकेत बाइक से घर से बायपास चौराहा की ओर जा रहा था। वह अभी निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास गिट्टी की रोड से गुजर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी नाक व कान से खून निकल आया। शरीर के पिछले हिस्से में काफी चोटें थीं। घटना के बाद उसे पीपुल्स अस्पताल पहुंचाया गया। जहां 10 मिनट चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, नजीराबाद इलाके में बीती 28 मार्च की दोपहर ट्रैक्टर ट्राली से गिरी 17 वर्षीय सपना बंजारा पिता गोलू बंजारा की रविवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मर्ग डायरी शमशाबाद से आने के बाद असल कायमी नजीराबाद थाने में की गई है।

# कोलार में लावारिस खड़ी मिली सिलेंडरों से भरी गाड़ी, जानकारी नहीं जुटा सका खाद्य अमला

## दो कर्मचारियों को निगरानी में लगाया, न वाहन का ताला तोड़ा और न सिलेंडरों की हुई गिनती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ईरान-इजरायल युद्ध के बाद शुरू हुई एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत के बीच एक ओर आम लोगों को एक अदद गैस सिलेंडर हासिल करने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। दूसरी ओर शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी लगातार जारी है। इसी तारतम्य में रविवार देर रात को कोलार स्थित डी मार्ट के पास से एलपीजी सिलेंडरों से भरा एक लोडिंग वाहन खाद्य विभाग के अमले को मिला है। वाहन के पीछे ताला लगा होने के कारण वाहन में कितने सिलेंडर हैं? इसकी जानकारी अमला नहीं जुटा सका है। साथ ही वाहन के संबंध में भी कोई जानकारी नहीं जुटा सका है। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन के अनुसार दो कर्मचारियों के वाहन की निगरानी के लिए तैनात कर दिया गया है, जैसे ही कोई जानकारी मिलेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस मामले में सोमवार रात तक पुलिस को जानकारी नहीं दी गई है। इसके अलावा करोंद में अवैध गैस रिफिलिंग के मामले में भी कार्रवाई की गई है।



### कोलार में पहले भी मिल चुके हैं अवैध सिलेंडर

इसके पहले भी कोलार इलाके में सिलेंडरों के अवैध परिवहन में लगे एक लोडिंग वाहन को जब्त किया गया था। जिसमें इंडेन गैस के 25 घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त हुए थे। बाद में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह सभी सिलेंडर राय गैस एजेंसी के थे, जिन्हें कालाबाजारी के लिए अन्य स्थान पर ले जाया जा रहा था। इस मामले में खाद्य अमले द्वारा एजेंसी संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। वहीं आशंका जताई जा रही है कि रविवार को मिले वाहन में भी राय गैस एजेंसी के गैस सिलेंडर हो सकते हैं। इसके पहले भी राय गैस एजेंसी पर एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन खाद्य प्रशासन द्वारा हर बार गैस एजेंसी संचालक को हरी झंडी दे दी जाती है।

### जांच करने पहुंचा अमला तो गायब हो गए सिलेंडर

इसी तरह करोंद इलाके में अवैध रिफिलिंग की शिकायत मिलने पर जब खाद्य विभाग का अमला मौके पर जांच करने पहुंचा तो तब तक सिलेंडर ही गायब कर दिए गए। इस मामले में तर्क दिया गया कि दो पासबुक मिली हैं, जिनकी जांच की जा रही है। साथ ही दावा किया जा रहा है कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी। इसके अलावा शहर में लोगों को समय पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जहांगीराबाद स्थित गैस एजेंसी पर 24 मार्च को सिलेंडर बुक करने के बाद भी उपभोक्ता को 30 मार्च तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की गई। अन्य स्थानों से इसी तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

# नशे में धुत लड़कियों ने देर रात किया हंगामा

## ड्रैगन हॉर्स क्लब के बाहर हाई-वोल्टेज ड्रामा, बाल पकड़कर घूसे मारे, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी नगर इलाके में नशे में धुत चार लड़कियों ने देर रात बीच सड़क पर जमकर मारपीट कर दी। ड्रैगन हॉर्स क्लब के बाहर यह हाई-वोल्टेज ड्रामा रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात हुआ। सोमवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो लड़कियां बाल पकड़कर घूसे मारते नजर आ रही हैं। हालांकि सोमवार रात तक इस संबंध में कोई शिकायत एमपी नगर थाने में नहीं की गई, जिससे एफआईआर दर्ज नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक यह घटना एमपी नगर जोन-टू की है। जिसमें चार लड़कियों ने नशे में मारपीट की। कुछ लोग यानी वाउंसर बीचबचाव करते नजर आए, लेकिन लड़कियों ने उनकी एक नहीं सुनी और मारपीट करती रहीं। उनके बीच किस बात पर विवाद हुआ था इसका खुलासा नहीं हो सका है। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बनाया। इसके बाद तेजी से वायरल हो गया। मारपीट करने वाली लड़कियां कौन थी, इसका पता नहीं लग सका है। मारपीट में एक युवती के उंगली में चोट आई है, लेकिन वह कौन है इसकी पुष्टि नहीं हुई। घटना देर रात ढाई बजे की है।



### आपसी विवाद, किसी ने शिकायत नहीं की

सूत्रों की माने तो लड़कियों को नशा हो गया था। वह नशे में धुत होकर एक युवती से उलझ गईं। जैसे ही वह बाहर निकली उस पर चारों लड़कियों ने हमला कर दिया। बाल पकड़कर घूसे मारे गए। एमपी नगर थाना प्रभारी जयहिंद शर्मा का कहना है कि लड़कियों का आपस का मामला था। इस संबंध में किसी ने शिकायत नहीं की। यदि शिकायत आती है पुलिस कार्रवाई करेगी। वीडियो के आधार पर लड़कियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### आर्टेमिस-2 मिशन पर विशेष कार्यक्रम 1 को

**जागरण, भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा 'आर्टेमिस-2 मिशन' के अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम रखा गया है। नासा के आर्टेमिस-2 के जरिए 1972 के बाद पहली बार मानव चंद्रमा की कक्षा में लौटेगा। इसे मानवता की अंतरिक्ष यात्रा में नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। 1 अप्रैल को केंद्र में 'सवाल आपके, जवाब हमारे- रिटर्निंग टू द मून' पर ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित होगा।

### 4 साल की मासूम से बैड टच, पड़ोसियों ने युवक को पीटकर पुलिस को सौंपा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कोलार रोड इलाके में चार साल की मासूम बच्ची से बैड टच का मामला सामने आया है। पड़ोसियों ने आरोपी को पकड़कर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। युवक शराब के नशे में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। कोलार थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता की मां ने शिकायत की थी। चार साल की बच्ची थाना इलाके में रहती है। रविवार दोपहर वह अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला विक्रम उसके पास पहुंचा। बच्ची को अकेला पाकर उसने उसे पकड़ लिया और गलत हरकत करने लगा। उसकी यह करतूत पड़ोस में रहने वाले ने देख ली। उसने शोर मचाकर अन्य लोगों को जोड़ लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उसकी पिटाई लगा दी। आरोपी शराब के नशे में था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे पुलिस को सौंप दिया।

**प्रापर्टी**

केंद्रीय मूल्यांकन समिति की हरी झंडी के बाद प्रशासन ने नई गाइडलाइन लागू करने की तैयारियां शुरू की

# शहर की 740 लोकेशन पर कल से महंगी हो जाएगी प्रॉपर्टी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर की 740 लोकेशन पर बुधवार से प्रॉपर्टी की दरें बढ़ जाएंगी। इसके बाद 3 अप्रैल से शहर में रजिस्ट्री करवाना भी महंगा हो जाएगा। पंजीयन विभाग के अधिकारियों की मानें तो 31 मार्च को वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होने के कारण शहर में 800 से 1 हजार के बीच रजिस्ट्री हो सकती हैं, जिसकी तैयारियां पहले से ही कर ली गई हैं। 31 मार्च को काम पूरा होने के बाद 2 दिन का विशेष अवकाश रखा जाएगा। जिसके बाद 3 अप्रैल से शहर के तीनों पंजीयन कार्यालय के दफ्तर पुनः खोल दिए जाएंगे और रजिस्ट्री करवाना भी महंगा हो जाएगा। शहर में इस बार भी जमीन के दामों में औसतन 12 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जा रही है। जबकि पिछली बार 11 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई थी। शहर की 740 लोकेशन पर जमीन के दाम 181 फीसदी से लेकर 57 फीसदी तक बढ़ रहे हैं। पिछली बार जहां कलेक्टर गाइड लाइन में 2881 लोकेशन थीं। वहीं इस बार 706 लोकेशन को अन्य लोकेशन में समाहित कर 2175 कर दिया गया है। इसके बाद 740 लोकेशन पर दाम बढ़ा दिए गए हैं। पिछली बार 1312 स्थानों पर औसतन 11 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई थी। बढ़ाए गए दामों का असर इन लोकेशन के अलावा शहर में सभी जगह दिखाई देगा। नई गाइड लाइन लागू होने के बाद शहर में सभी स्थानों पर जमीन के दामों बाजार में बढ़ेंगे, जिससे आम लोगों के लिए शहर के अंदर घर बनाना महंगा पड़ेगा। नई ड्राफ्ट गाइडलाइन के अनुसार वार्ड 3 से वार्ड 5, 10 में किसी भी तरह की बड़ी बढ़ोत्तरी देखने को नहीं मिली है। जबकि वार्ड 1, 2, 6, 7, 8, 9, 11 से 13 में बढ़त देखने को मिल रही है। बता दें कि यहां हाल ही में पीडब्ल्यूडी ने सीसी रोड सड़कों के काम सहित अन्य विकास कार्य शुरू किए हैं। जल्दी ही इस क्षेत्र में लोगों को मेट्रो की सुविधा भी मिलेगी। इसके अलावा वार्ड 52 से 56 तक कई जगहों पर दाम में बढ़ोत्तरी देखी गई है।



| गाइडलाइन स्थान | वित्तीय वर्ष (2025-26) दरें | वित्तीय वर्ष (2026-27) दरें |
|---|---|---|
| 1. सूरज नगर (एयरपोर्ट रोड) | 10000 | 15000 |
| 2. सीटीओ/कैलाश नगर/पूजाश्री नगर | 15000 | 18000 |
| 3. लालघाटी चौराहे से एयरपोर्ट तिराहे तक (मुख्य मार्ग) | 40000 | 60000 |
| 4. सुविध विहार कालोनी | 30000 | 35000 |
| 5. बीडीए हाउसिंग बोर्ड कोहेफिजा | 45000 | 50000 |
| 6. नूर उस सबाह रेसिडेंसी | 50000 | 55000 |
| 7. भोपाल टॉकीज से डीआईजी बंगला (सड़क से हटकर) | 17600 | 25000 |
| 8. डीआईजी बंगला से गीतांजली कालेज | 18000 | 25000 |
| 9. गौतम नगर | 10400 | 15000 |
| 10. गोल्डन सिटी, जाटखेड़ी | 45000 | 47000 |

नोट :- सभी दरें वर्ग मीटर में

### शहर की इन लोकेशन पर बढ़ा दिए गए हैं जमीनों के दाम

नई गाइड लाइन के लागू होते ही बुधवार से शहर में इन मुख्य लोकेशन पर जमीन के दाम बढ़ जाएंगे। दाम बढ़ने के बाद इन क्षेत्रों में नई कलेक्टर गाइड लाइन या इससे अधिक दाम पर ही रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। इससे कम दाम पर रजिस्ट्री नहीं होगी। इससे लोगों के लिए रजिस्ट्री करवाना भी महंगा होगा। शहर में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोत्तरी निर्मल सिटी, निशातपुरा रोड, मुर्गी बाजार, समर ग्रीन कालोनी में हुई है। यहां दामों में 181 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। यशोदा नगर, भोपाल टाकीज से सेफिया रोड, मालीपुरा, माया विहार, पाल विहार, रेत घाट से वीआईपी रोड, कबाड़खाना, गौतम नगर, पंचशील नगर, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, सेवनिया गौंड, चौकी बरखेड़ी, एयरोसिटी परिसर, बेहटा, दामखेड़ा, कोलार रोड, बंजारी, अकबरपुर, बावड़ियाकलां, मिसरोद, एयरपोर्ट, अयोध्या बायपास इलाकों में प्रॉपर्टी की दरें पांच से 100 प्रतिशत तक बढ़ाई गई हैं। इस बार हाउसिंग प्रोजेक्ट 13 से 57 तक महंगे हो गए हैं, जबकि बीडीए के प्रोजेक्ट में छह से पंद्रह प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है।

### गाइड लाइन के प्रकाशन के पूर्व 4 दावे आपत्तियों को किया मान्य

इस बार नई गाइड लाइन लागू होने से पहले जिला मूल्यांकन समिति को 63 दावे आपत्तियां प्राप्त हुए थे, जिसमें से केवल 4 को ही मान्य किया गया। 34 सुझावों को आंशिक रूप से मान्य और 22 सुझावों को अमान्य कर प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन समिति के पास भेजा गया था। जिसे बोर्ड द्वारा पिछले गुरुवार को पास किया गया था और जमीन की दरों में बढ़ोत्तरी कर दी गई थी।

# पूर्व हेल्थ डायरेक्टर मित्तल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

## ईडी अब तक जब्त कर चुकी 9.78 करोड़ की प्रॉपर्टी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने मनी लॉन्ड्रिंग एवं आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डॉ. अमरनाथ मित्तल के खिलाफ चार्जशीट पेश कर दी है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार, विगत 26 मार्च को मित्तल के खिलाफ भोपाल स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दाखिल की गई है। ईडी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भोपाल लोकायुक्त द्वारा दर्ज की गई एक एफआईआर के आधार पर मित्तल और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ पड़ताल शुरू की थी। लोकायुक्त पुलिस ने लगभग एक दशक पूर्व मित्तल के ठिकानों पर छापा मारा था और उस समय उनके पास आय से 2.38 करोड़ रुपये अधिक की बेनामी संपत्ति का पता चला था। लोकायुक्त की छानबीन में मित्तल के पास आय से लगभग चार गुना अधिक कीमत की प्रॉपर्टी, कैश, जेवर और निवेश मिले थे।

**ब्लैक मनी को व्हाइट करने भोपाल-रायसेन में खरीदी प्रॉपर्टी:** ईडी की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच एजेंसी ने डॉ. मित्तल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के भी सबूत हासिल किए हैं। ईडी की छानबीन में सामने आया है कि डॉ. मित्तल ने भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए काले धन को सफेद करने के लिए भोपाल और रायसेन जिलों में रेसिडेंशियल, कमर्शियल और एग्रीकल्चर लैंड खरीदी। जनवरी 2026 में ईडी ने जांच के दौरान अमरनाथ मित्तल और उनकी पत्नी अलका मित्तल की कुल 9.78 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी को अपराध की कमाई मानते हुए अटैच कर लिया था। इन संपत्तियों में अधिकांश भोपाल और रायसेन जिले के प्राइम लोकेशन पर स्थित हैं। जांच एजेंसी ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन बॉन्ड्स को भी अटैच किया है, जो निवेश के जरिए पैसे को सफेद करने की कोशिश थी।

सलमान खान का साउथ कनेक्शन

# दिल राजू-वामसी संग नई फिल्म का ऐलान



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने एक बार फिर फैंस को सरप्राइज देते हुए अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। 'मातृभूमि' की रिलीज टलने के बीच भाईजान अब साउथ इंडस्ट्री के बड़े नामों-निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामसी पेडिपल्ली-के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। सोशल मीडिया पर उनके खास अंदाज में किए गए ऐलान ने फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर दी है। यह पहली बार है जब सलमान इस टीम के साथ काम करेंगे।

### क्या है नया प्रोजेक्ट

सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर अपने अगले प्रोजेक्ट की पुष्टि की है। उन्होंने लिखा ''दिल, दिमाग और जिगर से इस अप्रैल से वामसी और दिल राजू के साथ।'' इस एक लाइन ने ही फिल्म को लेकर चर्चा तेज कर दी है। हालांकि, अभी फिल्म के नाम और कहानी का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इसे बड़े बजट और भव्य स्तर पर तैयार करने की योजना है।

### अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग

इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2026 से शुरू की जाएगी। सलमान ने निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी तस्वीर साझा कर यह जानकारी दी। प्रोडक्शन टीम फिलहाल प्री-प्रोडक्शन की तैयारियों में जुटी हुई है, ताकि शूटिंग समय पर शुरू हो सके।

### वामसी पेडिपल्ली का ट्रैक रिकॉर्ड

वामसी साउथ सिनेमा के जाने-माने निर्देशक हैं, जिन्होंने कई बड़े सितारों के साथ सफल फिल्में दी हैं। उनके निर्देशन में बनी फिल्मों में प्रभास, एनटीआर, राम चरण, अल्लू अर्जुन, महेश बाबू और विजय जैसे स्टार्स शामिल रहे हैं। उनकी फिल्मों की खासियत मजबूत कहानी और बड़े पैमाने पर प्रस्तुति मानी जाती है।

### 'मातृभूमि' की बदली रिलीज डेट

सलमान खान की आगामी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' पहले अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म अब अगस्त 2026 के आसपास सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। जिसमें बड़े पर्दे पर सलमान के साथ चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी।

### साउथ-बॉलीवुड का बढ़ता ट्रेंड

बता दें हाल के वर्षों में बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच सहयोग तेजी से बढ़ा है। सलमान का यह कदम भी उसी ट्रेंड को आगे बढ़ाता दिख रहा है। इससे पहले शाहरुख खान भी साउथ मेकर्स के साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में अब फैंस को इस नए कॉम्बिनेशन से बड़ी और दमदार फिल्म की उम्मीद है।

वीएफएक्स ट्रेंड पर उठाए सवाल

## असली एक्शन फिल्मों की है जरूरत : अक्षय



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म भूत बंगला को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच उन्होंने एक्शन फिल्मों में बढ़ते वीएफएक्स के इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए बड़ा बयान दिया है। अक्षय कुमार ने कहा कि पहले फिल्मों में एक्शन दृश्यों को वास्तविक तरीके से फिल्माया जाता था, लेकिन अब अधिकतर दृश्य कंप्यूटर ग्राफिक्स के माध्यम से तैयार किए जाते हैं। उनके अनुसार, इससे दर्शकों को वास्तविकता का अनुभव नहीं हो पाता।उन्होंने कहा कि वह ऐसी फिल्म बनाना चाहते हैं जिसमें एक्शन पूरी तरह वास्तविक हो। ''यदि मैं कूदता हूं तो वास्तव में कूदूं और यदि कोई स्टंट करूं तो उसे खुद निभाऊं, न कि तकनीक के सहारे,'' उन्होंने स्पष्ट किया। मार्शल आर्ट्स में प्रशिक्षित अक्षय का मानना है कि दर्शक मेहनत और वास्तविक जोखिम को महसूस करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह बिना वीएफएक्स के एक्शन फिल्म बनाने के पक्षधर हैं। गौरतलब है कि 'भूत बंगला' के माध्यम से अक्षय और प्रियदर्शन की जोड़ी 14 वर्ष बाद एक साथ काम कर रही है। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होगी।

जैन मंदिर में साथ दिखे मलाइका अरोड़ा और हर्ष मेहता

## रिश्ते की चर्चाओं को फिर मिली हवा



मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पिछले कुछ समय से उनका नाम हीरा व्यापारी हर्ष मेहता के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, दोनों ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों साथ नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 29 मार्च को वे राजस्थान के पाली जिले के नरलाई गांव स्थित एक जैन मंदिर पहुंचे थे। यहां उन्होंने भगवान आदिनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। वीडियो में मलाइका सफेद सलवार-कुर्ता में सादगी भरे अंदाज में दिखीं, जबकि हर्ष मेहता नीली शर्ट और पैंट में नजर आए। सूत्रों के अनुसार, हर्ष इन दिनों मारवाड़ क्षेत्र में अवकाश पर हैं और एक ऐतिहासिक स्थान पर ठहरे हुए हैं। ऐसे में दोनों की एक साथ मौजूदगी ने उनके रिश्ते को लेकर चल रही चर्चाओं को एक बार फिर तेज कर दिया है।

## 'मैं एक्टर नहीं हूं' का टीजर जारी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' का टीजर जारी हो गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक बार फिर अलग तरह के किरदार में नजर आएंगे, जो उनकी अभिनय शैली की खास पहचान रहा है। फिल्म में उनके साथ चित्रांगदा सतरूपा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। टीजर से स्पष्ट है कि फिल्म पारंपरिक कहानी कहने के ढांचे से हटकर एक यथार्थवादी और लगभग डॉक्यूमेंट्री शैली में प्रस्तुत की गई है, जो इसे अलग बनाती है। कहानी एक ऐसे बैंककर्मी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारत और जर्मनी के बीच रहते हुए अभिनय सीखने की कोशिश करता है। टीजर में दिखाया गया है कि वह मानसिक तनाव से गुजरता है और उपचार के दौरान उसे अपने भीतर छिपे अभिनेता का एहसास होता है। इसके बाद वह अभिनय की दुनिया में कदम रखने का निर्णय लेता है और प्रशिक्षण शुरू करता है। फिल्म का निर्देशन आदित्य कृपलानी ने किया है। टीजर को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, विशेष रूप से इसके बैकग्राउंड स्कोर, लोकेशन और प्रस्तुति की सराहना की जा रही है। यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'रहमान डकैत' की 'उल्फत' ने ढाया कहर

## ग्रीन गाउन में दिखा सौम्या टंडन का ग्लैम अवतार



टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस सौम्या टंडन एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में फिल्म धुरंधर 2 में 'रहमान डकैत' की पत्नी 'उल्फत' के किरदार में नजर आईं सौम्या ने अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता। अब उनका ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। लेटेस्ट तस्वीरों में सौम्या डार्क ग्रीन वन-शोल्डर गाउन में नजर आ रही हैं, जो उनके लुक को बोल्ड और ट्रेंडी बना रहा है। इस आउटफिट का मॉडर्न डिजाइन उनकी पर्सनैलिटी को पूरी तरह कॉम्प्लिमेंट करता दिख रहा है। साइड-पार्टेड ओपन हेयर और सॉफ्ट वेव्स उनके स्टाइल में एलिगेंस जोड़ते हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को मिनिमल ज्वेलरी लाइट ईयररिंग्स और रिंग्स के साथ बैलेंस किया है, जिससे उनका ओवरऑल अपीयरेंस और भी क्लासी बन गया है। तस्वीरों में उनके कॉन्फिडेंट पोज और कातिलाना अदाएं फैंस को खासा आकर्षित कर रही हैं। एक बार फिर सौम्या ने साबित कर दिया है कि वह सिर्फ स्क्रीन पर ही नहीं, बल्कि फैशन के मामले में भी ट्रेंड सेट करना बखूबी जानती हैं।



## 'विहान' महोत्सव में गूंजे फिल्मी और सूफी गीत, अभिनंदा ने बांधा समां



**जागरण, भोपाल।** राधारमण समूह द्वारा आयोजित वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक महोत्सव 'विहान' के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक संध्या में पार्श्व गायिका अभिनंदा सरकार ने दमादम मस्त कलंदर, छाप तिलक सब छीनी रे तोसे नैना मिलाइके और मैं तो आई तेरे अंगना, दरस दिखा जैसे लोकप्रिय सूफी एवं फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। उनके गीतों ने पूरे परिसर को संगीतमय बना दिया और बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। राधारमण समूह परिसर, रातीबड़ में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में अभिनंदा सरकार ने एक से बढ़कर एक हिंदी फिल्मी और सूफी गीत प्रस्तुत किए। उनकी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुति पर विद्यार्थियों ने तालियों से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूबा नजर आया। यह कार्यक्रम राधारमण समूह के तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'विहान' के अंतर्गत आयोजित किया गया। महोत्सव में तकनीकी प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिसमें प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। राधारमण समूह के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने कहा कि 'विहान' महोत्सव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए मंच प्रदान करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नजीराबाद पुलिस की हिरासत से दो शातिर आरोपी फरार

**भोपाल।** भोपाल देहात पुलिस की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां पुलिस हिरासत से दो शातिर आरोपी फरार हो गए। मामला नजीराबाद थाना क्षेत्र का है, जहां 29 मार्च 2026 को पुलिस ने चोरी की साजिश और अवैध हथियार रखने के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान 30 वर्षीय जावेद उर्फ काला और 35 वर्षीय इकबाल खान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि दोनों आरोपी हथकड़ी सहित थाना परिसर से भागने में सफल रहे। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। भोपाल देहात के एसपी ने दोनों फरार आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। गंभीर चूक को लेकर जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# आरटीईः 1.22 लाख सीटों पर प्रवेश लेने के लिए कतार में 2 लाख आवेदक

### 55 हजार आवेदनों का नहीं हुआ सत्यापन, भोपाल समेत आधा दर्जन जिलों में सीटों से दोगुने आवेदन जमा

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख समाप्त हो गई है। राज्य शिक्षा केंद्र को करीब दो लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें से करीब 55 हजार उम्मीदवार सत्यापित नहीं हुए हैं। आधा दर्जन जिलों में सीटों के मुकाबले दोगुने आवेदन जमा हुए हैं। अब सत्यापित आवेदकों को लाटरी सिस्टम से सीटें आवंटित की जाएंगी। केंद्र ने आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल अब बंद कर दिया है। अंतिम तिथि तक केंद्र को करीब दो लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। जबकि प्रदेशभर के 55 जिलों के 320 स्कूलों की एक लाख 22 हजार 551 सीटें हैं। उक्त सीटों पर प्रवेश लेने एक लाख 45 हजार आवेदक सत्यापित हो चुके हैं। 55 हजार आवेदक सत्यापन में अटक गए हैं। प्रदेश में आधा दर्जन जिलों में सीटों से दोगुने आवेदन जमा हुए हैं। इसमें भोपाल के आलवा, इंदौर, नरसिंहपुर, आगर मालवा, बडवानी, उज्जैन और राजगढ़ शामिल हैं। सिर्फ बुरहानपुर में 944 सीटों पर प्रवेश लेने के लिए तीन हजार 667 आवेदन जमा हुए हैं। हर सीट पर तीन से ज्यादा आवेदन जमा हुए हैं। दो जिलों में सीटों से कम आवेदन जमा हुए हैं। इसमें छतरपुर में 2181 सीट के लिए 2041 और श्योपुर में 672 सीटों के लिए 647 आवेदन किए गए हैं। आवेदक के बच्चे को आरटीई में निःशुल्क प्रवेश के लिए जिस केटेगरी/निवास क्षेत्र के प्रवेश चाहा है। इससे संबंधी केटेगरी और निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र मांगा गया था, जो आवेदक प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं।

### नामचीन स्कूलों पर ज्यादा जोर

समूचे प्रदेश में इंदौर जिले में 9029 सबसे ज्यादा आरटीई की सीटें मौजूद हैं। यहां महज 12 हजार 241 आवेदन जमा हुए हैं। जबकि भोपाल जिले में सात हजार 359 सीटें होने के बाद 14 हजार 758 आवेदन जमा किए गए हैं। इसमें सबसे ज्यादा नामचीन स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए आवेदन किए गए हैं। छोटे स्तर के स्कूलों में सीटों के बराबर भी आवेदन भी जमा नहीं हुए हैं।

### दो अप्रैल को खुलेगी लाटरी

दो अप्रैल को पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आरटीई पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई समस्या हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हो। जहां सीटें खाली हैं, तो आरटीई पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के लिए परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केंद्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## तीन फीट के रास्ते को लेकर दो सगे भाई के परिवार भिड़े, तलवार और पत्थर चले

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में दो सगे भाइयों के परिवारों में तीन फीट के रास्ते से निकलने और न निकलने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों परिवार आमने-सामने आ गए। एक ओर से तलवार, रॉड चली और दूसरे से पत्थर बरसाए गए। हमले में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। एक के तीन दांत टूट गए और एक का सिर फूट गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट, बलवा और आपराधिक मानव वध का प्रयास के तहत केस दर्ज किया है। मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। तीन की तलाश जारी है। खजूरी सड़क थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि 59 वर्षीय जमना प्रसाद नागर ग्राम बकानिया में रहते हैं। वह खेती किसानी करते हैं। उनके बगल में सगा भाई होतम सिंह नागर रहता है। दोनों के घरों के बीच तीन फीट का रास्ता है, जिसमें से निकलने को लेकर विवाद है। होतम सिंह का कहना है कि इस रास्ते को सिर्फ मैं उपयोग करूंगा। जबकि जमना प्रसाद का कहना है कि दोनों रास्ते को उपयोग करेंगे। इस बात पर रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। जमना प्रसाद पर आरोपी राहुल नागर, होतम सिंह, कृष्णकांत, लोकेश और प्रिया नागर ने रॉड व तलवार से हमला कर दिया। हमले में जमना प्रसाद पक्ष के दो लोग घायल हो गए। वहीं राहुल नागर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जमना प्रसाद, बृजेश, सौरव, प्रदीप, राजेश नागर के खिलाफ केस दर्ज किया। पत्थर से किए हमले में होतम सिंह के तीन दांत टूट गए। राहुल का सिर फट गया। उनके पक्ष के कुल तीन लोग घायल हो गए।

**पांच घायल, एक के 3 दांत टूटे, एक की सिर फूटा, सात गिरफ्तार**

**मारपीट, बलवा, मानव वध का प्रयास की धाराओं में केस दर्ज**

## इकबाल मैदान बना मुद्दा, नाम बदलने के विचार का मुस्लिम संगठन ने किया विरोध

### कुछ दिन पहले मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने किया था ट्वीट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोपाल का ऐतिहासिक इकबाल मैदान अब नाम परिवर्तन राजनीति का मुद्दा बन गया है। कुछ समय पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने एक ट्वीट कर यह लिखा था कि पाकिस्तान बनाने की बात करने वाले अल्लामा इकबाल के नाम पर भारत में कोई मैदान क्यों होना चाहिए। इसलिए इस मैदान का नाम बदलना होगा। उनके इस विचार के विरोध में सोमवार को ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने मैदान में प्रदर्शन किया और बयान को भड़काऊ बताया। समिति के संरक्षक शमशुल हसन ने कहा कि इस तरह के बयान देश में तनाव का माहौल पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि अल्लामा मुहम्मद इकबाल विश्व प्रसिद्ध शायर रहे हैं, जिन्होंने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा जैसा तराना लिखा, जिसे आज भी देशभर में गर्व के साथ गाया जाता है। ऐसे में उनके नाम पर बने मैदान को लेकर इस तरह की टिप्पणी उचित नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े नामों को बदलने के बजाय सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

### कई बार भोपाल आए थे इकबाल

रिपोर्ट के अनुसार शायर अल्लामा इकबाल चार बार भोपाल आए थे और यहां लगभग छह महीने बिताए थे, इस दौरान उन्होंने अपनी प्रसिद्ध शायरी की रचना की थी। उनकी याद में भोपाल में इकबाल मैदान है, जहां की दीवारों पर उनकी शायरी अंकित है। यह मैदान नवाबों के दौर की याद दिलाता है और एक समय यह सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र हुआ करता था।

### प्रियंक कानूनगो ने कहा था- इकबाल मैदान कलंक है

प्रियंक कानूनगो ने एक्स पर एक वीडियो अपलोड किया था। इसमें वे इकबाल की फोटो पोस्ट करते हुए कह रहे हैं कि क्या पाकिस्तान के नाम का प्रस्ताव रखने वाले इकबाल के नाम पर भोपाल में कोई मैदान होना चाहिए। यह हमारे माथे पर कलंक है। भोपाल का नवाब भोपाल की गरीब जनता का हमारे पूर्वजों का खून चूस-चूस कर इस इकबाल को उसके ऐशो आराम के लिए हजारों रुपया वजीफा में देता था। हम इस कलंक को मिटाकर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देंगे।

## ड्रग्स के खिलाफ 1 अप्रैल से अभियान डीजीपी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने सोमवार को प्रदेश के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ हाई-लेवल समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी के साथ इंदौर एवं भोपाल के पुलिस कमिश्नरों को 1 अप्रैल से मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि अभियान के दौरान पुलिस केवल छोटे पेडलर्स (नशा बेचने वालों) तक सीमित न रहे, बल्कि ड्रग्स के पूरे नेटवर्क के सोर्स का पता लगाकर सरगनाओं तक पहुंचकर एक्शन ले। उन्होंने कहा कि खास तौर पर एमडी जैसे घातक केमिकल ड्रग्स के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

**टेक्नोलॉजी और साइबर सेल का होगा पहराः** बदलते दौर में ड्रग्स की ऑनलाइन सप्लाई को रोकने के लिए डीजीपी ने तकनीक की मदद लेने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में ऑनलाइन ड्रग्स सप्लाई को ट्रैक करने के लिए टेक्निकल सेल को एक्टिव किया जाए और वीपीएन आधारित कॉल्स एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से संचालित नेटवर्क पर साइबर सेल भी पैनी नजर रखे। उन्होंने निर्देश दिए कि तस्करों की जियो-टैगिंग और साइबर ट्रैकिंग के जरिए स्मगलिंग की निगरानी की जाएगी। बैठक में सभी जिलों को 6 अप्रैल तक अभियान का रोडमैप तैयार कर पेश करने को कहा गया है, जिसमें पिछले 10 वर्षों के नारको-अपराधियों का डेटाबेस, नशाखोरी के हॉट-स्पॉट्स और तस्करों की वित्तीय जांच भी शामिल हो, जिससे उनकी अवैध संपत्ति कुर्क कर राजसात की जा सके।

### नक्सल ऑपरेशन की तर्ज पर होगी मॉनिटरिंग

डीजीपी ने इसकी समीक्षा नक्सल ऑपरेशनों की तर्ज पर नियमित रूप से करने के निर्देश दिए हैं। रेंज स्तर पर डीआईजी और जिला स्तर पर एडिशनल एसपी को इसका नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अब नशामुक्ति अभियान के दौरान जिला स्तर पर नियमित बैठकें होंगी जिसमें अन्य विभाग भी शामिल होंगे। इसके अलावा, देशभर के नारको अपराधियों के डेटाबेस वाले चनिदानच पोर्टल से भी प्रदेश के स्मगलरों की जानकारी खंगाली जाएगी।

# केसरिया रंग में रंगे जिनालय, सजे प्रभु के पालने

## राजधानी में धूमधाम से मना भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक, शोभायात्रा और मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोपाल अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ सोमवार को मनाया गया। राजधानी के जैन मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक ओर पूजा अर्चना के साथ प्रभात फेरी निकली। मुख्य शोभा यात्रा चौक जैन मंदिर से दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ओर श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट के तत्वाधान में निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज सासंघ सानिध्य में निकली। केसरिया धर्म ध्वजाओं के तले शोभायात्रा में महावीर प्रभु के रथ पालकी श्रद्धा भक्ति का केंद्र थी। समाज के महिला युवा संगठन जय घोष के साथ भक्ति का इजहार कर रहे थे। युवा दिव्य घोष की स्वर लहरियों से सारा वातावरण भक्ति मय कर रहे थे। महावीर के जिओ और जीने दो, सत्य अहिंसा जीव दया के संदेश के साथ झांकी शामिल थी। प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग स्थानों पर प्रमुख लोगों में महापौर मालती राय, राहुल कोठारी, विधायक रामेश्वर शर्मा, आरिफ मसूद, आतिफ अकील, पीसी शर्मा, गोविंद गोयल, राजकुमार पटेल, विभा पटेल भी मौजूद रहीं। शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह विभिन्न सामाजिक राजनीतिक व्यापारिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया। अयोध्या नगर मंदिर में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि साध्य सागर महाराज सासंघ सानिध्य में अनुष्ठान हुए। कस्तूरबा नगर मंदिर में



भी भक्तों में विशेष उत्साह दिखा। मंदिर समिति अध्यक्ष सुनील जैनाविन ने बताया मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकली। प्रभु महावीर का पालना सजाया गया। भजनों के साथ भक्ति की गई। शहर के प्रमुख नंदीश्वर जिनालय, पिपलानी, टीटी नगर, सिद्धार्थ लेक सिटी, भानपुर, नेमि नगर, चंदन नगर करोंद, प्रोफेसर कॉलोनी, बैरागढ़, कोहेफिजा, शाहजहानाबाद सहित सभी प्रमुख मंदिरों में विधि विधान से अनुष्ठान के साथ से शाम को आरती सांस्कृतिक आयोजन हुए।



### श्वेतांबर जिनालय में आज मंदिरो में होंगे आयोजन

श्वेतांबर जैन मंदिरों में महावीर जन्म कल्याणक के अवसर मंगलवार को मंदिरों में भगवान महावीर का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना होगी। श्री आदिनाथ श्वेतांबर संघ के तत्वाधान में तुलसी नगर जिनालय से शोभायात्रा निकलेगी। पूजा अर्चना के साथ प्रभु महावीर आराधना होगी। सिटी मंदिर में भी अनुष्ठान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। महावीर गिरी एयर पोर्ट रोड और दादा वाड़ी में शाम को महाआरती होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### वर्कशॉप: रेखांकन और सिनेमा के साथ थिएटर सीखने का मौका

**जागरण, भोपाल।** विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा 'थियेट्रिक्स' सीरीज के तहत 29वीं कड़ी में तीन दिवसीय विशेष वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। यह वर्कशॉप 31 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4:30 बजे से रात 8 बजे तक होगी। वर्कशॉप में थिएटर के अभ्यासों को रेखांकन, ऑब्जर्वेशन और व्यू के माध्यमों के साथ जोड़ा जाएगा, जिससे प्रतिभागियों की क्रिएटिव समझ विकसित हो सके। इसमें युवा, कलाकार और अभिनय के विद्यार्थियों को एक नया अनुभव मिलेगा। ट्रेनिंग तान्या बड़कुल द्वारा दी जाएगी, जो वर्तमान में फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में प्रोडक्शन डिजाइन का अध्ययन कर रही हैं। वर्कशॉप में आउटडोर स्केचिंग के माध्यम से प्रतिभागियों को लोगों के हाव-भाव और देहभाषा को समझने और उसे अभिव्यक्त करने का अभ्यास कराएगा।

### आरकेडीएफ में हाई-रिस्क विदेशी मरीज की सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी



**जागरण, भोपाल।** आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज ने अंतरराष्ट्रीय मरीजों के उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ईश्वर की कृपा एवं चेयरमैन डॉ. कपूर सर एवं मैडम डॉ. साधना कपूर के मार्गदर्शन में संस्थान निरंतर उन्नत चिकित्सा सेवाओं की ओर अग्रसर है। हाल ही में युगांडा से आई एक हाई-रिस्क मरीज, जिनका वजन 130 किलोग्राम था और जिन्हें कई (मल्टीपल) यूटेराइन फाइब्रॉइड्स थे, का सफल उपचार किया गया। मरीज का भारत में रहने का समय केवल 15 दिनों का था। विस्तृत फाइब्रॉइड मैपिंग के बाद कुल 8 फाइब्रॉइड्स की पहचान की गई। यह जटिल सर्जरी लैप्रोस्कोपिक तकनीक द्वारा डॉ. मुदिता जैन एवं आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विशेषज्ञ टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। सभी फाइब्रॉइड्स को हटाते हुए गर्भाशय को सुरक्षित रखा गया, जो इस उच्च जोखिम वाले केस में एक बड़ी उपलब्धि है। मरीज की सर्जरी के बाद रिकवरी सुचारु रही, उन्हें गुरुवार को डिस्चार्ज किया गया और वे सुरक्षित रूप से अपने देश युगांडा लौट गईं। यह सफलता आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज को उन्नत स्त्री रोग उपचार एवं अंतरराष्ट्रीय मरीज सेवाओं के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**जागरण, भोपाल।** चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी और म्यूजिक एंड डांस टीचर्स फोरम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'प्रोत्साहन मंच' का सोमवार को रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में युवा कलाकारों ने संगीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गीतंशी जोशी की सितार वादन से हुई, जिसमें उन्होंने सांध्यकालीन राग भूपाली प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद काव्य कुमार ने पियानो पर राग यमन की प्रस्तुति दी, वहीं आराध्या द्विवेदी ने राग वागेश्वरी में अपनी प्रस्तुति से सराहना बटोरी। तबले पर आराध्य पाटिल की संगत ने कार्यक्रम में खास रंग भर दिया। नृत्य प्रस्तुति में कथक गुरु अल्पना वाजपेयी की शिष्याओं श्रेष्ठा विश्वकर्मा और शिवाली श्रीवास्तव ने कृष्ण वंदना से शुरुआत करते हुए शुद्ध कथक नृत्य और मीरा भजन पर मनोहारी प्रदर्शन किया।

### सोम प्रदोष पर फलों के रस से हुआ बाबा बटेश्वर का अभिषेक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा सोमवार को सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का मोसंबी, अनार, संतरा, गन्ना सहित अन्य फलों के रस से रुद्राभिषेक किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रदोष काल में रूद्राभिषेक के बाद रात्रि नौ बजे विभिन्न प्रकार के फूलों से दिव्य श्रृंगार कर महाआरती की गई। भजन संध्या के साथ प्रसादी भी वितरित हुई। इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, अभिषेक लाला, मोनू राठौर, अभिषेक शर्मा, प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संजीव दीक्षित

**जागरण, भोपाल।** भोपाल में अरविंद विहार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मत चुनाव कराए गए, जिसमें संजीव दीक्षित को अध्यक्ष एवं सीए एम.एन. पिल्लई को महासचिव चुना गया। इनके अलावा दूसरे पदाधिकारियों का भी आमसहमित से निर्वाचन किया गया। एसोसिएशन वर्ष 2026 से 2028 तक दायित्वों का निर्वाहन करेगी। चुनाव अधिकारी एम.ए. खान के मुताबिक अरुण कुमार सक्सेना को उपाध्यक्ष,राजीव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बीरेन्द्र कुमार सिंह,डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव, एसआर राहुल, अजय, राजेन्द्र कुमार पाठक और उर्वशी गुप्ता को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है।



# एडवांस तकनीक का इस्तेमाल कर मिल सकते हैं बेहतर रिजल्ट

## एम्स के डॉ. विदुआ को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ को फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए प्रतिष्ठित माननीय न्यायमूर्ति जगदीश शरण मिश्रा ओरेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार इंडियन एकेडमी ऑफ बायोमेडिकल साइंसेज सम्मेलन (आईएबीएससीओएन 2026) के दौरान प्रदान किया गया। जो बीआईटीएस पिलानी गोवा परिसर में आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन में देश-विदेश के 350 से अधिक प्रख्यात वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ. राघवेंद्र ने फॉरेंसिक मेडिसिन: बायोमेडिकल साइंसेज के माध्यम से अनसुलझी रहस्यों का समाधान विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने मेडिको-लीगल जांचों में पारंपरिक व्यक्तिपरक व्याख्याओं से आगे बढ़ते हुए, उन्नत बायोमेडिकल तकनीकों के माध्यम से साक्ष्य-आधारित, वस्तुनिष्ठ निष्कर्षों की ओर संक्रमण पर जोर दिया। अपने शोध कार्यों को प्रस्तुत करते



हुए, डॉ. विदुआ ने विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष साझा किए, जिनमें भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा वित्तपोषित परियोजनाएं भी शामिल हैं। मृत्यु के समय का निर्धारण (टाइम सिंस डेथ) करने के लिए साइनोवियल द्रव, पेरिकार्डियल द्रव तथा सेरेब्रोस्पाइनल द्रव के जैव-रासायनिक विश्लेषण पर आधारित उनके शोध ने उच्च सटीकता प्रदर्शित की है, जिसके परिणाम अमेरिकन जर्नल ऑफ फॉरेंसिक पैथोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने मेडिको-लीगल जांचों में नमूनों के उचित संरक्षण (सैंपल प्रिज़र्वेशन) के महत्व पर भी विशेष प्रकाश डाला, ताकि फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में विश्लेषण के दौरान विश्वसनीय एवं सटीक परिणाम प्राप्त हो सकें। इस संदर्भ में उन्होंने एम्स भोपाल में विकसित अपने नवाचारएक 'सैंपल ड्रायर' को प्रस्तुत किया, जिसके लिए कॉपीराइट प्राप्त हो चुका है।

# महिला के मोबाइल पर आया ओटीपी... खाते से कटे 1.17 लाख रुपए

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** कमला नगर इलाके में रहने वाली एक महिला के खाते से 1.17 लाख की आनलाइन धोखाधड़ी सामने आई है। इसके पहले उनके मोबाइल पर लगातार ओटीपी आए और इसके बाद दो दिन किश्तों में यह राशि निकाल ली गई। इस संबंध में महिला ने



स्टेट सायबर सेल में शिकायत की थी। जहां से प्रतिवेदन कमला नगर थाना पुलिस को भेजा गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 55 वर्षीय रश्मि दीक्षित पति प्रशांत कुमार पलकमती परिसर नेहरू नगर में रहती हैं। वह गृहणी हैं, जबकि प्रशांत हाउसिंग बोर्ड में अर्द्ध शासकीय सेवक हैं। 27 मार्च को महिला के मोबाइल पर अचानक ओटीपी आने लगे। इसके बाद उनके बैंक आफ बड़ौदा के खाते से कई किश्तों में रुपए कट गए। अगले दिन भी ऐसा ही हुआ। इस तरह उनके खाते से कुल 1.17 लाख रुपए आनलाइन ट्रांसफर हो गए। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 10 राउंड बाद भी नीलाम नहीं हुईं 24 दुकानें

## 1 अप्रैल से आबकारी विभाग चलाएगा शेष बची वाइन शॉप

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के शुरू होने में अब महज एक दिन का समय शेष है, लेकिन आबकारी विभाग के लिए शराब दुकानों की नीलामी अब परेशानी की वजह बन गई है। जिले की कुल 87 दुकानों में से 63 दुकानें तो 831 करोड़ रुपये में बिक चुकी हैं, लेकिन 24 लोकेशन पर स्थित दुकानें 10वें राउंड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी खरीदारों का इंतजार कर रही हैं। इन शेष रही 24 मदिरा दुकानों के लिए विभाग ने लगभग 537 करोड़ रुपये की रिजर्व प्राइज तय की है। सूत्रों के अनुसार, इन दुकानों को बेचने के लिए विभाग ने आरक्षित मूल्य में 20 फीसदी तक की कटौती भी की थी, लेकिन फिर भी ठेकेदारों ने रुचि नहीं दिखाई। 1 अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू होना है, ऐसे में विभाग के पास इन दुकानों को नीलाम करने के लिए अब केवल एक दिन का समय बचा है।

**इन प्राइम लोकेशन की दुकानों की नीलामी अटकी:** हैरानी की बात यह है कि बिना बिकी दुकानों की सूची में शहर के सबसे व्यस्त और पॉश इलाके शामिल हैं। इनमें एमपी नगर के जोन-1 और जोन-2 की दो प्रमुख दुकानों के लिए 27.43 करोड़ और 30.97 करोड़ रुपये का बेस प्राइज रखा गया है। इसके अलावा हबीबगंज और विट्ठल मार्केट की दुकानें भी नहीं बिकी हैं । हबीबगंज फाटक दुकान की कीमत 36.59 करोड़ रुपये है। इसी तरह अरेरा कॉलोनी, ई-8 गुलमोहर, बागसेवनिया, रत्नागिरी, पटेल नगर, गोविंदपुरा, कोकता, ऐशबाग, पीएंडटी चौराहा, बैरसिया नंबर-1, बिलखिरिया, स्टेशन रोड और जहांगीराबाद जैसे इलाकों की दुकानें भी अब तक नहीं बिकी हैं।



### आज होगा फैसला, 11वें राउंड के लिए बुलाए आवेदन

जिले के आबकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, इन 24 दुकानों के लिए 11वें राउंड की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । इसके लिए 31 मार्च दोपहर 2 बजे तक टेंडर भरे जाएंगे और उसी दिन शाम 4.30 से 5.30 बजे तक बोली लगाई जाएगी । शराब ठेकेदार इस साल आरक्षित मूल्य अधिक होने के कारण जोखिम नहीं लेना चाहते। हालांकि, आबकारी विभाग को उम्मीद है कि कीमतों में कटौती के बाद 31 मार्च की शाम तक भोपाल की सभी 87 दुकानों का कोटा पूरा हो जाएगा। यदि फिर भी ये दुकानें नहीं बिकीं, तो 1 अप्रैल से सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि ऐसी स्थिति में इनका संचालन विभाग अपने स्तर पर करेगा।

# बीयू ने कालेजों से वसूला एक करोड़ का बकाया

## 25 फीसदी विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा करने का अंतिम दिन आज




**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का दायरा आठ जिलों में फैला हुआ है। कालेजों पर संबद्धता का पिछले वर्षों का करोड़ों रुपये बकाया है। इसके लिए बीयू द्वारा पत्र जारी कर दिए गए हैं। जब तक कालेज पूरा बकाया जमा नहीं करेंगे। उन्हें आगामी वर्ष संबद्धता जारी नहीं की जाएगी। बीयू को वर्तमान में संबद्धता के लिए 12 करोड़ रुपये के प्राप्त हो चुके हैं। इसमें से करीब एक करोड़ रुपये पूर्व की बकाया राशि शामिल है, जो कालेजों ने बीयू के बैंक एकाउंट जमा कर दी है। बीयू ने आगामी सत्र 2026-27 की मान्यता और निरंतरता देने के लिए मंगलवार को और आवेदन जमा कराएगा। अभी तक कालेजों ने आवेदन जमा नहीं किए हैं। अंतिम तिथि बीतने के बाद बीयू ने कालेजों को 25 फीसदी विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा करने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया था, जो मंगलवार को है। आवेदन जमा करने के पहले कालेजों को अपने पुराने बकाया जमा करना होगे। इसके बाद ही उन्हें आगामी वर्ष की संबद्धता दी जाएगी। अभी तक बीयू संबद्धता शुल्क के नाम पर करीब 12 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। इसमें से करीब एक करोड़ रुपये पूर्व का बकाया संबद्धता शुल्क है। अभी भी कई कालेजों ने संबद्धता और निरंतरता के लिए आवेदन नहीं किए हैं। उनके पास सिर्फ मंगलवार तक का समय शेष है। संबद्धता और निरंतरता के शुल्क के साथ 25 फीसदी विलंब शुल्क भी जमा करना होगा। इसके साथ उनका पूर्व का संबद्धता शुल्क बकाया होगा, तो उन्हें वो भी जमा करना होगा। इसके अभाव में उन्हें संबद्धता नहीं दी जाएगी।

### दो फार्मेट में होगा सत्यापन

कालेजों का भौतिक सत्यापन करने बीयू ए और बी नाम के दो फार्मेट तैयार किए हैं। इसमें ए फार्मेट कालेजों को दिया जाएगा। इसमें वे अपनी पूरी जानकारी देंगे। इसमें कालेजों को अपनी जमीन और भवन का दायरा बताना होगा। इसके बाद कालेज में मौजूद कमरे, लाईब्रेरी, लैब, खेल मैदान के अलावा अन्य गतिविधियों की जानकारी फार्मेट में भरकर बीयू को देना होगी। उक्त फार्मेट के आधार पर बीयू निरीक्षण दल को बी फार्मेट देगा। इसमें निरीक्षण दल कालेज पहुंचकर ए फार्मेट में दी गई जानकारी का अवलोकन करेगा। ए और बी फार्मेट का मिलान पूरा होने पर निरीक्षण दल कालेज को संबद्धता और निरंतरता देने की अनुंशसा करेगा।

### गड़बड़ी होगी उजागर

दोनों फार्मेट में दी गई जानकारी एक दूसरे से मिलान नहीं खाती है और निरीक्षण दल को भूमि, जमीन, कमरों की संख्या में कोई मदभेद दिखाई देता है, तो निरीक्षण दल बी फार्मेट में टीप लगाकर वास्तविक स्थिति दर्ज करेगा। उक्त फार्मेट निरीक्षण दल द्वारा सत्यापित कर बीयू भेज दिया जाएगा। दोनों फार्मेट की संतुष्टि होने के बाद बीयू कालेजों की संबद्धता और निरंतरता देगा। इसमें कोई गड़बड़ी उजागर होने पर उन्हें संबद्धता और निरंतरता नहीं दी जाएगी।

'बयार सांस्कृतिक महोत्सव-2' संपन्न

# 'है सपना मेरा यही सखी' में उभरा स्त्री संघर्ष और स्वतंत्रता का स्वर



**जागरण, भोपाल।** प्रोफेसर्स कॉलोनी स्थित कारवां बॉक्स थिएटर में बयार सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 'बयार सांस्कृतिक महोत्सव-2' की समापन संध्या पर नाट्य प्रस्तुति 'है सपना मेरा यही सखी' का मंचन किया गया। बयार संस्था के बैनर तले प्रस्तुत इस नाटक ने अपनी विषयवस्तु और प्रस्तुति से दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इस अभ्यास प्रस्तुति का निर्देशन मोहम्मद नजीर कुरैशी ने किया, जबकि मंजू रैकवार ने अपने प्रभावशाली अभिनय से नाटक को जीवंत बना दिया। वेश-भूषा की जिम्मेदारी अनामिका हर्ष ने संभाली। नाटक मध्यकालीन कवयित्रियों की रचनाओं के माध्यम से स्त्री संघर्ष, प्रताड़ना, विद्रोह और स्वतंत्रता जैसे विषयों को सामने लाता है। साथ ही यह सामाजिक सोच पर भी सवाल उठाते हुए दर्शकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है। सशक्त निर्देशन और अभिनय ने पूरे समय दर्शकों को बांधे रखा।



'साया रंग महोत्सव 2026' में 'पंचलाइट' का मंचन

# बदलाव और चेतना की रोशनी 'पंचलाइट'

**जागरण, भोपाल।** दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आयोजित 'साया रंग महोत्सव 2026' के तीसरे चरण के पहले दिन थिएटर की सशक्त प्रस्तुति देखने को मिली। रंग महिमा थिएटर सोसायटी द्वारा मंचित नाटक 'पंचलाइट' ने अपने आर्क और कलाकारों के जीवंत अभिनय से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। सुनील राज के नाट्य रूपांतरण और अनूप शर्मा के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने सामाजिक बदलाव का संदेश प्रभावी ढंग से सामने रखा। नाटक में गोधन की भूमिका में सुनील राज और मुनरी के रूप में आरती विश्वकर्मा ने दमदार अभिनय किया।

### नाटक की कहानी

'पंचलाइट' केवल एक साधारण कहानी नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, विकास और कुरीतियों से मुक्ति का प्रतीक है। कथा एक ऐसे गांव की है जहां अब भी पिछड़ापन और अंधविश्वास हावी हैं। गांव में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं है, जिससे लोगों की सोच भी संकुचित बनी रहती है। इसी गांव में आधुनिक विचारों वाला युवक गोधन आता है, जो मुनरी से प्रेम करता है। प्रेम के साथ-साथ वह गांव की वास्तविकताओं और कुप्रथाओं को जानती है। जब



गांव में पंचलाइट (पेट्रोमैक्स) आती है, तो उसे जलाना किसी को नहीं आता। ऐसे में गोधन आगे बढ़कर न सिर्फ पंचलाइट जलाता है, बल्कि पूरे गांव में ज्ञान और जागरूकता की रोशनी फैलाता है। अंततः गांव के लोग उसकी सोच को अपनाते हैं और जात-पात व संकीर्ण मानसिकता से बाहर निकलकर विकास की राह पर आगे बढ़ते हैं। नाटक ने यह संदेश प्रभावी ढंग से दिया कि बदलाव की शुरुआत एक विचार से होती है, जो पूरे समाज को दिशा दे सकता है।

लेखक संघ द्वारा हास्य-व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन

# व्यंग्य व्यक्ति नहीं, प्रवृत्तियों पर हो : डॉ. साधना बलवटे

**जागरण, भोपाल।** दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय में मध्य प्रदेश लेखक संघ द्वारा हास्य-व्यंग्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुकेश वर्मा, सारस्वत अतिथि डॉ. साधना बलवटे और प्रदीप नवीन, विशिष्ट अतिथि डॉ. रामवल्लभ आचार्य तथा अध्यक्षता राजेंद्र गट्टानी ने की। गोष्ठी में प्रदेश के चर्चित साहित्यकारों ने हास्य-व्यंग्य रचनाओं के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर तीखा प्रहार किया। सुधा दुबे, कैलाश सोनी 'सार्थक', अशोक व्यास, सीमा हरि शर्मा, सुनील चतुर्वेदी, आलोक जैन, राज गोस्वामी, यशोधरा भटनागर और सुरेंद्र सिंह 'हमसफर' सहित कई रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को हंसाने के साथ सोचने पर भी मजबूर किया।



इस अवसर पर Dr. डॉ. साधना बलवटे ने कहा कि व्यंग्य का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष पर नहीं, बल्कि समाज की प्रवृत्तियों पर प्रहार करना होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मनीष बादल ने किया। आयोजन ने साहित्यिक संवाद को नई ऊर्जा देने के साथ समकालीन विषयों पर सार्थक चर्चा का मंच प्रदान किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# आखिर कब मिलेगी युद्ध की आंच से राहत ?

ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी हो गयी है कि इस समस्या के बीच आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर जैसे-जैसे अपने पांव पसारता जा रहा है, वैसे-वैसे यह साफ हो रहा है कि इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं की कीमतें चढ़नी शुरू हो गई हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी करते हुए यह सोचने की जरूरत आ खड़ी हुई है कि युद्ध कब खत्म होगा और सामान्य स्थिति कब बहाल होगी।

खासतौर पर पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उसमें स्थिति को सामान्य बनाए रखना सरकार की सबसे अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में दस-दस रुपए की कटौती की। यों इससे केवल तेल कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद भी की जा सकती है कि फिलहाल आम लोगों के लिए उपलब्ध होने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रह सकती हैं।

हालांकि ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद जरूर मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। देश भर से ऐसी खबरें आई हैं कि पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। संकट ज्यादा गहराने की आशंका में पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खरीदारी करने को लेकर भी एक तरह की होड़ देखी गई है।

दूसरी ओर, रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति जिस पैमाने पर बाधित हुई है, उसकी वजह से चौतरफा चिंता उभरी है। ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जिनके पास रसोई गैस खत्म हो गई है और एजेंसियों में इसकी उपलब्धता बेहद सीमित है। घोषित तौर पर सरकार यह आश्वासन जरूर दे रही है कि घबराने की बात नहीं है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। कच्चे तेल की खरीद के लिए सरकार ने अन्य विकल्पों की ओर भी देखा है। मगर हालत यह है कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी की गई, उसे हासिल करने के लिए अवधि का अंतराल बढ़ाया गया है, वाणिज्यिक सिलेंडर की भी आपूर्ति सीमित की गई है। उसके बावजूद बहुत सारे लोगों के सामने रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती बन गई है। कई जगहों से सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें भी आईं। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी से सख्ती से निपटने को कहा है।

बहरहाल, इतना तय है कि जब तक सरकार इस संकट के दौर में वैकल्पिक उपायों या फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक प्रयासों के जरिए तेल और गैस की आपूर्ति को सामान्य बनाने की व्यवस्था नहीं करती है, तब तक लोगों के बीच पैदा हुई आशंका की स्थिति को समाप्त कर पाना संभव नहीं होगा।। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार ने जिस तरह पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती करके कंपनियों को राहत दी है, उसी तरह आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतें नियंत्रण में रखने से लेकर रसोई गैस के सिलेंडरों की सहज आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगी।

## प्रसंगवश

# संकट गहराता जा रहा है सरकारी स्कूलों पर

डॉ. सत्यवान सौरभ

संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह अधिकार धीरे-धीरे कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। साल 2014-15 से 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11,07,101 से घटकर 10,17,660 रह गई, यानी लगभग 89,441 स्कूल कम हो गए, जबकि निजी स्कूलों की संख्या 2,88,164 से बढ़कर 3,31,108 हो गई। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए चिंताजनक है, जहां गरीब और वंचित वर्गों के बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुंच लगातार कठिन होती जा रही है।

सरकारी स्कूलों के संकट का एक प्रमुख कारण स्कूल मर्जर नीति है, जिसके तहत कम नामांकन वाले छोटे स्कूलों को बड़े स्कूलों में मिला दिया जाता है। इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंच कठिन हो गई। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में हजारों स्कूल बंद हुए हैं, जो कुल बंदी का बड़ा हिस्सा हैं। इसके अलावा, शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और मिड-डे मील जैसी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन न होना भी नामांकन में गिरावट के प्रमुख कारण हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कुछ प्रावधान, जैसे एकल शिक्षक स्कूलों को हतोत्साहित करना भी इस प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों में नामांकन में भारी कमी आई है। जबकि निजी स्कूलों में छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गरीब परिवारों के बच्चे अब मजबूरन निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं लेकिन ऊंची फीस उनके लिए बड़ी बाधा बन जाती है।

निजी स्कूलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है । हालांकि यह वृद्धि कई चिंताएं भी पैदा करती है। निजी स्कूलों में फीस में भारी वृद्धि देखी जा रही है, जिससे निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी हो रही है। एक ओर संपन्न वर्ग बेहतर संसाधनों और सुविधाओं वाले निजी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करता है, वहीं दूसरी ओर गरीब वर्ग सीमित संसाधनों वाले सरकारी स्कूलों तक ही सीमित रह जाता है। इस असंतुलन का सीधा प्रभाव ड्रॉपआउट दर पर भी पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में लाखों बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया है, जिनमें बड़ी संख्या किशोरियों की है। इसके पीछे गरीबी, बाल श्रम, परिवार का प्रवास, स्कूलों की दूरी और सुरक्षा की कमी जैसे कई कारण जिम्मेदार हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाता है।

शिक्षा का निजीकरण केवल शैक्षिक समस्या नहीं है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहराता है। जब सभी वर्गों को समान शिक्षा के अवसर नहीं मिलते, तो समाज में अवसरों का असंतुलन बढ़ता जाता है। भारत में शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 3 प्रतिशत ही खर्च किया जाता है, जबकि इसे 6 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य अभी भी अधूरा है। इसका प्रभाव महिलाओं के सशक्तिकरण, रोजगार के अवसरों और देश के समग्र आर्थिक विकास पर पड़ता है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो यह लोकतंत्र के लिए भी खतरा बन सकती है क्योंकि एक शिक्षित समाज ही जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करता है। इस संकट से निपटने के लिए सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

स्कूल मर्जर नीति पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे स्कूलों को संरक्षित किया जाना चाहिए। रिक्त शिक्षक पदों को शीघ्र भरा जाए और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, स्वच्छ पेयजल और डिजिटल संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण तथा निगरानी बढ़ाई जाए। शिक्षा का अधिकार कानून के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए और शिक्षा पर सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर इसे सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। निजीकरण का बढ़ता प्रभाव सरकारी स्कूलों के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। सरकारी स्कूलों की घटती संख्या और निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या यह संकेत देती है कि शिक्षा धीरे-धीरे एक मौलिक अधिकार से हटकर एक व्यापार का रूप लेती जा रही है। इसका सबसे अधिक प्रभाव गरीब और वंचित वर्गों पर पड़ रहा है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह असमानता समाज को गहराई तक प्रभावित करेगी। शिक्षा को बाजार की वस्तु नहीं, बल्कि सामाजिक विकास का आधार मानते हुए इसे मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य इसी पर निर्भर करता है।

## जलवायु संकट

### सिंधु घाटी सभ्यता का पतन पर्यावरणीय गिरावट के कारण धीरे-धीरे हुआ

# प्रकृति में बदलाव से नष्ट हो गईं सभ्यताएं

मुकुल व्यास

सूखा ही नहीं बहुत ज्यादा पानी भी उतना ही नुकसानदायक हो सकता है। शिजियाहे की कहानी सिर्फ यही कहती है कि समाज को अव्यवस्थित करने के लिए चरम जलवायु को रिकॉर्ड तोड़ने की जरूरत नहीं, उसे बस लंबे समय तक टिकने की जरूरत है। मानव इतिहास में जलवायु का हमेशा से ही अहम रोल रहा है। अच्छी जलवायु में अनेक सभ्यताओं का उत्थान हुआ और जलवायु बिगड़ने पर कई सभ्यताओं का पतन हुआ। इतिहास में इसके अनेक उदाहरण मौजूद हैं। जब सही समय पर बारिश होती है, तो फसलें उगती हैं और शहर फलते-फूलते हैं। जब ऐसा नहीं होता, तो लोग दूसरी जगह चले जाते हैं। लगभग 4,200 साल पहले, धरती पर एक बड़ा जलवायु परिवर्तन हुआ था। मध्य पूर्व से लेकर एशिया तक की सभ्यताओं ने मुश्किलें झेलीं। मध्य चीन में, शिजियाहे संस्कृति के नाम से जाना जाने वाला एक बड़ा और संगठित समाज खत्म होने लगा। सालों तक शोधकर्ता इस बात पर बहस करते रहे कि शिजियाहे के पुराने शहर को क्यों छोड़ दिया गया था। पहले उनका शक सूखे पर था।

वैज्ञानिकों की एक टीम ने अब शिजियाहे के पतन का कारण यांग्त्ज़ी वैली में बार-बार, लंबे समय तक होने वाली बारिश को बताया है। उनके नतीजों से पता चलता है कि इस इलाक़े में जबरदस्त बाढ़ आई थी। यह समझने के लिए कि वास्तव में क्या हुआ, शोधकर्ता जमीन के नीचे गए। यांग्त्ज़ी वैली के बीच में हेशांग गुफा के अंदर, उन्होंने स्टैलेग्माइट (कैल्शियम कार्बोनेट के भंडार) की स्टडी की जो गुफा के फ़र्श से धीरे-धीरे बढ़ रहा था। स्टैलेग्माइट तब बनते हैं जब छत से बारिश का पानी टपकता है और कैल्शियम कार्बोनेट की छोटी-छोटी परतें पीछे छोड़ जाता है। साल दर साल, ये परतें इतिहास की किताब के पन्नों की तरह जमा होती जाती हैं। उन परतों की रासायनिक बनावट को मापकर शोधकर्ताओं ने एक ऐसी चीज बनाई जिसे उन्होंने 'रेनफाल इयरबुक' कहा। उन्होंने 1,000 साल की अवधि में हर साल कितनी बारिश हुई, यह पता लगाने के लिए 925 सैंपल माप लिए। इसके नतीजे साफ थे। घाटी में तीन सूखे दौर आए। हर दौर 40 से 150 साल तक चला, जब बारिश 700 मिलीमीटर प्रति साल (लगभग 28 इंच) से कम हो गई। इसने दो बहुत ज़्यादा बारिश वाले दौर भी झेले। एक 80 साल और दूसरा 140 साल, जब बारिश प्रति वर्ष 1,000 मिलीमीटर से ज्यादा हो गई।



जब शोधकर्ताओं ने बारिश के रिकॉर्ड की तुलना पुरातात्विक सबूतों से की, तो पैटर्न साफ हो गया। बारिश वाले दौर में गंभीर बाढ़, फैलती आर्द्रभूमि और आबादी में तेज गिरावट के संकेत मिले। लगभग 3,950 साल पहले इस इलाके में रिकॉर्ड में सबसे लंबे समय तक भारी बारिश हुई। झीलें फैल गईं। निचली जमीन गीली हो गई और खेती की जमीन कम हो गई। उसी समय, शिजियाहे कल्चर से जुड़े पुरातात्विक अवशेषों की संख्या कम होने लगी। यह गिरावट थोड़ी देर के लिए नहीं थी। यह सदियों तक चली। सबूत बताते हैं कि जो लोग बच गए, उन्होंने घाटी में अपना शहरी ठिकाना छोड़ दिया और ऊंची जगहों पर चले गए।

यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफर्ड के अर्थ साइंसेज़ डिपार्टमेंट और चाइना यूनिवर्सिटी ऑफ जियोसाइंसेज़ (वुहान) की टीमों ने इस रिसर्च का नेतृत्व किया है। उन्होंने अपने अध्ययन में एक गुफा के अंदर के क्लाइमेट रिकॉर्ड को जमीन के ऊपर एक संगठित समाज की नियति से जोड़ा है। अध्ययन में एक खास बात सामने आई। शोधकर्ताओं ने पाया कि शिजियाहे सभ्यता के खत्म होने से जुड़े ज्यादा बारिश के समय के दौरान सबसे ज़्यादा बारिश आज के समय में रिकॉर्ड की गई कुछ बहुत ज़्यादा बारिश की घटनाओं से कम थी। यह बात मायने रखती है। पुराने समाजों में बांध, तटबंध, एडवांस्ड ड्रेनेज सिस्टम या बड़े पैमाने पर बाढ़ नियंत्रण की प्लानिंग नहीं थी। वे स्थिर मौसमी पैटर्न पर बहुत ज्यादा निर्भर थे। जब वे पैटर्न टूट गए, तो विकल्प कम हो गए।

शिजियाहे कल्चर ने बड़ी बस्तियां बनाई थीं और एडवांस्ड क्राफ्ट और ट्रेड नेटवर्क डेवलप किए थे। लेकिन ये लोग बढ़ती झीलों को भर नहीं सके या उन खेतों को वापस नहीं पा सके जो साल दर साल पानी में डूबे रहते थे। समय के साथ, दूर जाना ही शायद एकमात्र सही विकल्प रहा होगा। यह रिसर्च गर्म होती दुनिया के लिए सबक है। यह दिखाती है कि इंसानी सिस्टम बारिश में लंबे समय तक होने वाले बदलावों के प्रति कितने संवेदनशील हो सकते हैं। बहुत कम पानी खतरनाक है। बहुत ज्यादा पानी भी उतना ही नुकसानदायक हो सकता है। शिजियाहे की कहानी सिर्फ अतीत के बारे में नहीं है। समाज को अव्यवस्थित करने के लिए चरम जलवायु को रिकॉर्ड तोड़ने की जरूरत नहीं है। उसे बस लंबे समय तक टिकने की जरूरत है। चार हजार साल पहले, नियमित बारिश निरंतर बारिश में बदल गई। खेत डूब गए। शहर खाली हो गए। एक कल्चर जो कभी यांग्त्ज़ी घाटी के बीच में फली-फूली, वह ऊंची जमीन पर बिखर गई। हेशांग की गुफा हर बूंद का हिसाब रखती थी। अब इसने सारी कहानी कह दी है। इस तरह की कहानियां दुनिया में दूसरी जगहों पर भी दोहराई गई हैं।

अतीत में भारत पर भी जलवायु परिवर्तन का असर पड़ा। वर्ष 1900 ईसा पूर्व और 1300 ईसा पूर्व के बीच सिंधु घाटी की हड़प्पा सभ्यता का पतन हुआ। यह परिवर्तन अचानक नहीं बल्कि पर्यावरणीय गिरावट, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक पतन के कारण धीरे-धीरे हुआ। नदियों के मार्ग में परिवर्तन, भीषण सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन इसके प्रमुख कारण थे, जिससे पारिस्थितिक असंतुलन उत्पन्न हुआ। मानसून के कमजोर होने और शुष्कता बढ़ने से पानी की गंभीर कमी हो गई और कृषि उत्पादन में गिरावट आई, जिसके कारण आबादी को पूर्व और दक्षिण की ओर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। ईंटें पकाने के लिए वनों की कटाई और संसाधनों के अत्यधिक दोहन के साथ-साथ लवणता में वृद्धि ने संभवतः भूमि की उर्वरता को नष्ट कर दिया।

सिंधु नदी के मार्ग में परिवर्तन और सरस्वती नदी के सूखने से कुछ क्षेत्रों में भीषण बाढ़ आई और अन्य क्षेत्रों में सूखा पड़ा। मेसोपोटामिया और संभवतः अन्य क्षेत्रों के साथ व्यापार में गिरावट ने शहरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। आज दुनिया तेजी से गर्म हो रही है। इसके परिणाम भी हम देख रहे हैं। यदि हमने जलवायु परिवर्तन के कारणों को समय रहते दूर नहीं किया तो हमें भविष्य में बड़े संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## खुला मंच

# समुद्र में गब्बरगीरी से खुली टोल की पोल

आलोक पुराणिक

गब्बर सिंह सिर्फ रामगढ़ में नहीं था, अब खबरें हैं कि ईरान से होर्मुज की खाड़ी से गुजरने वाले जहाजों से रकम वसूलना शुरू कर दिया है। अमेरिका होर्मुज की खाड़ी पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा है। दुनिया एकाएक रामगढ़ गांव जैसी हो गयी है। गब्बरबाजी चल रही है, कई तरफ। वेनेजुएला में अमेरिका की गब्बरबाजी चल गयी है, अमेरिका के सैनिक गये और वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पकड़ लाये। ईरान में यह सब नहीं हो पा रहा है। ट्रंप पहले बताया करते थे कि भारत-पाक युद्ध में इतने जेट गिर गये थे, उतने गिर गये थे। अब ट्रंप यह बताने में शरमा रहे हैं कि कितने अमेरिकी जेट ईरान युद्ध में गिर गये।

इधर पश्चिम एशिया में अमेरिका वैसी गब्बरगीरी नहीं दिखा पा रहा है, जैसी गब्बरगीरी उसने वेनेजुएला में दिखाई थी। पश्चिम एशिया में ईरान गब्बर की तरह खड़ा होकर चिल्लाता है -'कितने जहाज थे?!' तेल से लदे टैंकर, मालवाहक जहाज, सब लाइन में खड़े हैं। ईरान कहता है-'अब से हर जहाज को टोल देना पड़ेगा।' यानी समुद्र में बाकायदा 'गब्बरगीरी'। फर्क बस इतना है कि यहां घोड़े नहीं, जहाज हैं और टोल टैक्स की रसीदें हैं। अमेरिका ठाकुर की तरह बैठा है। बातें बहुत करता है-'हम लोकतंत्र के रक्षक हैं, हम आज़ादी के पहरेदार हैं।'लेकिन जब ईरान गब्बर की तरह टोल वसूलता है, तो अमेरिका का वही हाल है जो ठाकुर का था-हाथ तो हैं, पर काम के नहीं। कभी लगता है सऊदी अरब वीरू है-जो बस बोतल लेकर चढ़ जाता है और कहता है 'बस हो गया, अब ईरान को सबक सिखाएंगे।' सबक कोई नहीं सीख रहा है, सब सिखाने में लगे हुए हैं। दुबई का शानदार एयरपोर्ट अब मिसाइलों का नृत्यस्थल बन गया है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब बहुत अमीर किस्म के ऐसे सेठ हैं, जिनके पास दौलत तो है पर लड़ने का तजुर्बा नहीं है, इच्छा शक्ति नहीं है, सो पिट रहे हैं। उधर ईरान के पास दौलत न भी हो पर लड़ाई में उसके कई दशक बीते हैं। जय शायद यूरोप है - जो शांत रहता है, सिगरेट सुलगाता है और कहता है-'देखते हैं, वक्त आने पर गोली चलाएंगे।' लेकिन असलियत में दोनों ही बस गब्बर को देखते रहते हैं और सोचते हैं-'कहीं टोल बढ़ न जाए।'

होर्मुज की खाड़ी में जहाज ऐसे नाच रहे हैं जैसे बसंती गब्बर के सामने।

बसंती (यानी शिपिंग कंपनियां) कहती हैं-'हमें तो बचना है, हम नाचेंगे ही।'

गब्बर का डायलॉग-'जो डर गया समझो मर गया।'

ईरान का नया डायलॉग है- 'जो टोल नहीं देगा, समझो डूब गया।'

## शिक्षा एवं स्वास्थ्य

### संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि वे छात्रों को एक सुरक्षित, सकारात्मक और सपोर्टिव माहौल दें

# छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य की चिंता भी जरूरी

डा. वरिंद्र भाटिया

देश में उच्च शिक्षा की रेग्युलेटरी संस्था, यूजीसी ने एक नई पहल करते हुए कालेज और यूनिवर्सिटी में पढने वाले छात्रों की मेंटल हेल्थ, फिटनेस, यानी कि मानसिक स्वास्थ्य और खुशनुमा जिंदगी को लेकर खास गाइडलाइंस जारी की हैं। अब सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि छात्रों की मानसिक स्थिति, तनाव और जीवनशैली पर भी खास ध्यान दिया जाएगा।

भारत ही नहीं, यहां तक कि पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में, इस समय 45 फीसदी से अधिक कालेज छात्र मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसके कारण डिग्री पूरी न कर पाने की दर 39 फीसदी तक पहुंच गई है। यूजीसी का मानना है कि उच्च शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। यह छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें समाज के लिए तैयार करने का जरिया है। ऐसे में संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि वे छात्रों को एक सुरक्षित, सकारात्मक और सपोर्टिव माहौल दें, जहां वे बिना डर और दबाव के आगे बढ़ सकें। इन गाइडलाइंस में खासतौर पर उन समस्याओं को ध्यान में रखा गया है जिनसे आज के छात्र जूझ रहे हैं। पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, दोस्तों का दबाव, तनाव, डिप्रेशन और व्यवहार से जुड़ी दिक्कतें आज आम हो गई हैं।

यूजीसी ने संस्थानों से कहा है कि वे इन समस्याओं को गंभीरता से लें और समय रहते समाधान निकालें। यूजीसी ने यह भी कहा है कि कालेज और यूनिवर्सिटी का माहौल सिर्फ क्लासरूम तक सीमित नहीं होना चाहिए। कैंपस में ऐसी गतिविधियां होनी चाहिए जो छात्रों के शैक्षणिक, सामाजिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करें। क्या देश के सभी कालेज ऐसा कर रहे हैं? इसके लिए इंटर्नशिप, ग्रुप एक्टिविटी,



सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक कार्यों को बढ़ावा देने की बात कही गई है। गाइडलाइंस के अनुसार हर संस्थान में स्टूडेंट सर्विस सेंटर बनाया जाना चाहिए।

यह एक ऐसा सेंटर होगा जहां छात्रों को काउंसलिंग, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी मदद और अन्य समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। यहां प्रशिक्षित एक्सपर्ट्स मौजूद रहेंगे, जो छात्रों की बात सुनेंगे और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देंगे। इसके साथ ही आज छात्रों की शारीरिक फिटनेस भी उतनी ही जरूरी है जितनी पढ़ाई।

इसलिए कालेजों को खेल के मैदान, जिम, योग और फिटनेस प्रोग्राम जैसी सुविधाएं देनी होंगी, जहां छात्रों को नियमित रूप से फिजिकल एक्टिविटी करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रह सकें। जरूरी है कि छात्रों के साथ बहुत ज्यादा सख्ती या सजा देने से बचा जाए। अगर किसी छात्र में व्यवहार से जुड़ी समस्या है, तो उसे सजा देने के बजाय काउंसलिंग और सुधार के जरिए मदद की जाए। इससे छात्र खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे और खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। क्यों न कालेज और यूनिवर्सिटी मेडिकल संस्थानों के साथ मिलकर काम करें। इससे जरूरत पडने़ पर छात्रों को बेहतर इलाज और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी, साथ ही भविष्य के लिए ज्यादा से ज्यादा मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स तैयार करने पर भी जोर दिया जाना चाहिए। कालेज छात्रों का गिरता मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा है, जिसमें लगभग 40 फीसदी छात्र अवसाद या चिंता से जूझ रहे हैं। शैक्षणिक दबाव, वित्तीय तनाव और भविष्य की अनिश्चितता प्रमुख कारण हैं।

भारत के कालेज छात्र एक खामोश मानसिक स्वास्थ्य संकट से गुजर रहे हैं। आंध्र प्रदेश की एक निजी यूनिवर्सिटी के किए गए एक मल्टी-सिटी अध्ययन में यह चिंताजनक तस्वीर सामने आई थी। जुलाई से नवंबर 2023 के बीच किए गए इस सर्वे में देश के 8 टियर-1 शहरों दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और कोलकाता के 1628 छात्रों (उम्र 18-29 वर्ष) को शामिल किया गया। सर्वे के अनुसार करीब 70 फीसदी छात्र एंग्जाइटी और 60 फीसदी से ज्यादा डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। 2019 में भारत में कालेज के छात्रों के बीच आत्महत्या के मामलों पर एक अध्ययन भी किया गया था। यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया की मेलबर्न यूनिवर्सिटी, भारत के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेस और कई भारतीय मेडिकल कालेजों ने मिलकर किया था।

अध्ययन का उद्देश्य यह समझना था कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं छात्रों पर किस हद तक असर डाल रही हैं और आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम उठाने पर मजबूर कर रही हैं। इस अध्ययन के लिए भारत के नौ राज्यों के 30 विश्वविद्यालयों के 8500 से ज्यादा छात्रों के बीच सर्वे किया गया। इसमें पाया गया कि पिछले एक साल में 12 फीसदी से ज्यादा छात्रों के मन में आत्महत्या के विचार आए थे। 6.7 फीसदी ने अपनी जिंदगी में कभी न कभी आत्महत्या का प्रयास किया। बड़े शहरों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों में डिप्रेशन का स्तर सबसे ज्यादा पाया जा रहा है। ऐसे अनेक शहरों का जीवन तेज, व्यस्त और थकाऊ है। हर छात्र के लिए ऐसा जीवन माकूल नहीं हो पाता। ऐसे शहरों का ट्रैफिक, प्रदूषण और भागदौड़ भरा माहौल छात्रों में क्रॉनिक स्ट्रेस की समस्या को बढ़ा रहा है। यहां रहने वाले कई छात्र परिवार से दूर रहते हैं और सामाजिक तौर पर अलग-थलग महसूस करते हैं। एक और दिक्कत ये भी है कि कई छात्र सीमित साधनों में पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि उनके आसपास उन्हें अमीरी की झलक दिखती है। सोशल मीडिया इस अंतर को और बढ़ा देता है, जहां परफेक्ट लाइफ की तुलना से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान दोनों प्रभावित होते हैं।

महिला छात्रों में एंग्जाइटी और डिप्रेशन के मामले ज्यादा हैं। सुरक्षा की चिंता, पारिवारिक अपेक्षाएं और करियर बनाम निजी जीवन का तनाव उन्हें और ज्यादा असुरक्षित महसूस कराता है। हर कालेज में काउंसलर को इतना सक्षम बनाया जाना चाहिए कि वे समय रहते पहचान सकें कि किस छात्र को मदद की जरूरत है। उन्हें आत्महत्या की आशंकाओं, खतरे को समझने और सही सलाह देने की पूरी ट्रेनिंग मिलनी चाहिए। हम नहीं चाहते कि कोई युवा अपनी जिंदगी से हार मान ले। हम इसे रोक सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि कालेजों और विश्वविद्यालयों में भावनात्मक मजबूती, तनाव से निपटने के तरीके और मानसिक दबाव के चलते आत्महत्या की रोकथाम जैसी बातें सिखाई जानी चाहिए। छात्रों और शिक्षकों को यह सिखाना जरूरी होगा कि वे दूसरों की तकलीफ को समय पर पहचान सकें। देश के अनेक युवा छात्र, जो कि देश का स्वर्णिम भविष्य हैं, एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन समय रहते वर्तमान में इस पर खुलकर बात करना, पेशेवर मदद लेना और कालेज स्तर पर सुविधाओं को बेहतर बनाना बेहद जरूरी है। तभी इस संकट को रोका जा सकता है।

## जीवन दर्शन

# कल का कोई भरोसा नहीं, आज कुछ नया करें

जीवन का असली रहस्य यह है कि हम इसे ऐसे जिएं, जैसे हम खुद भी कल हों या न हों। जब हम ऐसा सोचते हैं, तब काम को अधूरा नहीं छोड़ते, रिश्तों को नजरअंदाज नहीं करते, और हर पल को पूरी शिद्दत के साथ जीते हैं। हम अक्सर एक सुरक्षित और सीमित दायरे में जीते रहते हैं, अपने चारों ओर एक नाजुक-सा खोल बना लेते हैं, और मान लेते हैं कि यही जीवन है। फिर अचानक कोई किताब पढ़ते हैं या यात्रा करते हैं और तब हमें एहसास होता है कि हम वास्तव में जी नहीं रहे, बल्कि हम तो सुषुप्त अवस्था में हैं। इस स्थिति के संकेत बहुत आसानी से समझे जा सकते हैं। पहला संकेत है-बेचैनी। दूसरा, और ज्यादा गंभीर संकेत है-जीवन में खुशी का खत्म हो जाना। यह स्थिति देखने में भले ही साधारण लगे, लेकिन धीरे-धीरे यह खतरनाक बन जाती है। एक जैसी जिंदगी, लगातार ऊब और उत्साह की कमी, ये सब मिलकर इन्सान को अंदर ही अंदर खत्म करने लगते हैं। लाखों लोग इसी तरह जीते रहते हैं, या यों कहें कि धीरे-धीरे जीना छोड़ देते हैं, और उन्हें पता भी नहीं चलता कि उनके जीवन से असली खुशी और जीवंतता कब गायब हो गई। फिर अचानक कोई चीज उन्हें



झकझोर देती है-कोई इन्सान, कोई किताब या कोई गीत। वह उन्हें जैसे नींद से जगा देता है और उन्हें जीवन का असली एहसास करा देता है। हालांकि, एक सच यह भी है कि कुछ लोग कभी जाग ही नहीं पाते। जीवन का असली रहस्य यह है कि हम इसे ऐसे जिएं, जैसे कल का कोई भरोसा न हो, जैसे हम खुद भी कल यहां हों या न हों।

इस विचार ने मुझे हर मिलने वाले, हर परिचय, हर संवाद के प्रति अधिक सतर्क बना दिया। यह अनुभूति आज के समय में दुर्लभ हो गई है और दिन-ब-दिन दुर्लभ होती जा रही है, क्योंकि अब हम एक तेज और सतही गति में जी रहे हैं। आज हम मानते हैं कि हम अधिक लोगों, देशों, स्थानों के संपर्क में हैं। लेकिन यह एक भ्रम है, जो हमें हमारे पास मौजूद व्यक्ति से गहराई से जुड़ने से वंचित कर देता है। जब तकनीक इन्सानों के बीच की जगह लेने लगती है, और हमें लगता है कि हम लाखों लोगों से जुड़े हुए हैं, तब असल में हम अंदर से और ज्यादा अकेले हो जाते हैं। हमारी सच्ची भावनाएं, गहरे रिश्ते और एक-दूसरे को समझने की क्षमता भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

जीवन की असली समृद्धि अपने आसपास के लोगों को महसूस करने और उनसे दिल से जुड़ने से होती है। जीवन का वह संगीत, वह ऊर्जा, वह चेतना, जो हमें केवल जागृत होकर ही अनुभव होती है, वही जीवन को सच्चा बनाती है। यह अनुभव तभी मिलता है, जब हम सच में जागरूक होकर जीते हैं। अगर हम हर दिन, हर पल और हर व्यक्ति का ध्यान रखें, तो साधारण और उबाऊ लगने वाली जिंदगी में भी हमें सच्ची खुशी मिल सकती है। जीवन का असली अर्थ तब ही महसूस होता है, जब हम हर क्षण जागरूक होकर जीते हैं, हर व्यक्ति और अनुभव के साथ पूरी संवेदनशीलता से जुड़ते हैं, कल के अनिश्चित होने को स्वीकार करते हैं, और अपनी दिनचर्या, ऊब और तर्कसंगत जीवन की सीमाओं से बाहर निकलकर कुछ नया करने की कोशिश करते हैं।

## ।। गीता ज्ञान ।।



**श्लोक**

**यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रिया:!**
**चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता !!**

**भावार्थ**

अच्छे लोग वही बात बोलते है जो उनके मन में होती है। अच्छे लोग जो बोलते है वही करते है। ऐसे पुरुषो के मन, वचन व कर्म में समानता होती है।

# सिंधी लिपि को सरकारी स्तर पर रोजगार से जोड़ने को लेकर नहीं हुई कोई भी बात

## कुछ ने छोड़ी गहरी छाप, नहीं निकला कोई बड़ा नतीजा

**संत हिरदाराम नगर।** अगर आजाद भारत में पृथक सिंधु प्रदेश होता, तो आज जैसा बुरा हश्र सिंधी भाषा का नहीं होता, लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के 79 साल बाद भी सिंधी नेता व भाषा के उत्थान की बात करने वाले यह नहीं समझ पाए हैं, कि जब तक केंद्र एवं प्रदेश सरकारें इस बात की घोषणा नहीं कर देती कि जो भी विद्यार्थी कक्षा 12वीं सिंधी लिपि में उत्तीर्ण करेगा, उसे सरकारी स्कूलों में शिक्षक एवं जो स्नातक एवं स्नातकोत्तर सिंधी लिपि में पास करेगा, उसे सरकारी कालेज में सहायक प्राध्यापक या प्राध्यापक की नौकरी दी जाएगी। सरकार से यह अधिकार लिए बिना सिंधी भाषा के उत्थान की बातें करना बेमानी होगी। देश के सभी राजनीतिक दलों के सिंधी भाषी नेताओ को केवल इसी मुद्दे पर सरकार को मजबूर करते हुए घोषणा करानी होगी। इसके बिना सिंधी लिपि का उत्थान संभव नहीं होगा, फिर चाहे देश-विदेश में कितने भी सम्मेलन क्यों न आयोजित किए जाएं। इधर मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित दो दिववीय अंतरप्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन भी सिंधी भाषा के उत्थान की दिशा में कोई ठोस कदम उठाए बिना खत्म हो गया।






सिंधी लिपि को रोजगार से जोड़ने की सरकार से मांग किए बिना खत्म हुआ दो दिवसीय सिंधी साहित्य सम्मेलन।

**इन्होंने छोड़ी गहरी छाप:** भले ही यह सम्मेलन बेनतीजा रहा हो, लेकिन पहले दिन सत्र में हर्ष मूलचंदानी ने संत साहित्य के योगदान पर बेहतरीन शुरुआत की और वक्ताओं ने अपने ज्ञान और शोध के अनुसार प्रमुख तथ्य पेश किए। सिंधी साहित्य में राष्ट्रभक्ति के तत्व पर नंद सनमुखानी ने विषय की महत्वपूर्ण भूमिका पेश की। कैलाश शादाब और जेठो लालवानी ने आत्मकथा और सफरनामा पर महत्वपूर्ण बातें साझा की। आदिपुर से आई हुई साहित्यकार प्रोफेसर डॉ. विम्मी सदारंगानी के सिंधी साहित्य में महिला विमर्श पर प्रस्तुत वक्तव्य ने श्रोताओं के दिमाग पर अमिट छाप छोड़ी तथा भविष्य और वर्तमान के हालातों पर सोचने को विवश कर दिया। सिंधी साहित्य में युवा विमर्श पर संत नगर के नव युवक सागर उदासी ने बेहतरीन संचालन किया और अजमेर से आए हुए साहित्यकार प्रकाश तेजवानी ने अपना प्रभावी वक्तव्य पेश किया। अनुवाद की स्थिति और महत्व पर अशोक मनवानी और नदिया मसंद ने अपनी बात रखी। सिंधी और संस्कृति के संबंध पर हरीश कर्मचंदानी और जितेंद्र थदानी ने प्रतिभागियों के सामने कई नवीन पहलुओं को उजागर किया। दिल्ली के डॉ. रवि प्रकाश टेकचंदानी ने हर सत्र में वक्ताओं के अलावा महत्वपूर्ण तत्वों को प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। मुंबई की जूली तेजवानी के निर्देशन में ओ मुहिंजा झूलेलाल, सिंधी नृत्य नाटक की प्रस्तुति काफी प्रभावशाली रही। भगवान झूलेलाल और नारद मुनि को धरती पर इंसान रूप में पेश कर युवा पीढ़ी को मातृभाषा में बात करने, सिंधी संस्कृति और सभ्यता एवं माननीय मूल्य से जुड़े मुद्दे, आपसी अनबन तलाक, पैसे का अभिमान, भाईचारा आदि जैसे विषयों पर सहज सरलता से निष्कर्ष के लिए राह सुझाते हुए अभिनय और संवादों ने दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी।

### भगवानदास की सटीक बात

सम्मेलन में भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने एक सटीक बात यह कही कि हमारे सिंधी साहित्यकार, कलाकार, लेखक आदि युवा पीढ़ी को कुछ भी देने में नाकाम रहे हैं, वे सवाल करेंगे कि हमारे लिए क्या किया। हालत ऐसी है कि आजादी के बाद गिने चुने ही सिंधी गीत बने हैं, जो गीत शादियों या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बजाए जाते हैं, वे भी पाकिस्तान से आयात किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो गीत चार या पांच दशक पूर्व सुनने को मिलते थे, वही आज भी गाए जाते हैं, इसी बीच साहित्यकार, लेखक व कवि समाज को किसी भी तरह के नवीन गीत नहीं दे पाए हैं।

## भोपाल-बैरसिया मार्ग के फोरलेन की मांग तेज

# रैली निकालकर किया प्रदर्शन प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**जागरण, बैरसिया।** भोपाल-बैरसिया मुख्य मार्ग को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस सड़क को फोरलेन करने की मांग को लेकर पत्रकार संघ बैरसिया ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए सोमवार रैली निकाली। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पत्रकार साथी, सामाजिक धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों के अलावा बड़ी संख्या स्थानीय जनता ने सांवलिया मंदिर चौपड़ बाजार से रैली निकाली। इसके बाद तहसील कार्यालय बैरसिया के सामने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नाम तहसीलदार बैरसिया दिलीप चौरसिया को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के समर्थन में पूर्व सांसद सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव राजकुमारी सुंदर लाल केवट, विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी रहीं जयश्री हरिकरण, जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिता शर्मा, कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, जिला ग्रामीण किसान कांग्रेस अध्यक्ष राम भाई मेहर, जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव मदन सिंह ठाकुर, बैरसिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, नजीराबाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी नगर के वरिष्ठ समाज सेवी दीपक दुबे, मनोज व्यास सहित नपा के सभी पार्षद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश ठाकुर आदि ने धरना प्रदर्शन स्थल पर आकर इस धरना प्रदर्शन का समर्थन कर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

### मुख्य मांगें

■ भोपाल-बैरसिया मार्ग का फोरलेन निर्माण तुरंत शुरू किया जाए। जब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक सड़क का तत्काल सर्वे कराया जाए। ■ दुर्घटना संभावित स्थानों पर संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और लाइटिंग लगाई जाए ■ यातायात नियंत्रण के सख्त नियम लागू किए जाएं।

## सामूहिक विवाह का पंजीयन कार्यालय आरंभ

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** श्री नागर धाकड़ समाज के मांगलिक भवन में अक्षय तृतीया (20 अप्रैल) को होने वाले 39वें वर्ष के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए वर-वधु पंजीयन कार्यालय का शुभारंभ विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी देखने को मिली। पूजन कार्यक्रम के बाद स्नेह भोज हुआ, जिसमें समाजिक बंधुओं ने मिलकर सहभागिता की। समापन पर समिति अध्यक्ष संजीव नागर तामोट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।



## दिल्ली के साहित्य उत्सव में कन्यो शेवानी करेंगे मातृ भाषा सिंधी का प्रतिनिधित्व

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के ख्याति प्राप्त सिंधी कवि एवं लेखक कनयो शेवानी को केंद्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा आयोजित 6 दिवसीय साहित्य उत्सव के दौरान सिंधी मातृ भाषा का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देशभर के विभिन्न भाषाओं के कुल 24 मान्यता प्राप्त भाषाओं के विद्वान कवियों, लेखकों एवं साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया है। कनयो शेवानी की गिनती औजस्वी सिंधी कवियों में की जाती है, जो देश के अनेक शहरों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। आज के इस दौर में जब सिंधी लिपि लुप्त होने की कगार पर है, ऐसे में कनयो शेवानी जैसे कवि किसी तरह इसे जीवित रखने के प्रयासों में जुटे हैं।



# महावीर जयंती पर जैन मंदिर से निकाली शोभायात्रा

## जगह-जगह हुआ स्वागत, महिलाओं की रही शानदार भागीदारी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजधानी के अन्य क्षेत्रों के साथ ही संत हिरदाराम नगर में भी महावीर जयंती उत्साह एवं परंपरागत ढंग से मनाई गई। बस स्टैंड के समीप जैन मंदिर में सुबह से ही उत्सवी माहौल था, यहां परंपरागत ढंग से भगवान महावीर की पूजा अर्चना, अभिषेक किया गया। इस मौके पर जैन समाज के कई संत भी मौजूद थे।

सुबह 7 बजे श्री मंदिर में तीनों प्रमुख वेदियों पर अभिषेक शांतिधारा, 10 बजे जैन धर्मशाला में अभिषेक शांतिधारा, सुबह 11 बजे मंदिर में पाषाण कार्य का शुभारंभ हुआ जिसमें विधायक रामेश्वर शर्मा शामिल हुए। इसके बाद 11.30 बजे वात्सल्य भोज में आए हुए अतिथियों एवं सकल जैन समाज के लिए श्री दि जैन मंदिर कमेटी ने शुद्ध सोले की व्यवस्था भी की गई। इससे पूर्व सुबह 8 बजे जैन मंदिर परिसर से आकर्षक शोभायात्रा निकली, जिसमें भगवान महावीर को एक सजे वाहन में बैठाया गया था। शोभायात्रा जैन मंदिर से निकलकर एफ वार्ड, पुलिस चौकी, प्रेम रामचंदानी मार्ग, चंचल रोड, मुख्य मार्ग से होती हुई वापस जैन मंदिर पहुंची, जहां विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। शोभायात्रा में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने महावीर भगवान को दंडवत प्रणाम कर



नारियल भेंट किया। शोभायात्रा में एक ही रंग के वस्त्र पहने महिलाओं का जत्था भगवान महावीर के रथ के पीछे-पीछे चल रहा था। इसमें जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेशचंद जैन, उपाध्यक्ष अनिल जैन वधमार्नन, सचिव राजेश जैन विजय नगर, सह सचिव मनोज जैन, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, सांस्कृतिक सचिव दीपक जैन, संगठन मंत्री संजोष जैन, प्रचार मंत्री विशाल जैन, आडीटर अनिल अजमेरा, मीडिया प्रभारी गजेन्द्र जैन के अलावा कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश दिवडिया, नितिन जैन, रत्नेश जैन, अमित जैन, देवांश अरिहंत, नीरज जैन, स्वदेश जैन, अशोक अजमेरा, सतीश जैन, डॉ. नीरज जैन, संतोष जैन, अमित चंदेरी एव नीरज जैन आदि शामिल हुए। इसका आयोजन सकल जैन समाज ने किया था।

## SUDOKU 191

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 1 | | | 3 | | | |
| | 3 | | | 6 | | | | |
| 8 | 9 | | | | | 5 | | 6 |
| | | | | | 5 | 1 | | |
| | | 7 | 2 | | 1 | 8 | | |
| | | 8 | 4 | | | | | |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | 4 |
| | | | | 2 | | | 9 | |
| | | | 3 | | | 2 | | 1 |

## SOLUTIONS 190

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 1 |
| 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 8 |
| 7 | 3 | 6 | 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 2 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

# शिक्षा के साथ संस्कारों पर देते हैं पूरा जोर: बसंत चेलानी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर की अग्रणी शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था दीपमाला पागारानी संस्कार स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर प्रबंध समिति के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाई या नंबर अधिक लाना नहीं बल्कि, बच्चों को संस्कारवान एवं देश का जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

शिक्षाविद गोपाल गिरधानी, संस्थान के उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल की उपस्थिति में हुए इस आयोजन में बसंत चेलानी ने कहा कि सालभर जो बच्चों और शिक्षकों ने जो मेहनत की है उसका परिणाम है, हमारे विद्यालय में केवल बच्चों के नंबरों पर जोर नहीं दिया जाता है, बल्कि उनके संस्कारो पर ध्यान दिया जाता है जिसके लिए गीता के श्लोकों और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा है, वह मेरे लिए जन्मदिन का बहुत बड़ा उपहार है।

### संस्कार स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



संस्कार स्कूल की विभिन्न कक्षाओं का परीक्षाफल घोषित किया गया।

**कौशल पर दें ध्यान:** इस मौके पर शिक्षाविद गोपाल गिरधानी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे सालभर मेहनत करते हैं और जब उनका परीक्षा परिणाम आता है तो घबराहट के साथ उत्साह भी रहता है, अभिभावकों को भी बच्चों से बहुत उम्मीदें रहती है। हमें मार्कशीट पर छपे हुए अंको पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि उनके कौशल पर ध्यान देना चाहिए। हमें देखना है कि बच्चा क्या सीख रहा है, उसकी दूसरों बच्चों से तुलना नहीं करना चाहिए।

### ये आए अव्वल

प्रथम श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों में मोन्टेसरी में कक्षा प्री-नर्सरी में वैभव दरयानी, नर्सरी में अनय पाण्डे, केजी 1 में मान्या राजपूत, केजी 2 में श्रव्या अरेले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिडिल ग्रुप में कक्षा पहली में हितेष चंद्रकार, दूसरी में वेदिका मारन, तीसरी में तनिष्का सेन, चौथी में कृतिका मिश्रा, कक्षा पांचवी में मानवी शेवानी, छठवीं में एन्जल विश्वकर्मा, सांतवीं में सिया लोखण्डे, कक्षा आठवीं में उत्सव नागर वहीं हायर ग्रुप में कक्षा नवीं में जिया तोलानी, कक्षा ग्यारहवीं में विज्ञान समूह में दृष्टि जैन तथा वाणिज्य संकाय में आयुषी होतवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहां प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम आदि उपस्थित थे। अंत में कोषाध्यक्ष चंदर नागदेव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**जाहिर सूचना**

**(दिनांक 18/10/2004 की मूल रजिस्ट्री गुम होने के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार श्रीमती नीरा कोठ्वानी, पति श्री कमल किशोर कोठ्वानी, निवासी 192, प्रभु नगर, इंदिरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) स्वत्व स्वामित्व का एक किता आवासीय मकान ग्राउंड फ्लोर स्थित एक पूर्ण दुकान नंबर 14, जो निरुपम एस्टेट-II, निरुपम शॉपिंग मॉल, अहमदपुर कलां, भोपाल में स्थित है। उक्त दुकान का क्षेत्रफल लगभग (10x15 फीट) =150 वर्गफुट है। जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्नानुसार है- पूर्व -10 फीट चौड़ा कॉरिडोर, पश्चिम-दुकान नंबर 6, उत्तर-कॉरिडोर, दक्षिण-दुकान नंबर 13 में स्थित है। जो कि श्रीमती नीरा कोठ्वानी, पति श्री कमल किशोर कोठ्वानी, निवासी 192, प्रभु नगर, इंदिरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) दिनांक 18.10.2004 ग्रन्थ नं. 21310 दस्तावेज नं. 1768 (ग) को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, भोपाल में पंजीकृत है। जो कि भारतीय स्टेट बैंक की महावीर नगर शाखा से कही गुम हो गई है। ताकिद जानिये की यदि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा उक्त मूल विक्रय पत्र का दुरूपयोग किया जाता है, अपराधिक आशय से उसका दुरविनियोग करता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार सूचना दाता के पास सुरक्षित रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय अथवा अर्द्ध शासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, अधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अंदर मुझसे, मेरे कार्यालय में संपर्क स्थापित करें एवं आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त समयावधि के बाद आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**राजेन्द्र सिंह राजपूत अधिवक्ता**
पता : 308, बीडीए काम्प्लेक्स, शिवाजी नगर, भोपाल

## राशिफल

**मेष :** भागदौड़ वाला रहेगा। सुबह से ही काम की रफ्तार तेज रहेगी। एक काम खत्म नहीं होगा, दूसरा सामने आ जाएगा। ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। अचानक खर्च आ सकता है।

**वृषभ :** चीजें धीरे-धीरे आगे बढ़ेंगी। जल्दबाजी करेंगे तो काम बिगड़ सकता है। पुराने काम से फायदा मिलने के संकेत हैं। घर का माहौल सामान्य रहेगा।

**मिथुन :** आज दिन आपके पक्ष में रहेगा। नए लोगों से संपर्क बनेगा। ये आगे काम आ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत दिखेगी। मन हल्का रहेगा।

**कर्क :** आज मन थोड़ा उलझा रह सकता है। एक साथ कई बातें दिमाग में चलेंगी। काम का दबाव रहेगा, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक होगा। घर के मामलों में ध्यान देना पड़ेगा। परिवार को समय दें।

**सिंह :** आज आपका आत्मविश्वास अच्छा रहेगा। जो काम अटका था, उसमें हलचल दिखेगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। लोग आपकी बात ध्यान से सुनेंगे। खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या :** काम ज्यादा रहेगा। एक साथ कई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। थकान महसूस होगी, लेकिन मेहनत रंग लाएगी। सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा।

**तुला :** आज प्लानिंग के साथ काम करना जरूरी है। जल्दबाजी करेंगे तो नुकसान हो सकता है। ऑफिस में थोड़ा दबाव रहेगा, उधार देने या लेने से बचें। खान-पान पर ध्यान दें।

**वृश्चिक :** दिन अच्छा रहेगा। नई प्लानिंग पर काम शुरू कर सकते हैं। आपके आइडिया लोगों को पसंद आएंगे। दोस्तों और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। मन खुश रहेगा। दिन पॉजिटिव रहेगा।

**धनु :** दिन संतुलित रहेगा। काम और घर दोनों ठीक से चलेंगे। ऑफिस में सहयोग मिलेगा। कोई नया मौका मिल सकता है। पार्टनर के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**मकर :** आज थोड़ा संभलकर चलना होगा। छोटी बात भी विवाद में बदल सकती है। बोलते समय शब्दों का ध्यान रखें। काम में ध्यान बनाए रखें।

**कुंभ :** आज दिन अच्छा रहेगा। काम में प्रगति दिखेगी। नए मौके सामने आ सकते हैं। उन्हें पहचानना जरूरी है। आत्मविश्वास बना रहेगा। यात्रा के योग हैं।

**मीन :** आज थोड़ा कंफ्यूजन रह सकता है। कोई फैसला लेने में जल्दबाजी न करें। काम में धैर्य रखना जरूरी है। पैसों के मामले में सावधानी रखें। अनावश्यक खर्च से बचें।

**आज का पंचांग: 31 मार्च मंगलवार 2026। दिशाशूल :** उत्तर **पर्व एवं त्योहार :** श्री महावीर जयंती (जैन) विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु चैत्र मास शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 06 घंटे 57 मिनट तक तत्पश्चात चतुर्दशी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र 15 घंटे 21 मिनट तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, गंड योग 15 घंटे 42 मिनट तक तत्पश्चात वृद्धि योग, सिंह में चंद्रमा 21 घंटे 33 मिनट तक तत्पश्चात कन्या में।

## रेलवे फाटक के पास हनुमान प्रतिमा की प्राण- प्रतिष्ठा 2 को




**जागरण, औबेदुल्लागंज।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर धार्मिक उत्साह चरम पर है। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री हनुमान जी की नव निर्मित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति द्वारा जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार यह पावन कार्यक्रम 3 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न होगा। भगवान का फूलादिवास, जलाधिवास, नगर भ्रमण एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं की जाएंगी। 2 अप्रैल को मुख्य रूप से हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा, अभिषेक एवं पूर्णाहुति होगी तथा 3 अप्रैल को भंडारा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल रेलवे फाटक के पास अर्जुन नगर, हिरानिया औबेदुल्लागंज निर्धारित किया है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

**-: जाहिर-सूचना :-**

मैं अपने पक्षकार एल.आई.सी हॉउसिंग फायेंनेंस लिमिटेड शाखा लालघाटी, भोपाल के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उक्त शाखा में बेबी बुशरा पत्नी मो. इकबाल निवासी-मकान-31, गली नं 04, काजी केम्प, बेरसिया रोड, भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य के मकान नं 177 कुल क्षेत्रफल 1750 वर्गफिट, चौकसे नगर, ग्राम निशातपुरा, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व-प्लाट नं 178, पश्चिम-30 फिट रोड, उत्तर-30 फिट रोड, दक्षिण-प्लाट नं 185, उक्त सम्पत्ति को बंधक कर गृह ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हुए व्यक्त किया कि उक्त सम्पत्ति की लिंक दस्तावेज (चेन रजिस्ट्री) जिसका विक्रय पत्र भानू प्रकाश शर्मा पुत्र मनमोहन शर्मा के हित में दिनांक 25.09.1998 को उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में पंजीबद्वकराया गया, कही गुम हो गया है यदि उक्त सम्पत्ति अथवा पंजीयत विक्रय पत्र के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय सस्था, बैंक या किसी व्यक्ति या उसके उत्तराधिकारी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई लेनदेन हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरान्त कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

भवदीय **प्रदीप मोदी** अभिभाषक
आफिस पता-चेम्बर नं 356, उत्तम चंद ईसराणी लार्यस चेम्बर, अरेरा हिल्स, जिला भोपाल
मो.न. 9826013951,8109595295

**-: जाहिर-सूचना :-**

मैं अपने पक्षकार एल.आई.सी हॉउसिंग फायेंनेंस लिमिटेड शाखा एम.पी.नगर, भोपाल के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि उक्त शाखा में संतोषी बाई पत्नी बनवारी कटारे निवासी-श्रीराम कालोनी, इटारसी, जिला नर्मदापुरम से उनके स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य के भूखण्ड क्रं. 2/5 कुल क्षेत्रफल 640 वर्गफिट जो खसरा नं 538/2 का भाग होकर राजेन्द्रपुरा, पुरानी इटारसी, तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व-रास्ता, पश्चिम -आशुतोष पटेल की भूमि, उत्तर-विक्रेता का रकबा, दक्षिण-विवेक बाथरी का प्लाट, उक्त सम्पत्ति को बंधक कर गृह ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हुए व्यक्त किया कि उक्त सम्पत्ति की लिंक दस्तावेज (चेन रजिस्ट्री) जिसका विक्रय पत्र सीमा तिवारी पत्नी योगेश तिवारी के हित में दिनांक 28.02.2013 को उप पंजीयक कार्यालय इटारसी में इटारसी में पंजीबद्वकराया गया, कही गुम हो गया है यदि उक्त सम्पत्ति अथवा पंजीयत विक्रय पत्र के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी शासकीय/ अर्द्धशासकीय सस्था, बैंक या किसी व्यक्ति या उसके उत्तराधिकारी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई लेनदेन हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरान्त कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

भवदीय **प्रदीप मोदी** अभिभाषक
आफिस पता-चेम्बर नं 356, उत्तम चंद ईसराणी लार्यस चेम्बर, अरेरा हिल्स, जिला भोपाल
मो.न. 9826013951,8109595295

**आम-सूचना**

**आवासीय भवन/भूखण्ड क्रमांक ए-11, स्थित खसरा क्रमांक 26, 27, 39/2 [पूर्व खसरा क्रमांक 11,13/2, 16/2,] किस्टल ग्रीन, स्वास्तिक बिल्डर्स एंड डेवलपर्स द्वारा विकसित कालोनी, स्थित ग्राम बागली, तहसील कोलार, जिला भोपाल मध्यप्रदेश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती रेखा साबरे पत्नी श्री सुनील साबरे ने एक आवासीय भवन / भूखण्ड क्रमांक ए 11, स्थित खसरा क्रमांक 26, 27, 39/2 {पूर्व खसरा क्रमांक 11, 13/2, 16/2,} किस्टल ग्रीन, स्वास्तिक बिल्डर्स एंड डेवलपर्स द्वारा विकसित कालोनी, स्थित ग्राम बागली, तहसील कोलार, जिला भोपाल मध्यप्रदेश जिसके भूखण्ड की माप 93.80 वर्गमीटर है, जिसकी चौहद्दी/चारो दिशाएँ निम्नानुसार है दिशा पूर्व -में रोड, दिशा पश्चिम में-भवन क्रमांक ए-16/ए-12, दिशा उत्तर-में भूखण्ड क्रमांक ए-10, दिशा दक्षिण-में भूखण्ड क्रमांक ए-12 को क्रय करने हेतु भवन स्वामी श्री महिपाल सिंह आत्मज श्री मलखान सिंह निवासी ग्राम बारना, तहसील बरछ, जिला दतिया मध्यप्रदेश से अनुबंध कर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया गया है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक व अन्य वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि है तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**ललित कुमार गुप्ता** (एडवोकेट)
एच.आई.जी. ए/51, महिष्मति वेस्ट ब्लाक, अरविन्द विहार कालोनी, बाग-मुगालिया भोपाल मो.-9425302213

हिन्दू विवाह प्रकरण क्र.: 2327/2023
पेशी दिनांकः 11/05/2026

**समक्ष : न्यायलय श्रीमान द्वितीय प्रधान न्यायाधीश महोदय कुटुंब न्यायलय, इंदौर**

धर्मेन्द्र कुमार लाखा पिता श्री करण सिंह लाखा
आयु: 35 वर्ष, व्यवसाय : मजदूरी
निवासी 171, लिम्बोदी, खंडवा रोड, इंदौर (म.प्र.)
...........आवेदक विरुद्ध
छायाबाई पति धर्मेन्द्र कुमार लाखा
आयु 32 वर्ष, व्यवसायः
निवासीः ग्राम एवं पोस्ट लिम्बोदा, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन (म.प्र.).........अनावेदिका

प्रार्थी धर्मेन्द्र कुमार लाखा द्वारा छायाबाई पति धर्मेन्द्र कुमार लाखा के विरुद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 (वास्ते विवाह विच्छेदन) हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत प्रस्तुत किया है। जिस हेतु आप इस न्यायालय में दिनांक 11/05/2026 को दिन के 11 बजे दावे में अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिए आपको नोटिस दिया जाता है। आप नियत दिनांक को इस न्यायालय में स्वयं हाजिर उपसंजात रहे। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि, आप इस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सभी दस्तावेज जो कि आपके कब्जे या शक्ति में हों पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधिरित हो।यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो या न्यायालय का पद रिक्त होने की दशा में आगामी नियत दिनांक की जानकारी न्यायालय के रिडर/निष्पादक लिपिक से प्राप्त करें और किसी कारणवश उक्त नियत दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले दिन की जावेगी। आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप ऊपर बताई गई दिनांक 11/05/2026 को इस न्यायालय में हाजिर (उप-संजात) नहीं होगी तो वाद की सूनवाई तथा उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जावेगा।

यह समन / नोटिस आज दिनांक 25/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांकः 25/02/2026 इन्दौर (म.प्र.)

सुरेश कुमार चौबे द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, इन्दौर (म.प्र.)

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.1 | 20.4 |
| मुंबई | 32.9 | 24.5 |
| चेन्नई | 40.3 | 23.0 |
| कोलकाता | 32.5 | 26.3 |

सूर्यास्त 6:35 PM
सूर्योदय 6:15 AM
चन्द्रोदय 4.15 PM
चन्द्रास्त 4:27 AM

## घर के बाहर अखबार पढ़ रहे युवक को कार ने कुचला



**जागरण, जबलपुर।** संस्कारधानी के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां घर के बाहर बैठकर अखबार पढ़ रहे एक युवक को बेकाबू कार ने कुचल दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि घायल को अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, घटना ललित कॉलोनी की है, जहां विकेश उर्वा अपने घर के बाहर बैठकर अखबार पढ़ रहा था। तभी तेज रफ्तार में आ रही कार अचानक बेकाबू हो गई और उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है। हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार घर के बाहर बैठे व्यक्ति को घसीटते नजर आ रही है। घटना के बाद कार चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोग घायलों को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन विकेश उर्वा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस कार चालक की तलाश में जुट गई है।

## रिश्ता टूटा तो महिला ने 15 हजार देकर कार में लगवा दी आग

**जागरण, इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में कार में आग लगाने के मामले में पुलिस ने एक युवक और महिला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि शादी का रिश्ता टूटने से नाराज महिला ने एक युवक को 15 हजार देकर कार में आग लगवा दी। पुलिस ने आरोपी युवक व महिला को गिरफ्तार कर लिया है। एडिशनल डीसीपी इंदौर राजेश दंडोतिया ने बताया कि फरियादी कपिल चौहान ने थाने में शिकायत की थी कि उनके घर के बाहर खड़ी उनकी कार में किसी ने आग लगा दी। मामले में सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात आरोपी कैद हुआ था। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के निर्देशन में पुलिस ने अजय चौहान निवासी देवास को गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल निकालने पर पता चला कि वह एक महिला के संपर्क में है। महिला मनीषा अग्रवाल से पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मनीषा ने ही आरोपी को कार जलाने 15000 रुपए दिए थे, साथ ही फरियादी की गाड़ी भी पहले चोरी करवाई गई। चोरी की गाड़ी का उपयोग कार को जलाने में किया। मामले में पुलिस ने युवक और महिला को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को पूछताछ कर सबूत जुटाए जा रहे हैं।

## डंपर ने बस को मारी टक्कर 24 से ज्यादा यात्री घायल

**जागरण, मंडला।** जिले के घुघरी विकासखंड के उमरिया ग्राम में सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने सवारियों से भरी बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 24 से अधिक यात्री घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए और बस चालक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण कार्य में लगा डंपर तेज गति से आ रहा था, जो सामने से आ रही बस से सीधे टकरा गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बस से निकालकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी में भर्ती कराया गया।

### प्रदेश में कई जगह फर्जी सिम नेटवर्क का खुलासा, ऑपरेशन 'फेस' के तहत कार्रवाई

# एक फोटो से सैकड़ों सिम एक्टिव, अब आरोपियों से राज उगलवाएगी पुलिस

**जागरण, प्रांतीय डेस्क।** प्रदेश में फर्जी सिम बेचने और खरीदने वालों पर नकेल कसना शुरू हो गया है। पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश भर में ऑपरेशन फेस फेशियल ऑथेंटिकेशन कम्पलाइंस इंर्पोसमेंट शुरू किया है। इसमें उन लोगों को खंगाला जा रहा है जो ज्यादा तादाद में सिम का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रदेश के ग्वालियर, सिंगरौली, देवास और नरसिंहपुर में पुलिस ने कार्रवाई कर नेटवर्क का खुलासा किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस संगठित गिरोह के एंगल से जांच कर रही है। पूछताछ में पुलिस आरोपियों से राज उगलवाएगी कि इन सिम का इस्तेमाल कौन और किस प्रयोजन के लिए कर रहा है। सोमवार को ग्वालियर में फर्जी सिम कार्ड के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। झांसी रोड थाने अंतर्गत एक पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) शॉप संचालक ने एक ही व्यक्ति के आधार और फोटो का इस्तेमाल कर सैकड़ों लोगों के नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी कर दिए। मामले में एक आरोपी आशीष नागर हाथ आया है और मास्टरमाइंड उमेश कुशवाह की तलाश जारी है।

### सिंगरौली: 850 फर्जी सिम कार्ड तैयार कर बेचे

जिले की बैढ़न कोतवाली पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेशन के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर सेल से मिली सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच में सामने आया कि ग्राम कटौली निवासी पीओएस संचालक अनिल कुमार रवानी फर्जी तरीके से सिम कार्ड एक्टिवेट कर रहा था। वह एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर अलग-अलग नाम और पते से कई सिम कार्ड सक्रिय करता था। बाद में इन सिम को पैसों के लालच में बेच दिया जाता था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अनिल कुमार रवानी ने अपनी मां के चेहरे की अलग-अलग एंगल से तस्वीरें लेकर करीब 340 सिम कार्ड एक्टिवेट किए। इसके अतिरिक्त, अन्य लोगों के चेहरों का इस्तेमाल कर कुल लगभग 850 फर्जी सिम कार्ड तैयार किए गए थे। इनमें से 400 से 500 सिम सिराज खान उर्फ शेरु को बेचे गए, जबकि बाकी अन्य लोगों को दिए गए। पुलिस ने अनिल कुमार रवानी और सिराज खान को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### देवास : एक चेहरे पर जारी किए 84 सिम कार्ड



देवास में एक ही व्यक्ति के चेहरे का दुरुपयोग कर 84 फर्जी सिम कार्ड जारी किए थे। जांच में सामने आया कि एक ही चेहरे का इस्तेमाल कर 50 से अधिक मोबाइल नंबर अलग-अलग नामों और पतों से सक्रिय किए थे। आरोपी की पहचान अबरार उर्फ अरबाज उर्फ अब्दुल के रूप में हुई, जो गंधर्वपुरी थाना सोनकच्छ जिला देवास का रहने वाला है, उसने स्वयं और कुछ पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) एजेंटों की मदद से कुल 84 सिम कार्ड जारी कराए थे। इन सिम कार्डों में से केवल 16 के कस्टमर एप्लीकेशन फॉर्म ही प्राप्त हो सके हैं। विशेष जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने 8 सिम कार्ड सीधे सत्यापित कर जारी किए थे। वहीं अन्य 8 सिम कार्ड पीओएस एजेंटों के माध्यम से जारी किए गए थे, जिनमें भी आरोपी की ही तस्वीर का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये फर्जी सिम कार्ड वर्तमान में किन उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जा रहे हैं।

#### आगे और बड़े खुलासे की संभावना

पुलिस का कहना है कि यह सिर्फ शुरुआत है। जांच आगे बढ़ने पर फर्जी सिम नेटवर्क से जुड़े और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। पुलिस अफसरों की मानें तो यह फर्जी सिम नेटवर्क का खुलासा होने के बाद कई ऑनलाइन फ्रॉड में इन सिम कार्ड्स का उपयोग होना सामने आएगा।

### नरसिंहपुर : फर्जी कागजों से 777 सिम चालू किये

पुलिस ने फर्जी कागजों के जरिए 777 सिम कार्ड चालू कराने वाले युवक को पकड़ा है। आरोपी रंजीत सिंह पटेल ठेमी के बढ़ैयाखेड़ा का रहने वाला है। मामले में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि रंजीत दूसरों के आधार कार्ड और आईडी का इस्तेमाल तो करता था, लेकिन जब सिम चालू करने के लिए फोटो (फेशियल ऑथेंटिकेशन) की जरूरत पड़ती थी, तो वह अपना ही चेहरा दिखाता था। सिस्टम को चकमा देकर उसने एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 777 सिम एक्टिवेट कर लिए। पुलिस को शक है कि इन फर्जी सिम कार्डों का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी और साइबर क्राइम के लिए किया जाना था। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि रंजीत ने ये सिम किन-किन लोगों को बेचे थे।

## नशे में धुत कार सवार युवकों ने कांस्टेबल और संतरी को मारा चांटा

**जागरण, इंदौर।** शहर में नशे में धुत कार सवार युवकों के हंगामे का मामला सामने आया है। बिचौली मर्दाना में कार चालकों ने खूब हंगामा किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की और सिपाही को चांटा जड़ दिया। कार्रवाई के लिए थाने ले गए तो संतरी पर हाथ उठा दिया। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, ड्रिंक एंड ड्राइव और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। आरोपियों को छुड़वाने के लिए रसूखदारों ने भी कॉल लगाए। दरअसल घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र में के-2 ढाबे के समीप की है। आरोपी यशवर्धन खंडेलवाल निवासी साउथ तुकोगंज और करण निवासी साउथ तुकोगंज हैं। दोनों शराब पार्टी कर लौट रहे थे। पुलिस लाइन से आए पुलिसकर्मियों ने कार (एमपी 09 डब्ल्यूएम 2288) को रोका और ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने लगे। शराब की पुष्टि होने पर सिपाही ने कार साइड में लगाने का कहा तो यशवर्धन भड़क गया और विवाद करने लगा। सिपाही को चांटा मारा और प्रधान आरक्षक पुनित चौबे की वर्दी पकड़ ली। विवाद बढ़ने पर पुलिसकर्मी यशवर्धन और करण को थाने ले गए।



**चेकिंग पाइंट और थाने में हंगामा प्रधान आरक्षक की पकड़ी वर्दी**

## वृद्धा की क्रूरता से हत्या, सिर काटकर फेंका, हाथ भी तोड़े

### घर के पीछे पड़ा था धड़ 50 मीटर दूर मिला सिर

**जागरण, रीवा।** प्रदेश के रीवा जिले में सोमवार को महिला की क्रूरतापूर्वक हत्या का मामला सामने आया। शव घर के पीछे क्षत-विक्षत हालत में मिला, सिर धड़ से अलग था। घर से थोड़ी दूरी पर सिर मिला। मामला बिछिया थाना क्षेत्र के लोही गांव का है। मृतका की पहचान लीलावती पटेल (60) के रूप में हुई। वह घर में अकेली रहती थीं। गांव के लोगों ने उनकी बेटी को सूचना दी, जिसके बाद नीता पटेल मौके पर पहुंचीं और पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। नीता ने बताया कि उनकी मां की बेरहमी से हत्या की गई। आरोपी क्रूरता की हद पार करते हुए सिर काटकर अपने साथ ले गए।



परिजनों के मुताबिक शव घर के बाहर औंधे मुंह पड़ा था। सिर गायब था। दोनों हाथ टूटे थे। शरीर पर कई चोट के निशान थे। पुलिस ने आसपास सर्चिंग कर सिर बरामद किया। सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि आसपास करीब दो किलोमीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। शाम तक चले ऑपरेशन के बाद गेहूं के खेत से महिला का कटा सिर बरामद किया। आरोपी सिर को घर से करीब 50 मीटर दूर खेत में फेंककर फरार हो गए थे।

## एएसआई पर नाबालिग से घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप

**जागरण, रीवा।** जिले के बिछिया थाने में पदस्थ एएसआई पर नाबालिग लड़की ने घर में घुसकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, शाम को जब वह घर पर अकेली थी, तब बिछिया थाने में पदस्थ एएसआई राकेश वर्मा उसके घर पहुंचे। नाबालिग का आरोप है कि एएसआई ने उसके चाचा के बारे में पूछताछ करने के बहाने अंदर दाखिल हुए। घर में घुसने के बाद एएसआई ने न केवल उसका हाथ पकड़कर घसीटा, बल्कि उसे बिस्तर पर पटक दिया और उसके साथ दरिंदगी की कोशिश की। नाबालिग ने विरोध कर एएसआई को धक्का दिया और भागकर छत पर चढ़ गई। इसके बाद आरोपी एएसआई घर के दरवाजे पर बाहर से ताला लगाकर चला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी आरती सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। एएसपी ने बताया कि एएसआई का मेडिकल परीक्षण भी कराया है, जिसमें फिलहाल नशे की पुष्टि नहीं हुई है।

### सागर के बांदरी इलाके में पुलिस ने अवैध डीजल और अन्य सामग्री की जब्त

## चाय की गुमठी से डीजल की बिक्री, ड्रम और केन में 564 लीटर का किया स्टॉक

**जागरण, सागर।** एलपीजी गैस और ईंधन की मांग बढ़ने के साथ ही कालाबाजारी सक्रिय हो गए हैं। पुलिस ने बांदरी क्षेत्र में एक आरोपी के पास से 564 लीटर जब्त किया है। यह उसने ड्रम और केनों में स्टॉक करके रखा था। आरोपी अपनी चाय की गुमठी से डीजल की अवैध रूप से बिक्री कर रहा था। मालूम हो कि एसडीओपी प्रवीण अस्थाना के नेतृत्व में थाना बांदरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम ग्रंट में एक व्यक्ति द्वारा अपनी चाय-गुटखा की दुकान पर अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ डीजल का भारी मात्रा में संग्रह किया है और वह डीजल की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना पर



थाना प्रभारी बांदरी सुमेर सिंह जगेत के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक विजय पटैल द्वारा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर दबिश दी गई। मौके पर एक व्यक्ति की दुकान से 200-200 लीटर के दो नीले ड्रम एवं 50-50 लीटर की केनों में डीजल भरा हुआ पाया गया। साथ ही माप-तौल के लिए उपकरण भी बरामद हुए।

#### मुनाफे के फेर में किया स्टॉक

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जोधन लोधी पिता लक्ष्मण लोधी निवासी ग्राम ग्रंट बताया। जोधन डीजल के संग्रह एवं विक्रय के लिए कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में कुल 564 लीटर डीजल अवैध रूप से संग्रहित पाया गया, जिसे विधिवत जब्त किया गया। आरोपी द्वारा डीजल की संभावित कमी की अफवाह का लाभ उठाकर कम दाम में खरीदकर अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से यह अवैध भंडारण किया जाना सामने आया। आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## छात्रों से फीस वसूल सौंपी फर्जी रसीदें

### खंडवा में 75 लाख के गबन मामले में तीन पर केस दर्ज

**जागरण, खंडवा।** प्रदेश के खंडवा में मेडिकल एंड टेक्निकल साइंस के छात्रों से कॉलेज फीस के नाम पर लाखों के गबन का मामला सामने आया है। छात्रों की शिकायत पर शहर के मोघट थाना में एक महिला समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने लगभग साढ़े चार साल तक छात्रों से फीस की वसूली की और उन्हें कॉलेज संचालक के फर्जी साइन कर रसीदें सौंप दीं। इस तरह से आरोपियों ने करीब 75 लाख रुपए की राशि का गबन कर हड़प लिए। हालांकि यह जांच का विषय है कि इतनी बड़ी राशि का गबन इतने लंबे समय तक किस तरह से होता रहा और इतने दिनों तक कॉलेज प्रशासन को इस गबन की भनक क्यों नहीं लगी। फिलहाल मामले के तीन आरोपियों पर जानबूझकर कॉलेज एवं छात्रों के साथ धोखाधड़ी सहित



विश्वासघात करने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, और मामला फिलहाल जांच में है। खंडवा के नाकोड़ा नगर में रहने वाले अनिल धारवाल सहित कुछ अन्य दादाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंस के छात्रों की शिकायत पर ग्राम सुरगांव नेपानी के रहने वाले कृष्णराज सिंह मौर्य, उसकी पत्नी रीना सहित सचिन खेडेकर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस रिपोर्ट में बताया है कि तीनों आरोपियों के द्वारा 1 जनवरी 2020 से लेकर 30 जून 2024 तक के दौरान कॉलेज के कई छात्रों से फीस की वसूली की लेकिन कालेज शुल्क के नाम पर इन छात्रों से लिये 75 लाख रुपए का तीनों आरोपियों ने मिलकर गबन कर लिया।

#### फर्जी हस्ताक्षर कर तैयार की रसीदें

एफआईआर में कि तीनों आरोपियों ने कालेज संचालक अनिल के फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी शुल्क कि रसीदे छात्र/छात्राओं को दी हैं, जिस पर कॉलेज के साथ बेईमानी एवं धोखाधड़ी करने सहित कुटरचित दस्तावेज तैयार कर कालेज के छात्र/छात्राओं के कॉलेज शुल्क की करीब 75 लाख की राशि का गबन किया है।

## कटनी में उत्कल एक्सप्रेस के शौचालय में मिली नवजात

**जागरण, कटनी।** प्रदेश के कटनी जिले में मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह शौचालय में एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। पुरी से योग नगरी ऋषिकेश जा रही कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18478) के कोच नंबर एस-4 में यात्रियों ने शौचालय से बच्ची के रोने की आवाज सुनी, जिसके बाद उन्होंने रेलवे प्रशासन को इसकी सूचना दी। अंदर देखने पर एक नवजात बच्ची मिली। यात्रियों ने तुरंत रेलवे हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल मौके पर पहुंचा आरपीएफ के जवानों ने नवजात बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर तत्काल कटनी के जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को गंभीर स्थिति और संक्रमण के खतरे को देखते हुए नवजात गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्ची को विशेष मेडिकल केयर में रखा है और उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है।

## अवैध हथियारों की तस्करी, उप्र और हरियाणा के दो-दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, खरगोन।** अवैध हथियारों के लिए बदनाम खरगोन जिले में पुलिस ने फिर बड़ी कार्रवाई की है। गोगावां पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में हरियाणा के दो व उत्तर प्रदेश के दो आरोपियों के साथ एक सिकलीगर को भी गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों में पुलिस ने कुल 15 अवैध हथियार जब्त किए हैं। गोगावां थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि बाहर से आए दो लोगों की सिगनूर के किसी सिकलीगर से अवैध हथियारों की डील हुई है। एक सिकलीगर बाहर से आए व्यक्तियों को बाइक से अवैध हथियार सप्लाई करने बेहरामपुर टेमा के समीप बारहवां मील फाटे पर जाने वाला है। इस पर तुरंत टीम गठित कर मौके पर रवाना की गई। पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार तीनों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों ने अपने नाम शीलेंद्र पिता राधेश्याम यादव व यादवेंद्र पिता सत्यवीर यादव (दोनों निवासी पनौता, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश) बताए। पकड़े गए सिकलीगर की पहचान संदीप चावला (निवासी सिगनूर) के रूप में हुई। इनके पास से 10 अवैध हथियार सहित बाइक जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपित संदीप पर पूर्व से गोगावां व भीकनगांव थाने पर आर्म्स एक्ट के 4 प्रकरण दर्ज हैं।

#### घेराबंदी कर हरियाणा के तस्करों को दबोचा

दूसरे मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम घुघरियाखेड़ी में गोगावां फाटे के पास कार्रवाई की। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान हर्षदीप निवासी मंडी डबवाली (थाना सिटी, जिला सिरसा, हरियाणा) व हरप्रीत सिंह निवासी ग्राम फुल्लो (सदर थाना डबवाली, जिला सिरसा, हरियाणा) के रूप में हुई। इनके पास मिले बैग में कुल 5 अवैध देशी पिस्टल मिलीं।

### उपलब्धि — विक्रम व्यापार मेला, ग्वालियर को पीछे छोड़कर इस बार नंबर वन बना उज्जैन

## 41, 538 वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री, 3.5 करोड़ की मर्सिडीज भी बिकी

**जागरण उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन अब तेजी से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का बड़ा केंद्र बनकर उभर रही है। 40 दिन तक चले विक्रम व्यापार वाहन मेले ने इस बार इतिहास रच दिया। मेले में कुल 41,538 वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री हुई, जिससे उज्जैन ने ग्वालियर को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश का नंबर-1 ऑटो मेला बनने का गौरव हासिल कर लिया। इस बार मेले की खास बात यह रही कि साढ़े तीन करोड़ रुपए कीमत की लग्जरी मर्सिडीज बेंज भी बिकी, जो मालवा क्षेत्र की बढ़ती क्रय शक्ति का बड़ा संकेत है।

### चार पहिया वाहनों की जबरदस्त मांग

आरटीओ संतोष मालवीय ने बताया कि मेले में सबसे बड़ा ट्रेंड चार पहिया वाहनों का रहा। कुल बिक्री में से 32,548 फोर-व्हीलर रहे, जो करीब 78 प्रतिशत है। यह साफ संकेत है कि अब लोग दोपहिया से सीधे कार की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।



**उज्जैन बना ऑटो इकोनॉमी का नया हब**

वर्ष 2024 में जहां मेले में 23,705 वाहन बिके थे, वहीं इस साल यह आंकड़ा बढ़कर 41,538 पहुंच गया। आरटीओ को इस मेले से 225 से 250 करोड़ रुपए तक राजस्व मिलने का अनुमान है। इस उपलब्धि के साथ उज्जैन ने ग्वालियर व्यापार मेले को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

#### मेले की बड़ी बातें

**कुल बिक्री**- 41,538 वाहन
**फोर-व्हीलर**- 32,548 (78%)
**मेले की अवधि :** 40 दिन
**स्टॉल्स :** 223
**लग्जरी कार बिक्री :** 3.5 करोड़ की मर्सिडीज
**अनुमानित राजस्व :** 225-250 करोड़ रुपए
**पिछला रिकॉर्ड**
36,000 वाहन (2025)
23,705 वाहन (2024)
**मेले की सफलता के पीछे ये कारण**
मेले की सफलता के पीछे आरटीओ टैक्स में 50% तक की छूट, ऑन-द-स्पॉट लोन अप्रूवल और तुरंत वाहन डिलीवरी की सुविधा बड़े कारण रहे।

## गलफ्रेंड को भगाने पहुंचे प्रेमी को बंधक बनाकर घरवालों ने की पीट-पीटकर हत्या

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस कस्बे में अपनी गर्लफ्रेंड को घर से भगाकर ले जाने पहुंचे एक युवक की परिजनों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे उसका शव गांव के पास नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रन्नौद



अर्जुन, मृतक

थाना क्षेत्र के नेगमा गांव का रहने वाला 26 वर्षीय अर्जुन पाल का कोलारस की युवती के साथ अफेयर चल रहा था। दोनों के परिवारों को इस संबंध की जानकारी थी। लेकिन अलग-अलग समाज के होने के कारण लड़की के परिजन इस रिश्ते के खिलाफ थे और शादी के लिए तैयार नहीं थे। बताया जा रहा है कि लड़की अपने प्रेमी अर्जुन से शादी करना चाहती थी और इस बात पर अड़ी हुई थी लेकिन परिवार ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी। सोमवार को उसकी सगाई होने वाली थी। इस बात की जानकारी लड़की ने फोन पर अर्जुन को दी थी, जिसके बाद दोनों ने मिलकर घर से भाग जाने की योजना बनाई थी। इसी प्लानिंग के तहत अर्जुन रविवार देर शाम कोलारस पहुंचा, उसने अपने रिश्तेदार कल्ला पाल से मदद मांगी, जो कोलारस में एक फार्म हाउस पर रहकर खेती करता था। रात करीब 1 बजे अर्जुन और कल्ला, लड़की के घर के पास खेत और हाईवे किनारे पहुंच गए। लड़की को वहीं आना था, ताकि दोनों वहां से भाग सकें।लेकिन इस योजना की जानकारी लड़की के परिजनों को लग गई। लड़की के आने की जगह उसके परिजन मौके पर पहुंच गए और दोनों युवकों को पकड़ लिया। परिजनों ने कल्ला पाल को थप्पड़ मारे और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कल्ला किसी तरह मौके से भाग निकला लेकिन अर्जुन को पकड़कर परिजन अपने घर ले गए। घर ले जाकर अर्जुन को बंधक बना लिया गया और उसके साथ जमकर मारपीट की गई। लगातार पिटाई के चलते अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद परिजनों ने सबूत छिपाने के लिए अर्जुन के शव को खेत से करीब 100 मीटर दूर नाले में फेंक दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर कार्रवाई की।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

1636

71,948

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Hindalco | 913.00 | 2.05% |
| Coal India | 459.90 | 1.21% |
| ONGC | 288.35 | 0.96% |
| Power Grid Corp | 297.90 | 0.20% |
| Eternal | 223.64 | 2.95% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Bajaj Finance | 799.00 | -5.015% |
| SBI | 975.80 | -3.93% |
| Interglobe Avi | 3,930.60 | -3.81% |
| Bajaj Finserv | 1,627.00 | -3.71% |
| Axis Bank | 1,153.90 | -3.64% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 94,7700 |
| € यूरो | 108.99 |
| ¥ येन | 0.5943 |
| £ पौंड | 125.51 |

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80 प्रतिशत रहा

**नयी दिल्ली,जेएनएन।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ रुपये का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। इस अवधि के दौरान केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के तहत राज्यों 12.66 लाख करोड़ रुपये दिए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 85,837 करोड़ रुपये अधिक है।



### सोना 4 हजार रुपए बढ़कर 1.47 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सोने-चांदी की कीमत में 30 मार्च को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 4 हजार बढ़कर 1.47 लाख पर पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 8 हजार बढ़कर 2.30 लाख पर पहुंच गई है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.47 लाख रुपए पर है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 23 हजार बढ़ चुकी है। हालांकि चांदी की कीमत में 285 रुपए की कमी आई है। जानकारों का मानना है कि सोने-चांदी की अगली चाल इन दो बातों पर निर्भर करेगी। मिडिल ईस्ट संकट-अगर ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ता है या कच्चे तेल की कीमतें फिर से उछलती हैं तो सोने-चांदी में दोबारा तेजी आ सकती है।



# होर्मुज पर निर्भरता घटाने अंगोला से एलपीजी खरीदेंगी भारतीय कंपनियां

## ईरान युद्ध के बीच रसोई गैस सप्लाई सुरक्षित करने की कवायद हुई तेज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितता के बीच भारत अब रसोई गैस (एलपीजी) के नए स्रोत तलाश रहा है। सरकारी तेल कंपनियां इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल अफ्रीकी देश अंगोला से एलपीजी खरीदने की संभावना पर विचार कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये कंपनियां अंगोला की सरकारी तेल कंपनी सोनानगोल के साथ दीर्घकालिक समझौते (लॉन्ग-टर्म डील) पर बातचीत कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती चरण में है और इस पर सरकारी स्तर पर भी चर्चा जारी है। खाड़ी देशों पर निर्भरता घटाने की कोशिश फिलहाल भारत अपनी लगभग 92 प्रतिशत एलपीजी जरूरत खाड़ी देशों से पूरी करता है। ऐसे में सरकार इस निर्भरता को कम करना चाहती है। अगर अंगोला से



समझौता होता है, तो गैस की सप्लाई अटलांटिक और अरब सागर के रास्ते सीधे भारत पहुंचेगी और जहाजों को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं गुजरना पड़ेगा, जो फिलहाल तनाव का केंद्र बना हुआ है।

**पहली बार आएगी अंगोला से एलपीजी**-यदि यह डील सफल होती है, तो पहली बार भारत अंगोला से रसोई गैस आयात करेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10-15 दिन पहले पहुंच सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स बेहतर होंगे।

### इसलिए है अंगोला बेहतर विकल्प

- भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल-गैस व्यापार मौजूद है
- एलपीजी के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं
- समुद्री मार्ग से गैस 12-18 दिन में भारत पहुंच सकती है
- ऊर्जा क्षेत्र सरकारी नियंत्रण में होने से समझौते आसान।

### अन्य देशों से भी बातचीत

भारत केवल अंगोला ही नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया, अल्जीरिया और रूस जैसे देशों से भी गैस आयात के विकल्प तलाश रहा है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर निर्भरता कम की जा सके।

## 115 डॉलर के पार पहुंचा कच्चा तेल, होर्मुज संकट से बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली/मुंबई, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका-इजराइल तनाव के चलते वैश्विक कच्चे तेल की कीमत 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक हॉर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा की आशंका ने भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों की चिंता बढ़ा दी है। तेल की कीमतों में उछाल का असर वित्तीय बाजारों पर भी दिख रहा है। इससे एविएशन कंपनियों के खर्च बढ़ेंगे और पेंट, केमिकल और सीमेंट सेक्टर पर लागत का दबाव पड़ेगा। नतीजतन शेयर बाजार में गिरावट और अस्थिरता आएगी। तेल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ती है, जो अंततः उपभोक्ता कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में सामने आती है। सरकार अगर पूरी कीमत उपभोक्ताओं पर नहीं डालती, तो सब्सिडी का बोझ बढ़ता है।




## ऑस्ट्रेलिया में टैक्स कटौती पेट्रोल-डीजल होंगे सस्ते

**कैनबरा, जेएनएन।** वैश्विक स्तर पर बढ़ती तेल कीमतों के बीच ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आम लोगों को बड़ी राहत देते हुए फ्यूल टैक्स में 50 फीसदी कटौती का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि यह फैसला अगले तीन महीनों यानी 30 जून तक लागू रहेगा। सरकार का कहना है कि विदेशी संघर्षों के कारण घरेलू बाजार में बढ़ती महंगाई को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इस फैसले से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सीधी कमी आएगी, जिससे रोजाना काम पर जाने वाले लोगों और बच्चों को स्कूल छोड़ने वाले अभिभावकों को राहत मिलेगी।



# पश्चिम एशिया संकट: उर्वरक संयंत्रों के लिए गैस की कीमतों में 60% हुई वृद्धि

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण उर्वरक संयंत्रों के लिए अहम तत्व प्राकृतिक गैस की कीमतों में 60 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सरकार पर सब्सिडी का बोझ बढ़ने की संभावना है। संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति लाइन में रुकावट आने से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति, इसकी मांग के मुकाबले 80 प्रतिशत तक सीमित हो गई है। प्राकृतिक गैस अमोनिया बनाने के लिए एक मुख्य तत्व है (और अमोनिया नाइट्रोजन-आधारित उर्वरकों का मूल तत्व है)। इस कमी को पूरा करने के लिए, उर्वरक कंपनियां हाजिर या मौजूदा बाज़ार से तरलीकृत प्राकृतिक गैस खरीद रही हैं। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर एक अंतर-मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में



उर्वरक विभाग की संयुक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि देश के पास आने वाले खरीफ मौसम में कृषि मांग को पूरा करने के लिए उर्वरक का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा, मौजूदा स्थिति एक संवेदनशील स्थिति है, जिससे हमने बहुत ही रणनीतिक तरीके से निपटा है।

### गैस आपूर्ति 75 प्रतिशत की

घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, यूरिया संयंत्रों को गैस की आपूर्ति जिसे शुरू में घटाकर लगभग 60 प्रतिशत कर दिया गया था अब वैकल्पिक व्यवस्थाओं के माध्यम से बढ़ाकर 75-80 प्रतिशत तक कर दी गई है, जिससे उत्पादन बढ़ा है और उत्पादन में होने वाला नुकसान कम हुआ है। उन्होंने कहा कि कमी को हाजिर बाज़ार से एलएनजी खरीदकर पूरा किया जा रहा है। उर्वरक संयंत्रों की हर दिन 5.2 करोड़ मानक घन मीटर गैस की ज़रूरत में से, लगभग 1.5 करोड़ मानक घन मीटर गैस हाजिर बाजार से खरीदी जा रही थी।

### किसानों को मौजूदा कीमतों पर मिलेगा उर्वरक

हाजिर खरीदारी 19.5-19.6 डॉलर प्रति इकाई (मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट) की दर से की गई है, जबकि संकट से पहले के दौर में यह दर 11-12 डॉलर प्रति इकाई थी। हालांकि, उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि सरकार वैश्विक उतार-चढ़ाव के बावजूद किसानों को मौजूदा कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध कराती रहेगी और कहा कि अभी कोई तत्काल कमी या घबराने की कोई वजह नहीं है। फीडस्टॉक की ज़्यादा लागत से सब्सिडी का बिल बढ़ जाएगा, लेकिन किसानों को यूरिया 266 रुपये प्रति 45 किलोग्राम और डीएपी का 50 किलोग्राम का बैग 1,350 रुपये में मिलता रहेगा।

**1.8 करोड़ टन स्टॉक उपलब्ध:** उन्होंने बताया कि 1.8 करोड़ टन के मौजूदा स्टॉक में से 62 लाख टन यूरिया, 23.3 लाख टन डीएपी और 56 लाख टन पी एंड के उर्वरक हैं। आयात के मामले में, सरकार ने विविधता लाने और आपूर्ति सुरक्षित करने के प्रयास तेज़ कर दिए हैं। 13.07 लाख टन यूरिया के लिए एक वैश्विक निविदा जारी की गई है। जबकि सऊदी अरब और ओमान जैसे देशों के साथ लंबी अवधि के समझौते किए गए हैं। उन्होंने कहा, खाड़ी देशों के अलावा अन्य देशों, जिनमें रूस, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, जॉर्डन, कनाडा, अल्जीरिया और मिस्र शामिल हैं, से खरीद में विविधता लाने के लिए सक्रिय उपाय किए जा रहे हैं।

## 9 लाख करोड़ रु. स्वाहा! शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 1,636 अंक टूटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कच्चे तेल की कीमत में उछाल से घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान 1,750 अंक से अधिक फिसल गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स 500 अंक से अधिक टूट गया। आखिरकार सेंसेक्स 1635.67 अंक यानी 2.22% की गिरावट के साथ 71,947.55 अंक पर हुआ। निफ्टी भी 488.20 अंक यानी 2.14% टूटकर 22,331.40 अंक पर आ गया। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 9 लाख करोड़ रुपये गिरकर 413 लाख करोड़ रुपये रह गया। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट रही। बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा 4.9% गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर भी 4.5% टूट गया। एसबीआई, इंडिगो, कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और ट्रेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट रही। दूसरी ओर टेक महिंद्रा में 1.65% तेजी आई। इसके अलावा पावरग्रिड और रिलायंस में भी तेजी रही। कच्चे तेल आज कारोबार के दौरान 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचा था। अमेरिका के ईरान में ग्राउंड फोर्सेज उतारने की संभावना है जिससे पश्चिम एशिया में संकट और गहरा सकता है। अमेरिका ईरान में लंबे समय तक ग्राउंड ऑपरेशन की तैयारी कर रहा है। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर कहा कि उसने मिडिल ईस्ट में यूएसएस त्रिपोली 3,500 मरीन और सेलर्स तैनात किया है। यह मिडिल ईस्ट में अमेरिका का दो दशक में सबसे बड़ा मिलिट्री बिल्ड अप है।



### क्यों गिरा शेयर बाजार?

पश्चिम एशिया में संकट गहराने से कच्चे तेल की कीमत में फिर तेजी आई है। ब्रेंट करीब 2 फीसदी तेजी के साथ 115 डॉलर के पार पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 100 डॉलर के पार ट्रेड कर रहा है। इसका असर आज एशियाई बाजारों पर दिख रहा है। जापान का स्टॉक मार्केट शुरुआती कारोबार में करीब 5 फीसदी टूट गया। यूरोप में जेट फ्यूल की कीमत कुछ ही हफ्तों में 100 फीसदी चढ़ चुकी है।

# 2026-27 में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान: इक्रा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची ऊर्जा कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा उपलब्धता को लेकर बनी चिंताओं से वित्त वर्ष 2026-27 में घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है, जिसके चालू वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। इक्रा के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार हैं। रेटिंग एजेंसी ने साथ ही कहा कि भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी का 1.7 प्रतिशत हो सकता है जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में यह लगभग एक प्रतिशत रह सकता है। इक्रा के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान से महंगाई बढ़ने का जोखिम है, जो परिवारों की मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को प्रभावित कर सकता है। इसके साथ बढ़ती अनिश्चितता निकट अवधि में उपभोक्ता धारणा को कमजोर




कर सकती है। रिपोर्ट कहती है कि जनवरी-फरवरी, 2026 में अर्थव्यवस्था की स्थिति को दर्शाने वाले आंकड़े फिलहाल सकारात्मक दिख रहे हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष की अवधि को लेकर बनी अनिश्चितता भारत जैसे देशों के अल्पकालिक व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर दबाव डाल सकती है क्योंकि देश कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस तथा उर्वरक जैसे उत्पादों के लिए आयात पर काफी निर्भर है। इक्रा ने कहा कि यदि यह संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण विभिन्न क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और इससे भारतीय कंपनियों की लाभप्रदता भी प्रभावित हो सकती है।

### घटेगी जीडीपी वृद्धि दर

ऊंची ऊर्जा कीमतों एवं इसकी उपलब्धता को लेकर चिंताओं के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। हालांकि, शुल्क से जुड़े घटनाक्रम, जीएसटी दरों में कमी, नीतिगत दरों में कटौती, खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी और कृषि क्षेत्र के सकारात्मक रुझान खपत को समर्थन दे सकते हैं। इक्रा के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंका के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) पूरे वित्त वर्ष में नीतिगत दरों में लंबा विराम बनाए रख सकती है, भले ही जीडीपी वृद्धि में कुछ नरमी आए। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, हालांकि आरबीआई वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान नकदी प्रबंधन के मोर्चे पर हस्तक्षेप जारी रख सकती है।

## टक्कर परीक्षण: वेन्यू-किआ को 5-स्टार रेटिंग

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण कोरियाई कार विनिर्माता कंपनियों हुंदै और किआ ने बताया कि उनकी एसयूवी, वेन्यू और सेल्टॉस को भारत के टक्कर परीक्षण कार्यक्रम बीएनसीएपी के तहत 5-स्टार रेटिंग मिली है। बिल्कुल नई हुंऔ वेन्यू और वेन्यू एन लाइम को भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के तहत 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिली है। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने एक कहा कि इन गाड़ियों को वयस्कों की सुरक्षा के लिए 31.14 का स्कोर मिला है। एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक सीईओ तरुण गर्ग ने कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि बिल्कुल नई हुंदै वेन्यू और वेन्यू एन लाइन को भारत एनसीएपी परीक्षण में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिली है। इससे हमारे ग्राहकों को दुनिया-भर के बेहतरीन उत्पाद देने की हमारी पक्की प्रतिबद्धता फिर से साबित होती है। किआ इंडिया ने बताया कि उसकी एसयूवी सेल्टॉस को बीएनसीएपी परीक्षण में वयस्कों की सुरक्षा के लिए 31.70 अंक और बच्चों की सुरक्षा के लिए 45.00 अंक मिले हैं। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ, ग्वांग्गू ली ने कहा, सुरक्षा किआ के उत्पाद बनाने के तरीके का एक बहुत ज़रूरी हिस्सा है। हम भारत में सबसे भरोसेमंद परिवहन ब्रांड में से एक बनने की अपनी यात्रा जारी रखे हुए हैं।




### कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/755/लो.नि.वि./   रतलाम, दिनांक 26.03.2026

:: ई-निविदा आमंत्रण ::

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 494921 | वार्ड क्रमांक 04 देवरादेवनारायण नगर में बिटुमिन सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण) | 1- 03 माह 2- 1657985/- | 1- 2000/- 2- 33160/- | 23-04-2026 15:30 |
| 2 | 494922 | वार्ड क्रमांक 12 कस्तुरबा नगर गली नं. 07 में पेवर ब्लाक, डिवाईडर व सी.सी. रोड निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार। (प्रथम आमंत्रण) | 1- 06 माह 2- 8824000/- | 1- 10000/- 2- 88240/- | 23-04-2026 15:30 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, रतलाम


# मकानों की सेल में लगा ब्रेक, पहली तिमाही में रियल एस्टेट बाजार सुस्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए साल 2026 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रमुख शहरों में घरों की मांग में कमी आई है, जिसने पिछले कई वर्षों के विकास के रुझान को पीछे छोड़ दिया है। प्रोप इक्विटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2026 की पहली तिमाही में भारत के टॉप नौ शहरों में घरों की बिक्री साल-दर-साल 13 प्रतिशत गिरकर 98,761 यूनिट रह गई है। 2025 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 1,13,602 यूनिट था, और 18 तिमाहियों में यह पहली बार है जब बिक्री 1 लाख के आंकड़े से नीचे गिरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई, पुणे और ठाणे में आवास बिक्री में सबसे भारी गिरावट देखी गई है।

**महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा असर:** इस गिरावट का सबसे बड़ा असर महाराष्ट्र के प्रमुख बाजारों में देखा गया, जहां पुणे में 25 प्रतिशत, ठाणे में 24 प्रतिशत और मुंबई में 20 प्रतिशत की कमी आई। हैदराबाद में भी सालाना आधार पर 16त्न की गिरावट के साथ 11,546 यूनिट्स ही बिक सकीं, जबकि कोलकाता (3,872 यूनिट्स) और चेन्नई (4,765 यूनिट्स) तुलनात्मक रूप से छोटे बाजार बने रहे।

### दिल्ली-एनसीआर में नए प्रोजेक्ट लॉन्च



इस मंदी के बीच बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर अपवाद बनकर उभरे हैं। बेंगलुरु 17,991 यूनिट्स की बिक्री के साथ बाजार में शीर्ष पर रहा, जिसके बाद पुणे 16,144, ठाणे 15,959 और दिल्ली-एनसीआर 12,141 यूनिट्स का स्थान रहा। प्रॉपइक्विटी के मुताबिक 2026 की पहली तिमाही में आवास बिक्री में नरमी का मुख्य कारण अधिकांश शहरों में आपूर्ति की कमी रही है।

**दिल्ली-एनसीआर में नई लांचिंग में वृद्धि:** दिल्ली-एनसीआर में घरों की नई लॉन्चिंग में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। इस तिमाही के दौरान यहां 17,227 यूनिट्स लॉन्च की गईं, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 89 प्रतिशत और पिछली तिमाही के मुकाबले 8 प्रतिशत की शानदार बढ़त दर्शाती है। दूसरी ओर, बेंगलुरु 17,782 यूनिट्स की लॉन्चिंग के साथ आपूर्ति के मामले में फिर से शीर्ष स्थान पर काबिज हो गया है।


### //निविदा विज्ञप्ति सूचना//

वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसटीएफ परिसर स्थित स्वस्ति पुलिस अस्पताल में स्थापित लैब, लेबर रूम एवं ड्रेसिंग रूम हेतु अपशिष्ट जल उपचार की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए Effluent Treatment मटेरियल 2KLD क्रय एवं प्रतिष्ठापन कार्य किये जाने के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| EMD Paid Online Through mptenders.gov.in | Tender Fees (Rs.) |
|---|---|
| 30,000/- | 2000/- |

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep / app पर जमा किये जाऐंगे।
1 निविदा शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य है।
2 मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
3 समय सारणी :-

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन का दिनांक | 26/03/2026 के 10:00 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का दिनांक | 26/03/2026 के 10:00 बजे। |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 06/04/2026 के 12:00 बजे। |
| निविदा जमा करने का प्रारंभ दिनांक | 26/03/2026 के 10:00 बजे। |
| निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक | 15/04/2026 के 16:00 बजे। |
| निविदा खोलने का दिनांक | 16/04/2026 के 16:30 बजे। |

4 निविदाकर्तागण से अनुरोध है कि निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धि पत्र आदि बेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेंगे अत: वेबसाईट पर अद्यतन रहें।
5 निविदा में दर्शाए दिनांक / समय पर निविदा खोली जावेगी, निविदा खोलने के उपरान्त तकनीकी निविदा में योग्य पाए गए निविदाकर्ताओं एवं वित्तीय निविदा की जानकारी वेबसाईट के माध्यम से बाद में सूचित की जावेगी।

जी-28017/25

सेनानी
25वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



मुथूट होमफिन
मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमि.

CIN- U65922KL2011PLC029231
कॉर्पोरेट कार्यालय : मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड 19/ई, द रूबी, सेनापति बापट मार्ग, तुलसी पाइप रोड, रूपारेल कॉलेज के पास, दादर पश्चिम, मुंबई - 400028.
शाखा कार्यालय : मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड, अलंकार कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 10, जोन II, एमपी नगर, भोपाल, म.प्र.- 462011.

परिशिष्ट-IV-ए [ नियम 8(6) का प्रावधान देखें ]

### नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड के ऑथराइज्ड ऑफिसर द्वारा सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत नीचे बताई गई सिक्योर्ड एसेट का कब्जा लेने के लिए, ताकि कर्ज लेने वाले/वालों से बकाया रकम की रिकवरी हो सके, नीचे साइन करने वाले द्वारा सीलबंद लिफ़ाफ़ों में अचल प्रॉपर्टी खरीदने के लिए ऑफ़र मंगाए जाते हैं, जैसा कि नीचे बताया गया है, जो उनके कब्जे में है, 'जैसा है जहाँ है' के आधार पर, **'जैसा है जैसा है' के आधार पर और 'जो कुछ भी है जो है'** के आधार पर, जिसकी डिटेल्स नीचे दी गई हैं:-

| स. क्र. | उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता(ओं) गारंटरर्स/ऋण खाता संख्या/शाखा | डिमांड नोटिस की तारीख और रकम | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि जमा (ईएमडी) (आरपी का 10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. जितेंद्र मालवीय/ बबली बाई/ बीएचओ-एचएल-001119 और बीएचओ-एनएचएल-001104/ भोपाल | 20-मई-2025/ रु. 5,63,420/- रु. पाँच लाख तिरसठ हजार चार सौ बीस केवल और रु. 3,13,487/- रु. तीन लाख तेरह हजार चार सौ सत्तासी केवल। | प्लॉट नंबर 96 पर मकान, खसरा नंबर 479 का हिस्सा, नीलगगन फार्म्स, गाँव खारखेड़ी, खजूरी सड़क,प.ह.नं. 37 रानिम 04, विकास खंड फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश, भौगोलिक निर्देशांक - 23.240490, 77.233532, सर्वेक्षण संख्या/हिस्सा संख्या, खसरा नंबर 479 का हिस्सा, लैंडमार्क, पापाजी ढाबा के पास, जिला भोपाल, राज्य मध्य प्रदेश, पिनकोड 462030, दिशा-निर्देश उत्तर-मकान नंबर 97, दक्षिण- खुला प्लॉट नंबर 95, पूर्व- 18 फीट चौड़ी सीसी रोड, पश्चिम- ठाकुर साहब की जमीन | रु. 9,97,500/- रु. नौ लाख सत्तानबे हजार पांच सौ केवल। | रु. 99,750/- रु. निन्यानबे हजार सात सौ पचास केवल। |

1. नीलामी **'जैसा है, जहां है' और 'जैसा है, जैसा है'** के आधार पर हो रही है
2. ऑक्शन सेल के डिटेल्ड टर्म्स एंड कंडीशंस ऊपर बताए गए रीजनल ऑफिस में अवेलेबल बताए गए टेंडर फॉर्म में शामिल हैं।
3. 'मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड' के फेवर में डिमांड ड्राफ्ट के ज़रिए ईएमडी और केवाईसी के साथ बताए गए टेंडर फॉर्म में सील्ड बिड/ऑफर जमा करने की लास्ट डेट **05-अप्रैल-26 को 04:00 बजे** तक रीजनल ऑफिस में ऊपर दिए गए पते पर है। जो टेंडर पूरी तरह से नहीं भरे गए हैं या लास्ट डेट के बाद मिले हैं, उन्हें इनवैलिड टेंडर माना जाएगा और इसलिए रिजेक्ट कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई इंटरेस्ट नहीं दिया जाएगा।
4. अचल संपत्ति के निरीक्षण की तारीख **04-अप्रैल-26 को दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे** के बीच है।
5. प्रॉपर्टी के लिए बिड/ऑफर ऑक्शन खोलने की तारीख **06-अप्रैल-26** है, ऊपर बताए गए ब्रांच ऑफिस के पते पर दोपहर **01:00 बजे** ऑथराइज्ड ऑफिसर द्वारा।
6. एमएचआईएल किसी भी बकाया कानूनी नोटिस और एन्कम्ब्रेन्स/टैक्स एरियर वगैरह के पेमेंट के लिए जिम्मेदार नहीं होगा, अगर कोई है और सफल नीलामी में खरीदी गई रकम का पेमेंट करने की जिम्मेदारी उनकी होगी। बोली लगाने वाले को प्रॉपर्टी के एन्कम्ब्रेन्स टाइटल के बारे में खुद से पूछताछ करनी चाहिए और खुद को इंस्पेक्ट और सैटिस्फाई भी करना चाहिए।
7. सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले को एमएचआईएल लिमिटेड की मंजूरी लेनी होगी। ऑथराइज्ड ऑफिसर के पास बिना कोई कारण बताए मिले सभी ऑफर/बिड को स्वीकार करने का अधिकार होगा। उनका फैसला आखिरी और मान्य होगा।
8. बॉरोअर/गारंटर को सरफेसी एक्ट 2002 के तहत 30 दिन का सेल नोटिस दिया जाता है कि वे ऑक्शन की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम का पेमेंट करें, ऐसा न करने पर अचल प्रॉपर्टी की नीलामी कर दी जाएगी और बाकी रकम, अगर कोई हो, तो ब्याज और खर्च के साथ वसूल की जाएगी। अगर बॉरोअर बिक्री की तारीख से पहले मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड को पूरी रकम का पेमेंट कर देता है, तो ऑक्शन रद्द हो जाएगा।

ज्यादा जानकारी के लिए, ऊपर दिए गए ऑफिस के पते पर ऑथराइज्ड ऑफिसर से संपर्क करें। संपर्क व्यक्ति - **हर्षदीप पांडे-9303709057**

दिनांक : 31 मार्च, 2026, स्थान : भोपाल   हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड

**आईपीएल मैच : 03** राजस्थान ने सीएसके को 47 गेंद शेष रहते 8 विकेट से हराया, गेंदों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत

# रॉयल्स की जीत में वैभव-बर्गर 'किंग'



**वैभव सूर्यवंशी**
52 रन
17 गेंद
04 चौके
05 छक्के

जेएनएन, गुवाहाटी

नांद्रे बर्गर (26 रन पर दो विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी के बूते राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के तीसरे मैच में सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 47 गेंद शेष रहते आठ विकेट से रौंदकर अपने अभियान का बेहतरीन तरीके से आगाज किया। जैमी ओवर्टन की 36 गेंदों में 43 रन की पारी के बावजूद सीएसके 19.4 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच बर्गर, जोफ्रा आर्चर, रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान की ओर से शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। सूर्यवंशी ने 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिससे जीत के लिए मिले 128 रन के लक्ष्य को रॉयल्स ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। यह मैच में बची हुई गेंदों के लिहाज से राजस्थान की सबसे बड़ी जीत है। सूर्यवंशी ने अपना अर्धशतक महज 15 गेंदों में पूरा कर अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद खुद को शानदार तोहफा दिया। उन्हें यशस्वी जायसवाल का अच्छा साथ मिला। दोनों ने महज 38 गेंदों में 75 रन की साझेदारी कर पावरप्ले में ही टीम की जीत लगभग पक्की कर दी थी। अंशुल कंबोज ने चेन्नई के लिए दो विकेट लिए, लेकिन यह राजस्थान की तूफानी बल्लेबाजी को रोकने के लिए काफी नहीं था। पिछले सत्र में अंक तालिका में निचले पायदान पर रहने वाली दोनों टीमों ने इस सत्र से पहले अपने स्टार खिलाड़ियों रविंद्र जडेजा और संजू सैमसन की अदला-बदली की थी।




## सीएसके ने 57 पर ही गंवा दिए थे 6 विकेट

सीएसके की बल्लेबाजी निराशाजनक रही और उन्होंने 57 के स्कोर पर ही अपने छह विकेट गंवा दिए थे। दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर बर्गर ने सैमसन (6) को क्लीन बोल्ड करते हुए राजस्थान को पहली सफलता दिलाई थी। इसके बाद अगले ओवर की आखिरी गेंद पर आर्चर ने गायकवाड़ (6) को क्लीन बोल्ड कर दिया। चौथे ओवर की पहली गेंद पर ही बर्गर ने आयुष म्हात्रे को गोल्डन डक पर पवेलियन लौटाया। सीएसके ने 19 गेंद के भीतर ही सरफराज खान को इंपैक्ट सब के रूप में बुला लिया था। यह उनके द्वारा सबसे जल्दी इस्तेमाल किया गया और आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे जल्दी लिया गया इंपैक्ट सब था। हालांकि, वह भी उनके अधिक काम नहीं आया क्योंकि शुरुआत में कुछ चौके लगाने के बाद सरफराज भी 17 रन बनाकर आउट हो गए। पावरप्ले में ही 41 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी सीएसके को उनके पुराने दिग्गज जडेजा ने अपने पहले और पारी के आठवें ओवर में दो झटके दिए, जिसमें सरफराज़ और शिवम दुबे के विकेट शामिल थे।

**15** गेंद में वैभव ने अर्धशतक जड़ा। वे 15 गेंद में अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से छठे बल्लेबाज बने। रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम है, जिन्होंने 13 गेंद में फीफ्टी जड़ी है। वहीं केएल राहुल, पेट कमिंस और रोमारियो शेफर्ड ने 14-14 गेंद में अर्धशतक लगाया है।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्सः 127/10 (19.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन बो. बर्गर | 6 | 7 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ बो. आर्चर | 6 | 11 | 1 | 0 |
| आयुष म्हात्रे का. जुरेल बो. बर्गर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| शॉर्ट का. यशस्वी बो. संदीप | 2 | 7 | 0 | 0 |
| सरफराज पगबाधा बो. जडेजा | 17 | 12 | 2 | 1 |
| कार्तिक पगबाधा बो. बृजेश | 18 | 15 | 0 | 1 |
| शिवम का. बिश्नोई बो. जडेजा | 6 | 4 | 0 | 1 |
| जेमी ओवर्टन रनआउट | 43 | 36 | 2 | 2 |
| नूर अहमद का. जुरेल बो. आर्चर | 1 | 9 | 0 | 0 |
| मैट हेनरी का. एंड बो. बिश्नाई | 5 | 7 | 1 | 0 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 7 | 10 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 16, **कुलः** 19.4 ओवर में 127 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-14, 2-19, 3-19, 4-38, 5-51, 6-57, 7-74, 8-82, 9-94, 10-127, **गेंदबाजीः** जोफ्रा आर्चर 4-0-19-2, नांद्रे बर्गर 4-0-26-2, बृजेश शर्मा 3-0-17-1, संदीप शर्मा 2.4-0-22-1, रवि बिश्नोई 3-0-16-1, रविंद्र जडेजा 3-0-18-2.

**राजस्थान रॉयल्सः 128/2 (12.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 | 26 | 3 | 1 |
| वैभव का. सरफराज बो. कंबोज | 52 | 17 | 4 | 5 |
| ध्रुव जुरेल बो. कंबोज | 18 | 9 | 4 | 0 |
| रियान पराग नाबाद | 14 | 11 | 1 | 1 |

**अतिरिक्तः** 6, **कुलः** 12.1 ओवर में दो विकेट पर 128 रन, **विकेट पतनः** 1-75, 2-99, **गेंदबाजीः** मैट हेनरी 3-0-40-0, खलील अहमद 3-0-17-0, अंशुल कंबोज 3-0-27-2, नूर अहमद 2-0-24-0, जेमी ओवर्टन 1-0-14-0, मैथ्यू शॉर्ट 0.1-0-1-0.

**आईपीएलः गुजरात बनाम पंजाब मैच आज**

## पावर हिटर्स की जंग में देखने को मिलेगी रनों की बारिश

**मुल्लांपुर, जेएनएन।** भारतीय टीम से बाहर टी-20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब आईपीएल के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुआई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी-20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था, लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था, जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। पंजाब किंग्स के लिए एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा, जो तीन अलग-अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची, जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। पंजाब और गुजरात दोनों ही टीमों में कई सारे बेहतरीन पावर हिटर्स मौजूद हैं। प्रियांश आर्या ने आईपीएल 2025 में 25 और प्रभसिमरन सिंह ने 30 छक्के लगाए थे। इसमें से 17 छक्के उन्होंने पावरप्ले में जड़े थे, जबकि अय्यर ने पिछले सीजन अपनी टीम के लिए सबसे अधिक 39 छक्के जड़े थे। गुजरात के कप्तान गिल और जॉस बटलर दोनों ने पिछले सीजन अपनी टीम के लिए सबसे अधिक 24 छक्के जड़े थे। साई सुदर्शन 21 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर थे। वहीं शाहरुख खान अब तक आईपीएल में 50 छक्के जड़ चुके हैं। ऐसे में इस मैच में दोनों टीमों के पावर हिटर्स की जंग होने वाली है।



**हेड टू हेडः** दोनों टीमों के बीच कुल छह मैच हुए हैं, जिसमें से तीन गुजरात और तीन ही मैच पंजाब ने जीते हैं। हालांकि पिछले दो साल में पंजाब ने दो मैच जीता है और गुजरात ने एक मैच में जीत हासिल की है। वहीं मुल्लांपुर में गुजरात की टीम एक बार पंजाब को हरा चुकी है।

■ अय्यर का रिकॉर्ड कप्तान के तौर पर आईपीएल में (कम से कम 50+ मैच) जबरदस्त रहा है। 58.8 की जीत प्रतिशत के साथ वह पहले पायदान पर हैं। जबकि दूसरे नंबर पर तेंदुलकर (58.8 प्रतिशत) और तीसरे नंबर पर धोनी (58.3 प्रतिशत) हैं। अय्यर ने पिछले सीजन 17 मैचों में 50.3 की औसत से 604 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 50 की औसत से 650 रन बनाए थे। आईपीएल 2024 में बतौर कप्तान गिल ने 1076 रन और श्रेयस 955 रन बनाए।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| रियान रिकेल्टन (मुंबई) | 81 |
| इशान किशन (हैदराबाद) | 80 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 78 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| जैकब डफी (बेंगलुरू) | 03 |
| रोमारियो (बेंगलुरू) | 03 |
| शार्दुल ठाकुर | 03 |



### बाउंड्री मीटर

61 छक्के
93 चौके
08 अर्धशतक



जेमी ओवर्टन और अंशुल कंबोज के बीच 10वें विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी हुई, जो सीएसके के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। उन्होंने एमएस धोनी और मोहित शर्मा के बीच हुई 26 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को तोड़ा।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 | +4.171 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | +2.907 |
| मुंबई | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.687 |
| कोलकाता | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.687 |
| हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | -2.907 |
| चेन्नई | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.171 |
| दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| लखनऊ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| गुजरात | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पंजाब | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

# सिनर ने बिना सेट हारे पूरा किया 'सनशाइन डबल' 2017 के बाद किसी पुरुष खिलाड़ी ने बनाया रिकॉर्ड

### चेक गणराज्य के खिलाड़ी जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन जीता

जेएनएन, मियामी गार्डन्स

इटली के स्टार खिलाड़ी और विश्व नंबर दो यानिक सिनर ने चेक गणराच्य के जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और आर्यना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। विश्व नंबर एक सबालेंका ने अमेरिकी स्टार कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। यह पहला मौका है, जब एक ही साल में पुरुष और महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे। सिनर दोनों इवेंट्स में एक भी सेट गंवाए बिना यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इंडियन वेल्स और मियामी दोनों टूर्नामेंटों में कुल 24 सेट खेले और सभी जीत लिए।



"यह कुछ ऐसा है, जिसके बारे में मैंने कभी (जीतने) नहीं सोचा होगा, क्योंकि इसे हासिल करना मुश्किल है। मैं अपनी इस उपलब्धि से बेहद खुश हूं। - यानिक सिनर

**24** साल के सिनर ने अपने करियर में पहली बार इंडियन वेल्स जीता और 'सनशाइन डबल' जीतने वाले आठवें पुरुष खिलाड़ी बने। नोवाक जोकोविच और फेडरर ने कई मौकों पर यह उपलब्धि हासिल की है। जिम कूरियर (1991), माइकल चांग (1992), पीट सम्प्रास (1994), मार्सेलो रियोस (1998), आंद्रे अगासी (2001), रोजर फेडरर (2005-06) और नोवाक जोकोविच (2011, 2014-16) वो खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने सिनर से पहले सनशाइन डबल पूरा किया है।

■ सिनेर चौथी बार फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने 2024 में भी खिताब जीता था, जबकि 2021 और 2023 में उपविजेता रहे थे। हालंकि पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

■ सिनर ने मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 34 सेट जीते हैं। वह जोकोविच और नडाल के साथ उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने ग्रैंड स्लैम के बाद के स्तर के टूर्नामेंट में लगातार तीन खिताब जीते हैं।

## पीएसएलः फखर जमां, अफरीदी और रजा पर गेंद से छेड़खानी के आरोप

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 साल के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता की धारा 2.14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर के सामने पेश होकर जमां ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया। यह आरोप कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले का है जब उन्हें जीत के लिए 14 रन की जरूरत थी। फखर को हारिस रऊफ और लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से बात करते देखा गया। इसके बाद अंपायर फैसल अफरीदी ने गेंद मांगी और उसे देखने के बाद पाया कि इससे छेड़छाड़ की गई है। मैच रैफरी अगले 48 घंटे में फिर सुनवाई के बाद फैसला सुनाएंगे। अंपायर ने गेंद से छेड़छाड़ के लिए लाहौर कलंदर्स पर पांच रन का जुर्माना लगाया, जिससे कराची को आखिरी ओवर में नौ रन ही चाहिए थे, जो उन्होने बना लिए।



### केकेआर को पता है ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगेः ऑस्ट्रेलिया

**सिडनी, जेएनएन।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है, जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यों नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि कैमरन को कमर में चोट लगी थी, जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10-12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पाएगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है।



### एआईएफएफ प्रमुख पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) सोमवार को विवादों में घिर गया, जब उसकी महिला समिति की प्रमुख वलांका अलेमाओ ने हालिया बैठक के दौरान अध्यक्ष कल्याण चौबे पर उत्पीड़न और डराने-धमकाने के आरोप लगाए। अलेमाओ एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की सदस्य और आई-लीग क्लब चर्चिल ब्रदर्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रविवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान उन्हें टोकाटाकी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

## मरियम नवाज पर ट्वीट करना पड़ा भारी नसीम शाह पर लगा दो करोड़ का जुर्माना

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को तेज गेंदबाज नसीम शाह पर व्यंग्य भरे ट्वीट पोस्ट करने के लिए दो करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया और इस ट्वीट को उनके केंद्रीय अनुबंध के अनुच्छेद का उल्लंघन माना। पीसीबी ने घोषणा की है कि बोर्ड की अनुशासन समिति ने नसीम को अपने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट पोस्ट करते समय गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार करने का दोषी पाया है। नसीम तब मुश्किल में पड़ गए और उन्हें 27 मार्च को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। यह घटना पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान सुपर लीग के उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर आने के तुरंत बाद हुई। कुछ ही मिनटों बाद नसीम ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने पंजाब की मुख्यमंत्री के बारे में व्यंग्य भरी टिप्पणियां कीं। बोर्ड ने कहा कि नसीम ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दिया था और अपने व्यवहार के लिए बिना शर्त माफी भी मांगी थी।



## विश्व तीरंदाजी ने 19 साल की शीतल देवी को 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज' चुना

**लुसाने, जेएनएन।** भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है, जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैम्पियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 साल की शीतल देवी विश्व पैरा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजाएं नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है। विश्व तीरंदाजी ने कहा कि भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है, जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की। शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है। शीतल ने सोमवार को एक्स पर लिखा-दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी द्वारा सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिए मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।



### खेल एक नजर

## कैंडिडेट्स टूर्नामेंटः प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**पाफोस (साइप्रस), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए चीन के वेई यी के खिलाफ आसानी से ड्रॉ खेला और सोमवार को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर बने रहे। पहले दौर में अनीश गिरी पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरे दिन भी लय में नजर आए। उन्होंने 'फ्रेंच डिफेंस ओपनिंग' में काले मोहरों से खेलते हुए चीन के खिलाड़ी पर कुछ दबाव बनाया। वेई यी ने जटिल मुकाबले से बचने का फैसला किया और मोहरों की अदला-बदली होती रही, जिससे अंत में विपरीत रंग के ऊंटों के एंडगेम में मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। प्रज्ञानानंदा के पास एक अतिरिक्त प्यादा था, लेकिन सफेद मोहरों की स्थिति बेहद मजबूत थी। 46 चालों के बाचद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई।



### सिटी स्पोर्ट्स

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सः मप्र की आरती की चांदी, रंगलाल को कांस्य



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5000 मीटर दौड़ स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक अर्जित किया। महिला 5000 मीटर दौड़ में मप्र की आरती डावर ने रजत पदक अपने नाम किया। वहीं पुरुष 5000 मीटर स्पर्धा में मप्र के खिलाड़ी रंगलाल डोडियार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनों खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के रायपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में किया जा रहा है, जिसमें देशभर के जनजातीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है।

## तैराकी प्रतियोगिता 12 अप्रैल को

**भोपाल, खेप्र।** शहर के पुरुषोत्तम गौर स्विमिंग पूल में 12 अप्रैल को एक्रोबैट एक्वेटिक फेस्ट-2026 तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एक्रोबैट स्पोर्ट्स एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा भोपाल स्विमिंग एसोसिएशन के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पुरुषोत्तम गौर स्विमिंग पूल के प्रबंधक और आयोजन सचिव बृजभान सिंह धाकड़ ने बताया कि इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न श्रेणियों में प्रतिस्पर्धाएं होंगी। इसमें सीनियर (पुरुष/महिला), ग्रुप-1 (बालक/बालिका), ग्रुप-2, ग्रुप-3, ग्रुप-4, ग्रुप-5 और मास्टर्स (पुरुष/महिला) वर्ग शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई (50मी., 100मी. 200मी.) तथा 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जो आयु वर्ग के अनुसार निर्धारित रहेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कराने होंगे।

## आईपीसीए ने भोपाल को हराया

**भोपाल, खेप्र।** आईपीसीए ने स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आयोजित नौवें मास्टर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बारिश से प्रभावित मुकाबले में डकवर्थ लुइस पद्धति के आधार पर भोपाल मास्टर्स को दो विकेट से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर सोमवार को भोपाल मास्टर्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 155 रन बनाए। अभिषेक ने 63, जतिन सक्सेना ने 39 और विजय मंघरानी ने 22 रन का योगदान दिया। आईपीसीए के मुक्तदिर ने 2 और चेतन मेवाड़ा ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीसीए की टीम ने 19.1 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 रन बना लिए थे, तभी बारिश की कारण खेल रोकना पड़ा। आईपीसीए को डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार दो विकेट से जीत मिली। भोपाल मास्टर्स के प्रदीप कनाड़े ने 3 और जतिन सक्सेना ने 2 विकेट लिए। जतिन और सनी भटनागर को सयुंक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



## संक्षिप्त समाचार

### पटना में नीतीश के कार्यक्रम में हंगामा




**पटना, जेएनएन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना यूनिवर्सिटी में एकेडमिक भवन और प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करने पहुंचे। इस दौरान छात्र नेताओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान छात्रों ने पटना डीएम चोर है और डिप्टी सीएम गो बैक के नारे भी लगाए। सीएम के पहुंचने से पहले भी छात्र नेता नारेबाजी कर रहे थे। छात्र संघ के अध्यक्ष शांतनु शेखर का कहना है कि इस कार्यक्रम के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं दी गई थी। यहां तक कि कुलपति को भी इसके लिए निमंत्रण नहीं दिया गया है। हंगामे के चलते सीएम ने 7 से 8 मिनट में अपना कार्यक्रम खत्म किया और वहां से निकल गए। इस दौरान मुख्यमंत्री कैंपस में जहां-जहां गए छात्रनेता उनके पीछे-पीछे जाते रहे। वीसी से छात्रों ने कहा, आप अपने लिए खड़े होइए सर, हमलोग आपके साथ हैं।

### महिला ने बेटियों का सरनेम बदला, पिता ने की शिकायत

**वड़ोदरा, जेएनएन।** गुजरात के वडोदरा में एक महिला ने अपनी दोनों बेटियों का सरनेम बदल दिया। बच्चियों के पिता की शिकायत और कोर्ट के आदेश पर पत्नी और वीबग्योर स्कूल के मालिक रुस्तम केरावाला के खिलाफ अटलादरा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। 44 साल के अभिषेक अशोक कुमार मिश्रा ने शिकायत में कहा कि उनकी पत्नी 2019 में दूधसागर डेयरी में नौकरी के लिए मेहसाणा गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वह वहां पूर्व गृह मंत्री विपुल चौधरी के साथ रहने गई थी। अभिषेक ने दावा किया कि पत्नी के अनैतिक संबंधों से दूधसागर डेयरी में बोनस घोटाला हुआ। यह साजिश तब रची गई जब उनकी पत्नी एचआर डिपार्टमेंट में थी। उन्होंने कहा कि 2019 में इसकी जानकारी गुजरात सरकार को दी थी। मामला गुजरात हाईकोर्ट में चल रहा है।

### पाक-अफगान में फिर संघर्ष, एक की मौत

**काबुल, जेएनएन।** अफगानिस्तान ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने रविवार को देश के कुनार प्रांत के असदाबाद शहर के बाहरी इलाकों पर गोलाबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच फरवरी से टकराव बढ़ा हुआ है। इसे पिछले कई दशकों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे गंभीर टकराव माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान पर हमले करते हैं। खास तौर पर पाक तालिबान का जिक्र किया जाता है। यह अफगान तालिबान से अलग है, लेकिन दोनों के बीच करीबी संबंध माने जाते हैं। अफगान तालिबान ने 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के दौरान सत्ता संभाली थी। हालांकि काबुल आरोप खारिज करता रहा है। इस महीने की शुरुआत में अफगानिस्तान ने दावा किया था कि पाकिस्तान के एक हवाई हमले में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया।

### नेपालः सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी और हिरासत को लेकर नवगठित बालेंद्र शाह सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सरकार से जवाब तलब किया है। यह आदेश ओली की पत्नी राधिका शाक्य द्वारा दायर हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। हालांकि, अदालत ने फिलहाल ओली की तत्काल रिहाई से इनकार कर दिया। जस्टिस मेघराज पोखरेल की एकल पीठ ने सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। ओली को 28 मार्च को 'जेन जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पिछले साल प्रदर्शनों के दमन में उनकी भूमिका रही, जिसमें 76 मौत हुई थी। अधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के खिलाफ जांच तेज कर दी है।

## गे एंड लेस्बियन मार्डी ग्रास परेड



*48वां वार्षिक सिडनी गे एंड लेस्बियन मार्डी ग्रास परेड ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट पर आयोजित की गई जिसमें 9,000 से अधिक प्रतिभागियों और लगभग 170 झांकियों ने भाग लिया। डार्लिंगहर्स्ट के ऐतिहासिक परेड मार्ग पर एक्स्टैटिका थीम का जश्न मनाने के लिए हजारों दर्शक एकत्रित हुए। इस आयोजन का विषय ईएसटीएटीका था, जो समलैंगिकों की खुशी, चमक और ग्लैमर का जश्न मना जाता है। इस मार्च को देखने के लिए हजारों लोग सड़कों पर जमा हुए। यह ऑस्ट्रेलिया में समलैंगिकों एक बड़ा उत्सव है।*

## 1 लाख टन तेल ले जा रहा रूसी जहाज क्यूबा पहुंचा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रूसी मीडिया ने 30 मार्च को रूसी परिवहन मंत्रालय के एक बयान का हवाला देते हुए बताया, मानवीय सहायता सामग्री ले जा रहा अनातोली कोलोडकिन तेल टैंकर मटांज़ास बंदरगाह पर माल उतारने की प्रतीक्षा कर रहा है। इससे पहले, रूसी ऊर्जा मंत्री सर्गेई त्सिविल्योव ने कहा था कि रूस क्यूबा को ईंधन सहित मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखेगा। क्यूबा ऊर्जा संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। उप प्रधानमंत्री और विदेश व्यापार एवं निवेश मंत्री ऑस्कर पेरेज़-ओलिवा फ्रागा के अनुसार, ऊर्जा की कमी से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली प्रभावित होने के कारण 11,000 से अधिक बच्चों सहित 100,000 से अधिक लोग सर्जरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों को हाल ही में और कड़ा कर दिया गया है।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले क्यूबा तेल आपूर्ति पर कोई आपत्ति नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका को मानवीय उद्देश्यों के लिए रूस और अन्य देशों द्वारा क्यूबा को तेल की आपूर्ति करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उन्होंने तर्क दिया कि इन आपूर्तियों से द्वीप राष्ट्र की ऊर्जा कमी पूरी तरह से हल होने की संभावना नहीं है।

# मोदी सीएम को अपने इशारों पर नचाते हैं: राहुल ममता बोलीं- भाजपा कैश और गैस बंद कर देगी

### 5 राज्यों में चुनावी जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी

**कोलकाता/गुवाहाटी/चेन्नई/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी, जेएनएन।** देश के 5 राज्यों में अप्रैल में चुनाव हैं। सभी राज्यों में पार्टियों की जनसभा, रैली और प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आज केरल दौरे पर हैं। उन्होंने कोट्टायम में कहा- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में संशोधन विधेयक लाया जाना है। जिससे गंभीर बात है, क्योंकि इसके तहत केवल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ही विदेशी फंड प्राप्त कर सकेगा, जबकि अन्य संगठनों पर रोक लगा दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि आरएसएस में ऐसी क्या खास बात है कि उनके लिए अलग नियम हैं? वे नफरत फैलाते हैं और लोगों को बांटते हैं। भाजपा इसी तरह काम करती है। इससे पहले पतनमतिट्टा में राहुल ने कहा था कि नरेंद्र मोदी, डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में हैं। ठीक इसी तरह, नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को भी अपने इशारों पर नचाते हैं।



### अधीर रंजन बोले- इस बार मुझे लोगों का समर्थन मिलेगा

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा- ऐसा कभी नहीं हुआ कि बहरामपुर के लोगों ने मुझ पर भरोसा न किया हो। पिछले लोकसभा चुनावों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के कारण मुझे उतने वोट नहीं मिले जितने मिलने चाहिए थे।



### भाजपा समाज के सभी वर्गों में करा रही झगड़ा : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बेल्दा में चुनावी सभा में कहा- भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है।

#### केरल के सीएम बोले

### सॉफ्ट हिंदुत्व से कांग्रेस का वोट खिसका



तिरुवनंतपुरम केरल में 9 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। पिछले दस साल से लेफ्ट के नेतृत्व वाला एलडीएफ यानी लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सत्ता में है। एलडीएफ की ओर से मुख्यमंत्री पी. विजयन चुनावी कमान संभाल रहे हैं। 80 साल के विजयन प्रचार से लेकर विरोधियों के आरोपों का जवाब देने तक हर मोर्चे पर सक्रिय हैं। यहां मुकाबला सीधे कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ यानी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट से है। हालांकि वे कहते हैं कि कांग्रेस के सॉफ्ट हिंदुत्व वाले रुख की वजह से उसका कोर वोट बैंक धीरे-धीरे भाजपा की ओर जा रहा है। 10 साल की एंटी इंकंबेंसी और विपक्ष के भ्रष्टाचार के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कोई एंटी इंकंबेंसी नहीं है।

## 23 देशों में फैला कोविड-19 का नया सब-वेरिएंट बीए.3.2

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओमिक्रॉन का एक नया सब-वेरिएंट बीए.3.2 23 देशों में पाया गया है। इसे सिकाडा नाम दिया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 का एक नया वेरिएंट पूरी दुनिया में चुपचाप फैल रहा है। इसमें म्यूटेशन की संख्या असामान्य रूप से ज्यादा है, जिसकी मदद से यह मौजूदा इम्युनिटी को भी चकमा दे सकता है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वेरिएंट स्ट्रेन सबसे पहले नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में पहचाना गया था और अब तक कम से कम 23 देशों में इसका पता चला है।

### सिकाडा नाम क्यों

इसे सिकाडा वेरिएंट नाम दिया इसलिए दिया गया है, क्योंकि यह उस शोर मचाने वाले कीड़े की तरह ही सालों तक किसी की नजर में आए बिना अचानक बड़ी संख्या में सामने आया। बीए.3.2 अपनी जेनेटिक विविधता के लिए जाना जाता है। इसके स्पाइक प्रोटीन में लगभग 70-75 म्यूटेशन होते हैं।सीडीसी ने बताया कि इसकी तुलना में, हाल ही में सामने आए दूसरे स्ट्रेन जैसे कि इसके पहले के वेरिएंट जेएन.1 और एलपी8.1 के स्पाइक प्रोटीन में 30-40 म्यूटेशन ही होते हैं।



### बदलाव चिंताजनक

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ये बदलाव इस बात को लेकर कुछ चिंताएं पैदा करते हैं कि वायरस का यह स्ट्रेन, पहले हुए संक्रमण या मौजूदा टीकों से मिली इम्युनिटी को कुछ हद तक चकमा दे सकता है। नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी में फार्मेसी और हेल्थ सिस्टम साइंसेज के एसोसिएट क्लिनिकल प्रोफेसर ब्रैंडन डियोन ने कहा, इसमें निश्चित रूप से काफी सारे म्यूटेशन हैं, इसलिए यह चिंता है कि मौजूदा वैक्सीन इसके लिए बहुत ज्यादा असरदार साबित नहीं होगी।

**क्या हैं लक्षणः** बीए.3.2 के लक्षण हाल के अन्य वेरिएंट्स जैसे ही लगते हैं, जिनमें गले में खराश, खांसी, नाक बंद होना, थकान, सिरदर्द और बुखार शामिल हैं। कुछ लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं, जैसे जी मिचलाना या दस्त भी हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि सिकाडा स्ट्रेन अधिक गंभीर बीमारी या उच्च मृत्यु दर का कारण बनता है।

## आंतरिक सुरक्षा के लिए एआई इस्तेमाल करेगा गृह मंत्रालय

### संसद की स्थायी समिति को सौंपी गई रिपोर्ट

#### डार्क वेब निगरानी से कसा जाएगा 'म्यूल अकाउंट' पर शिकंजा

#### आईआईटी-आरबीआई तैयार कर रहे हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अब गृह मंत्रालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने जा रहा है। संसद की स्थायी समिति को सौंपी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई के जरिए पुलिस, अर्धसैनिक बलों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों की कार्यक्षमता बढ़ाई जा रही है। गृह मंत्रालय एआई की मदद से प्रिडिक्टिव पुलिसिंग, व्यवहार विश्लेषण और अपराध पैटर्न पहचान जैसे सिस्टम विकसित कर रहा है, जिससे अपराध होने से पहले ही उसकी आशंका का पता लगाया जा सके। इसके लिए इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) एआई आधारित सिस्टम तैयार कर रहा है, जो 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को तेज करेगा और क्षेत्रीय भाषाओं में गाइडेड इंटरफेस देगा।

**'म्यूल अकाउंट' की पहचानः** आईआईटी बॉम्बे और आरबीआई इनोवेशन हब के साथ मिलकर ऐसा एआई मॉडल विकसित किया जा रहा है जो संदिग्ध बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) को 'सस्पेक्ट स्कोर' देकर पहचान सकेगा। इससे बैंक रियल-टाइम में धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन रोक सकेंगे।



**83,867**

**व्हाट्सएप अकाउंट बंद**

साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए 83,867 से ज्यादा व्हाट्सएप अकाउंट और 3,962 स्काईपे आईडी बंद कर दी हैं। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय के तहत काम कर रहे इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) और दूरसंचार विभाग ने संयुक्त रूप से की है। सरकार के मुताबिक, यह ऑपरेशन मुख्य रूप से कंबोडिया, म्यांमार और वियतनाम से चल रहे साइबर फ्रॉड नेटवर्क के खिलाफ किया गया है। ये गिरोह 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे तरीकों से भारतीय नागरिकों को निशाना बना रहे थे।

**डार्क वेब और फिशिंग पर नजर** एआई टूल्स के जरिए डार्क वेब, फर्जी वेबसाइट्स और फिशिंग नेटवर्क की निगरानी की जा रही है। इससे साइबर अपराधों की पहले से पहचान और रोकथाम संभव होगी।

## निशिकांत को मेंटल डॉक्टर की जरूरतः नवीन पटनायक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओडिशा के पूर्व सीएम और बीजू जनता दल (बीजद) चीफ नवीन पटनायक ने सोमवार को पिता बीजू पटनायक पर टिप्पणी को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की आलोचना की। भुवनेश्वर में मीडिया से बातचीत में पटनायक ने कहा- बीजेपी सांसद का बयान आपत्तिजनक है और उन्हें मेंटल डॉक्टर की जरूरत है। दरअसल, 27 मार्च को निशिकांत ने दावा किया था कि 1962 में चीन से युद्ध के दौरान बीजू पटनायक, तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू, अमेरिका और सीआईए (सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) के बीच कड़ी थे। बीजद ने सोमवार को निशिकांत दुबे की टिप्पणी के विरोध में राज्यसभा से वॉकआउट किया। कार्यवाही शुरू होते ही समित पात्रा ने कहा- निशिकांत दुबे ने बीजू पटनायक को सीआईए एजेंट बताया है, जो पूरी तरह गलत और मनगढ़ंत बयान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल का स्तर गिर गया है और ऐसी टिप्पणियां की जा रही हैं।



## नेवी कर्मी ने प्रेमिका के तीन टुकड़े कर धड़ फ्रिज में रखा

**विशाखापट्टनम, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने रविवार 29 मार्च को अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर दिए। इसके बाद खुद पुलिस स्टेशन गया और अपना अपराध को कबूल कर लिया। मृतक की पहचान 31 साल की मोनिका के रूप में हुई है। वहीं आरोपी 35 साल का चिंतादा रविंद्र है। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने प्रेमिका का सिर, हाथ और पैर को धड़ से अलग किया। पैरों और कूल्हे के हिस्से को ट्रॉली बैग में छिपा दिया। धड़ को फ्रिज में रखा। सिर और हाथों को सुनसान इलाके में ले जाकर जलाने की कोशिश की। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो घर और फ्रिज में शव के टुकड़े मिले। मोनिका का सिर गायब था। पुलिस को शक है कि रविंद्र ने उसे किसी दूसरी जगह पर ठिकाने लगाया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी इंडियन नेवल शिप डेगा में तैनात एक टेक्निशियन है। रविंद्र और मोनिका 2021 में 'मिंगल' नामक डेटिंग ऐप पर मिले थे। धीरे-धीरे उनके बीच प्रेम संबंध बन गया। 2024 में रविंद्र ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। आरोपी के अनुसार, शादी के बाद से मोनिका अक्सर उसकी पत्नी को सब कुछ बताने की धमकी देती थी। आरोपी ने दावा किया कि मोनिका ने उससे 3.5 लाख रुपये लिए थे। इसी वजह से दोनों के बीच लगातार झगड़े भी होते थे। कुछ हफ्ते पहले आरोपी की पत्नी अपने मायके विजयनगरम चली गई थी।



## दक्षिण प्रशांत महासागर में आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन, जेएनएन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुआतु के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किलोमीटर की गहराई पर था।

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
Contact : 9713068681
OUR SERVICES
▪ HOUSE HOLD SERVICE
▪ LOADING/UNLOADING
▪ MOVING & SHIFTING
▪ PACKING SERVICE
▪ OFFICE SHIFTING
▪ TRANSPORTATION PAN INDIA
24/7 Hours Service
SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028

## नीतीश ने दिया एमएलसी पद से इस्तीफा, मंत्री रोए

**पटना, जेएनएन।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा विजय चौधरी और एमएलसी संजय गांधी लेकर विधान परिषद पहुंचे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री जी राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। ये तो संवैधानिक प्रक्रिया है। आज उन्हें इस्तीफा देना था। उनका त्यागपत्र एमएलसी संजय गांधी ने विधान परिषद के सभापति को सौंप दिया है।



**नितिन नवीन ने दिया इस्तीफाः** इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का इस्तीफा बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंप दिया है।

**दबाव में इस्तीफा लिया गयाः तेजस्वीः** नीतीश कुमार के इस्तीफे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा, कोई भी दूसरे सदन में चुना जाता है तो एक सदन से इस्तीफा देता है। बात वो नहीं है। उन पर दबाव था।

## 40 की उम्र में दूसरी बार मां बनीं सोनम कपूर ने बेटे को दिया जन्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने 29 मार्च को मुंबई में बेटे को जन्म दिया। इससे पहले उनका एक बेटा वायु है। सोनम और उनके पति आनंद आहूजा ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की। कपल ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा-बहुत खुशी और प्यार के साथ हम यह बताना चाहते हैं कि आज, 29 मार्च 2026 को हमारे घर एक बेटे का जन्म हुआ है। अब हमारा परिवार बड़ा हो गया है और उसके आने से हमारे दिल खुशी से भर गए हैं। वायु अपने छोटे भाई के आने से बहुत खुश है। इस नन्हे मेहमान ने हमारे घर में ढेर सारी खुशियां ला दी हैं। हम अब चार लोगों का परिवार बनकर इस नई शुरुआत के लिए बहुत आभारी हैं। प्यार के साथ- सोनम, आनंद और वायु। खुशखबरी के बाद करीना कपूर, आलिया भट्ट, दीया मिर्जा, हुमा कुरैशी समेत कई सेलेब्स कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं। सोनम कपूर ने नवंबर 2025 में दूसरी बार मां बनने की खुशखबरी फैंस को दी थी। उन्होंने पिंक ग्लैमरस आउटफिट में मदरहुड कैप्शन के साथ इसकी घोषणा की। इसके बाद उनके प्रेग्नेंसी लुक चर्चा में रहे। सोनम कपूर की गोद भराई की रस्म फरवरी में हुई थी, जिसमें कपूर और आहूजा परिवार समेत फिल्म इंडस्ट्री के कई लोग शामिल हुए। एक्ट्रेस ने तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर लिखा था, 'सीमंतोन्नयन, सनातन धर्म के सोलह संस्कारों में तीसरा संस्कार है। इसे आमतौर पर बालों की मांग भरने की रस्म कहा जाता है, जो मां और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे का सम्मान करती है। भारत के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है, जैसे गोद भराई, श्रीमंत, दोहाले जेवन, शाद, सीमन्थम, वलैकप्पु, सीमंथा, पुलिक्कुड़ी और साधभक्षण। नाम भले बदल जाएं, लेकिन इसका भाव एक ही होता है, नए जीवन के लिए प्यार, सुरक्षा और खुशियों का आशीर्वाद।'



दैनिक जागरण वर्गीकृत
आवश्यकता शिक्षा प्रापर्टी दूरसंचार ऑटो मोबाइल, ट्रेवल्स शॉपिंग बाजार इलेक्ट्रॉनिक्स रेस्टोरेंट




FINANCE
AVAILABLE FOR SALE REPO VEHICLE TATA ACE GOLD DIESAL MODEL 2024 RC NO. - MP-04-ZW-2048 ENG. NO.700 CCDI04JWXSC7719 CHSIS NO. MAT559033PZJ25868 CONTACT SUNDRAM FINANCE LTD. BHOPAL MOB. : 9109107073

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 430/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

आवश्यकता है
आउटसोर्स एजेंसी को सरकारी कार्यालयों हेतु सुरक्षागार्ड, आफीसबाय सफाईकर्मी, कुक (M/F), कम्प्यूटर आपरेटर, सुपरवाइजरों की आवश्यकता है रिजयुम सहित संपर्क करें - 57,ग्रेस टावर द्वितीय तल, जोन-2 एम पी नगर भोपाल 8817793148 (9-4)

### नागदा-गोधरा सेक्शन के बीच 'कवच' से दौड़ेगी ट्रेन

**जागरण, रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल के नागदा-गोधरा सेक्शन पर ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली 'कवच' सिस्टम से ट्रेनें दौड़ेंगी। यह कवच सिस्टम इंजन के अंदर लगे हैं। ट्रेन दुर्घटनाओं को रोकने में यह नया कवच सिस्टम मददगार साबित होगा। रतलाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 4 पर सोमवार दोपहर डीआरएम अश्वनी कुमार व अन्य रेल अधिकारियों ने 'कवच' युक्त लोकोमेटिव (इंजन) को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया।

### रानी दुर्गावती विवि में एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जागरण, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विवि की बजट बैठक के दौरान एनएसयूआई छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने विवि के गेट से लेकर बैठक कक्ष तक कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान 'कुलपति को हटाया जाए' और कुलपति मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। छात्रों ने बैठक कक्ष में घुसने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें मुख्य द्वार पर रोक दिया। हालांकि, कुछ छात्र दूसरे गेट से परिसर में प्रवेश करने में सफल रहे।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



एस जयशंकर
विदेश मंत्री

दिल्ली में यूरोपीय संसद के सदस्यों से बातचीत करके मुझे बहुत खुशी हुई। हमने भारत यूरोपीय संघ संबंधों के नए अध्याय और हमारे बीच बढ़ रही आपसी सहमति पर चर्चा की। जैसे-जैसे सहयोग का दायरा बढ़ेगा, वैसे-वैसे हमारे बीच सहजता का स्तर भी बढ़ेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इस नए दौर में यूरोपीय संसद हमारे लिए एक मजबूत स्तंभ की तरह सहायक सिद्ध होगी।

# भोपाल सहित छह जिलों में हुई बारिश, नीमच में ओले भी गिरे

## मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदला प्रदेश का मौसम, खजुराहो में 40.4 डिग्री पहुंचा तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण सोमवार को मप्र के मौसम में बड़ा बदलाव देखा गया। प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में बादल छाए रहे और शाम होने तक कई जिलों में बारिश रिकार्ड की गई। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम 5 बजे के आसपास भोपाल, मंदसौर, नीमच, बैतूल, मैहर और श्योपुर में तेज बारिश हुई। जबकि नीमच में ओले भी गिरे। इसके पहले रविवार को इंदौर के पास सेंधवा में 10 मिली मीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई थी। मौसम केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि इस समय मप्र के ऊपर और आस पास कई सिस्टम सक्रिय हैं। जिस कारण तेज हवा आंधी, बारिश और बादलों का मौसम बना हुआ है। यह सिस्टम अगले 3 से 4 दिन तक



सक्रिय रहेगा। मौसम विभाग ने 6 जिलों में आंधी के साथ ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। इनमें खंडवा, बैतूल, देवास, नीमच, श्योपुर और खरगोन शामिल हैं। वहीं 10 से ज्यादा जिलों में बारिश-आंधी का असर देखने को मिलेगा। इनमें छिंदवाड़ा, रतलाम, बालाघाट, सिवनी, पांढुर्णा और अनूपपुर (अमरकंटक) में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### जहां बारिश, वहां के किसान चिंतित

सोमवार को खरगोन जिले के झिरनिया क्षेत्र में शाम करीब 4 बजे से तेज बारिश हुई। चने के आकार के ओले गिरे। इससे किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि देरी से बोए गए गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका है। उज्जैन जिले के बड़नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज बारिश और कई जगह ओलावृष्टि दर्ज की गई। इसी तरह छिंदवाड़ा में दोपहर बाद मौसम बदला, घने बादल छाए और तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। धार जिले के कुक्षी, डही और बाग क्षेत्र में भी बादलों की गड़गड़ाहट के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। श्योपुर में दोपहर करीब 4 बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई, जिससे लोगों को राहत मिली, लेकिन खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका है।

### बादलों ने बढ़ाया दिन का तापमान

आसमान पर दिन भर छाए रहे बादलों ने कई जिलों में तापमान को बढ़ा दिया। सोमवार को सबसे ज्यादा तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। यहां दिन का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री रिकार्ड किया। इसके बाद नर्मदापुरम में 40.2, मंडला में 39.7, रतलाम में 39.6 डिग्री पारा रहा। भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री रहा।

### यूपी से लेकर छत्तीसगढ़ तक फैली है ट्रफ लाइन

मौसम केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन के सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम में यह बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ होते हुए आंतरिक ओडिशा तक एक ट्रफ लाइन (कम दबाव की रेखा) गुजर रही है। यह रेखा समुद्र तल से लगभग 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इस सिस्टम के कारण बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और स्थानीय हवाओं के टकराव से भोपाल और आसपास के जिलों में बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है। सोमवार को इसी ट्रफ लाइन के कारण कई जिलों में बारिश दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे के 49 लाख के मेडल घोटाले में सप्लायर के खिलाफ एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में रेलवे में हुए सिल्वर मेडल घोटाले में सीबीआई की भोपाल यूनिट ने इंदौर की एक डायमंड कंपनी और रेलवे के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ जालसाजी और भ्रष्टाचार की एफआईआर दर्ज कर ली है। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर और इंदौर की कंपनी वायबल डायमंड्स के बीच गोल्ड प्लेटेड चांदी के मेडल सप्लाई करने का समझौता हुआ था । इसके बाद कंपनी के संचालक विपुल जैन को रेलवे ने कुल 3,640 मेडल सप्लाई करने का ऑर्डर दिया था, जिसकी कुल कीमत 49,68,627 रुपये थी रेलवे के दस्तावेजों के अनुसार, अक्टूबर 2023 में रेलवे की संस्था राइट्स के इंजीनियर ने इन मेडलों की जांच की और अपनी रिपोर्ट में पदक में 99.90 प्रतिशत चांदी होने की पुष्टि की। इसके बाद 3,631 मेडल भोपाल के निशातपुरा स्थित जनरल स्टोर डिपो में जमा कर दिए गए इस मामले का खुलासा तब हुआ, जब सितंबर 2025 में रेलवे विजिलेंस की टीम ने अचानक इन मेडलों की दोबारा जांच कराई। जब इन पदकों की जांच कराई गई, तो एनएबीएलकी नोएडा और कोलकाता स्थित सरकारी लैब की टेस्टिंग रिपोर्ट ने सबको चौंका दिया । इन मेडलों में जहां 99.90 फीसदी चांदी होने का दावा किया गया था, जांच के दौरान उनमें चांदी की मात्रा महज 0.0023 प्रतिशत पाई गई।

### खड़ी कार में लगी आग महिला को बचाया

**जागरण, सिंगरौली।** जिले के विंध्यनगर स्थित एनटीपीसी कॉलोनी में सोमवार दोपहर खड़ी एक ऑल्टो कार में अचानक आग लग गई, जिसमें सवार महिला को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना थर्मल पावर प्लांट की कॉलोनी के एनएच-1 क्षेत्र में दोपहर करीब तीन बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार से अचानक आग की तेज लपटें उठने लगीं। कार के अंदर एक महिला फंसी हुई थी, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने समय रहते बाहर निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ और एनटीपीसी की सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि पास खड़ी एक स्कूटी भी इसकी चपेट में आते-आते बची। गनीमत रही कि आग दूसरी गाड़ियों या रिहायशी हिस्से तक नहीं फैली। फिलहाल कार में आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

# भोपाल की 50 समेत 135 नाटक मंडलियों के अनुदान पर चली कैंची

## केंद्र ने 214 में से केवल 79 आवेदन किए मंजूर, 52 को दो साल कूलिंग पीरियड में डाला

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने भोपाल की 50 सहित प्रदेश की 135 नाट्य मंडलियों (रेपरट्री) के अनुदान पर कैंची चला दी है। मंत्रालय ने राज्य की 214 नाटक मंडलियों में से 135 के अनुदान के नवीनीकरण के आवेदन खारिज कर दिए हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार, गुरु-शिष्य परंपरा योजना के तहत किए गए आवेदनों में से केवल 79 को ही मंजूरी मिली है, जबकि 83 आवेदनों को अस्वीकार कर दिया गया है एवं 52 नाटक मंडलियों को दो साल के कूलिंग पीरियड पर रखते हुए ग्रांट पर रोक लगा दी है। इस साल नए आवेदन करने वाली 33 में से 13 नाटक मंडलियों को ही केंद्र ने अनुदान देने का फैसला लिया है। इसका सीधा मतलब है कि प्रदेश की लगभग दो-तिहाई नाट्य मंडलियां अब सरकारी आर्थिक सहायता से वंचित हो जाएंगी। गुरु-शिष्य परंपरा के तहत केंद्र के संस्कृति मंत्रालय द्वारा रंग मंडलियों के निर्देशकों (गुरुओं) को 15 हजार रुपए प्रतिमाह और कलाकार शिष्यों को 2 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह का अनुदान दिया जाता है। यह अनुदान भी दो साल के बाद मिलता है। इस बार जारी लिस्ट में वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए केवल गिनी-चुनी संस्थाओं को ही अनुदान मिल सका है।




### इन थिएटर समूहों को मिला अनुदान

रंग प्रवर्तन सतना, बयार भोपाल, रंग त्रिवेणी भोपाल, वैदिक लोक संस्कृति कला संस्थान सागर, सुरधाम संगीत जबलपुर, रंग थिएटर सागर, पिंक बर्ड भोपाल, रंगाभरण जबलपुर, बुंदेली लोक नृत्य नाट्य कला सागर, अर्थ कल्चरल सोसायटी भोपाल, संप्रेषणा कटनी, रंग महिमा भोपाल, राइजिंग सोसायटी भोपाल, आकर्षण भोपाल, लोक रंग सतना, आदिम बैतूल, रंग मोहल्ला भोपाल, रंग उत्सव रीवा, ऋतु रंगशाला नरसिंहपुर, अंकुर रंगमंच उज्जैन, दिव्यरंग सागर, सहर्ष भोपाल, नया थिएटर भोपाल आदि।

### इन मंडलियों को कूलिंग पीरियड में रखा

रंगशीर्ष भोपाल, पंचम निषाद संस्था इंदौर, सघन भोपाल, विवेचना जबलपुर, चिल्ड्रन थिएटर एकेडमी भोपाल, नृत्यांजली कथक केंद्र, रंगश्री लिटिल बैले ट्रुप, कोशिश भोपाल, कीर्ति बैले भोपाल, चेतना भोपाल, अभिनव रंगमंडल उज्जैन, कारवां गुलिस्तान भोपाल, शैडो कल्चर भोपाल, रंग विदूषक भोपाल, चैतन्य भोपाल, नाट्य लोक जबलपुर, हम थिएटर भोपाल आदि।

### इन रेपरट्री के आवेदन निरस्त

सावित्री शक्ति पीठ भोपाल, साया कल्चर सोसायटी भोपाल, श्रीकृष्ण लोक संस्कृति भोपाल, दृष्टिमान रंगकला भोपाल, आकार वेलफेयर सोसायटी सतना, रुद्राक्ष भोपाल, वृंदा कथक केंद्र भोपाल, बसंत एजुकेशन कल्चर सोसायटी भोपाल, एकता एमपी कर्मचारी रंगमंच भोपाल, अक्षदा भोपाल, जनसेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था नर्मदापुरम, हरि हरानंद शौर्यकला इंदौर, गंगादास नाट्यकला सतना, आर्ट लोक स्टूडियो भोपाल, शंखनाद छतरपुर आदि।

### देश भर से 1334 नाटक मंडलियों ने किया था आवेदन

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के लिए कुल 1334 रेपरट्री के आवेदन ग्रांट के लिए आए थे। इन 1334 रेपरट्री से कुल 8041 कलाकार और निर्देशक जुड़े हुए हैं। इनमें से केवल 554 को अनुदान के लिए मंजूरी दी गई। देश के 315 थिएटर को दो साल के लिए कूलिंग ऑफ में रख दिया गया है, यानी इन्हें कोई भी ग्रांट नहीं मिलेगी। इसके अलावा 711 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया है। संस्कृति मंत्रालय ने प्रदेश की दो-तिहाई नाटक मंडलियों का न केवल अनुदान रोका है, बल्कि शेष एक-तिहाई मंडलियों को दी जाने वाली ग्रांट में भी कटौती की गई है। जिन 79 नाट्य मंडलियों का अनुदान स्वीकृत हुआ है, उनके सदस्यों की निर्धारित संख्या को भी कम कर दिया गया है।

सालों से रंगमंच से जुड़े हैं। इसके बाद भी हमारी संस्था को तीन साल के कूलिंग पीरियड में डालकर अनुदान रोक दिया गया।
● **बालेंद्र सिंह,** हम थिएटर भोपाल

दो साल की मेहनत के बाद अनुदान का आवेदन रिजेक्ट होने से सदमा लगा है। 2012 से रजिस्टर्ड हैं और हर साल 30 से ज्यादा परफॉर्मेंस हैं। समझ नहीं आ रहा आगे क्या करें।
● **सौरभ अनंत,** विहान ड्रामा भोपाल

# नाले-नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइन के जांच के निर्देश

## एनजीटी की क्षेत्रीय पीठ भोपाल ने कमेटी गठित करने को कहा

**जागरण, जबलपुर।** एनजीटी की क्षेत्रीय पीठ भोपाल ने नाले-नालियों से पीने के पाइप लाइन गुजरने के मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। एनजीटी के न्यायिक सदस्य दिनेश कुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की युगलपीठ ने एक संयुक्त कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह कमेटी स्थल निरीक्षण करेगी और इस बात की जांच करेगी कि कितनी पाइप लाइनें नाले-नालियों से गुजर रही हैं। इसके अलावा कमेटी सुधारात्मक सुझाव भी पेश करेगी। एनजीटी ने कमेटी को एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे व रजत भार्गव की ओर से एनजीटी में याचिका दायर की गई। याचिका में कहा गया कि जबलपुर में आपूर्ति हो रहा 47 प्रतिशत पेयजल पीने योग्य नहीं है। याचिका में कहा गया कि 80 प्रतिशत पीने के पानी की पाइप लाइनें नाले-नालियों से होकर गुजर रही हैं। दलील दी गई कि जल जीवन मिशन द्वारा केंद्र सरकार को प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार जबलपुर में घरों में सप्लाय हो रहा 47 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में पानी अत्यंत दूषित पाया गया है। ऐसी गंभीर स्थिति की जांच उच्च स्तरीय समिति गठित कर तत्काल कराई जाना चाहिए। जनहित याचिका में कहा



गया है कि डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की उम्र औसतन 20 वर्ष की होती है, लेकिन पिछले 40-50 वर्षों से यह पाईप लाईनें बदली नहीं गई हैं। जबकि इन्हीं पुरानी पाईप लाइनों में बार-बार लीकेज होने से पेयजल दूषित हो रहा है। एनजीटी ने समिति का गठन करने कहा है। इसमें सदस्य सचिव राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला कलेक्टर जबलपुर, आयुक्त नगर निगम जबलपुर को शामिल किया गया है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। समिति को कहा गया है कि स्थल निरीक्षण करें, आरोपों की जांच करें और उपाय सुझाएं।

**आजीवन कारावास की सजा निरस्त:** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा कि जब डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव है तो अपीलार्थी को दुष्कर्म का आरोपी कैसे बना दिया गया। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस आरसीएस बिसेन की युगलपीठ ने अपीलार्थी को दी गई आजीवन कारावास की सजा निरस्त कर दी। जुर्माने की वसूली राशि अपीलार्थी को वापस की जाए। बालाघाट निवासी आशीष बिसेन की ओर से अधिवक्ता योगेन्द्र गोलंदाज ने पक्ष रखा।

# मेटा के अलर्ट पर खुदकुशी कर रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**वाराणसी, जेएनएन।** सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़ी एक पोस्ट के बाद सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का एक सराहनीय मामला सामने आया है। वाराणसी के चोलापुर थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवक की जान पुलिस ने महज 17 मिनट के भीतर पहुंचकर बचा ली। जानकारी के अनुसार युवक ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा था- आज मेरी आखिरी रात है, कोई कॉल मत करना, क्योंकि मैं जहर खा चुका हूं। यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की ओर से अलर्ट जारी किया गया। रात करीब 1.45 बजे डीजीपी मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर को ई-मेल के जरिए इसकी सूचना मिली। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह मजदूरी करता है और एक युवती से प्रेम करता है।



### अलर्ट पर पहुंची पुलिस

अलर्ट मिलते ही वाराणसी सोशल मीडिया सेल सक्रिय हो गई। नंबर के आधार पर युवक की लोकेशन ट्रेस की और तुरंत चोलापुर थाने को सूचित किया । पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देश पर टीम को मौके पर रवाना किया। टीम ने महज 17 मिनट के भीतर युवक के घर पहुंचकर स्थिति को संभाल लिया। मौके पर देखा गया कि युवक एक गिलास में घोल तैयार कर उसे पीने ही वाला था। पास में कीटनाशक का खाली पैकेट भी पड़ा मिला, जिससे गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# सवा चार करोड़ से तैयार होगा नवीन कालेज भवन, नए कोर्स भी होंगे शुरू

**जर्जर भवन को गिराकर नया बनाने का काम शुरू**
**बीएससी और एमकॉम पाठ्यक्रम की मांगी स्वीकृति**

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मालवीय हास्टल के जर्जर भवन में लगने वाला नवीन कालेज का कायाकल्प होने जा रहा है। जर्जर भवन को गिराकर नया भवन बनाने का काम शुरू हो गया है। नये भवन में प्राचार्य प्रदीप शर्मा नये कोर्स भी शुरू करना चाह रहे हैं। इसके लिए उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग से बीएससी और पीजी में एमकॉम पाठ्यक्रम की स्वीकृति मांगी है। नवीन कालेज में अभी तक बीए और बीकाम की कक्षाएं ही लग रही हैं। बीएससी के लिए नये भवन में लैब तैयार कराई जा रही है। तीन मंजिला भवन तैयार करने के लिए चार करोड़ 34 लाख 67 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति हुई है। इसलिए निर्माण कार्य विलंब से शुरू हो सका है। निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा होने के कयास लगाए जा



रहे हैं। सीपीए के इंजीनियर हेमंत जैन का कहना है भवन का निर्माण निर्धारित समय में कर दिया जाएगा।

### नए भवन में रहेंगी ये सुविधाएं

- 24 कमरे विद्यार्थियों की कक्षाओं के लिए रहेंगे। 40-40 सीटर की दो कम्प्यूटर लैब, एक प्राचार्य कक्ष, एक वेटिंग रूम, कॉमन वेटिंग रूम, एक स्टफ रूम, दिव्यांग बच्चों के लिए प्रशाधन की व्यवस्था भी रहेगी।
- महात्माा गांधी की मूर्ति के पीछे का भवन भी जर्ज हो चला है। इस दुरूस्त करने शासन ने एक करोड 28 लाख 476 हजार की मंजूरी दे दी है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। इससे पूरा नवीन कालेज नया दिखाई देगा।
- आनलाइन परीक्षाएं होने के साथ आनलाइन वैल्यूशन होगा। इसके लिए प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने 14 करोड से 500 सीटर कम्प्यूटर एग्जाम हाल तैयार करने का प्रस्ताव भी तैयार कर विभाग को भेज दिया है। यह दो मंजिला होगी, जिसमें लिफ्ट भी होगी। इससे आवाजाही में कोई समस्या नहीं आएगी।

नये भवन में नये कोर्स संचालित करने विभाग से स्वीकृति मांगी गई है। इससे कालेज में साइंस स्टीम के विद्यार्थी भी प्रवेश लेकर डिग्री कर पाएंगे।
**डॉ प्रदीप शर्मा,** प्राचार्य, नवीन कालेज

**प्रोजेक्ट**

## राजधानी में अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन के लिए टीबीएम दुर्गावती ने शुरू की खुदाई

# 3.39 किमी रूट को मार्च 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ऑरेंज मेट्रो लाइन के रूट पर 3.39 किमी लंबी अंडर ग्राउंड मेट्रो लाइन बनाने के लिए सोमवार से खुदाई शुरू कर दी गई। एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अफसरों की मौजूदगी में टनल बोरिंग मशीन दुर्गावती को खुदाई के लिए उतारा गया। अफसरों के अनुसार जब यह मशीन 50 मीटर तक खुदाई कर देगी। उसके बाद दूसरी मशीन को भी खुदाई के लिए उतारा जाएगा। इससे अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन व लाइन का काम तेज गति से होगा। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने मार्च 2028 तक अंडर ग्राउंड टनल का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि 16 किमी लंबे मेट्रो ऑरेंज लाइन के दो स्टेशन जमीन के अंदर रहेंगे, जिसका काम सोमवार से शुरू कर दिया गया है। बता दें कि टीबीएम दुर्गावती रेड सी प्लाजा के पास से पुल पातरा की ओर आगे बढ़ेगी। जमीन के नीचे टीबीएम 265 मीटर लंबा स्लोप (ढलान) बनाते हुए आगे बढ़ेगी। इसके बाद खुदाई का काम शुरू किया जाएगा। खुदाई के दौरान हमीदिया रोड के आसपास मौजूद इमारतों पर असर न पड़े, इसके पिक पार्टिकल वेलॉसिटी (पीपीवी) का लगातार मापन किया जाएगा और मशीन के वाइब्रेशन को भी तय मानकों के भीतर ही रखा जाएगा।



### एक नजर टीबीएम मशीन

- मशीन की ताकत लागत : **100 करोड़** रुपए प्रति मशीन।
- रफ्तार : **प्रतिदिन 15 मीटर** तक टनल निर्माण।
- डायमीटर का आकार : **5.8 मीटर** व्यास
- भोपाल पहुंची मशीनों की संख्या : **02**

### बनाए जाएंगे दो अंडर ग्राउंड स्टेशन

अंडर ग्राउंड टनल के लिए जब मशीन से खुदाई की जाएगी। तब मेट्रो कॉरपोरेशन द्वारा न तो ट्रैफिक को डायवर्ट कराया जाएगा और न ही किसी भी हेरिटेज इमारत या अन्य बाधाओं को हटाने का काम किया जाएगा। अंडर ग्राउंड कॉरिडोर एम्स से करोंद तक जाने वाली 16 किमी लंबी ऑरेंज लाइन का ही एक हिस्सा है। अंडर ग्राउंड कॉरिडोर में दो स्टेशन बनाया जाना प्रस्तावित हैं। पहला पुल पातरा के बाद भोपाल रेलवे स्टेशन रहेगा। वहीं अगला स्टेशन नादरा बस स्टैंड रहेगा, दोनों ही जगह से मेट्रो को रोजाना सैकड़ों यात्री मिलेंगे। दोनों स्टेशनों की लंबाई 180-180 मीटर रहेगी। बता दें कि वर्तमान में विभिन्न रूट्स पर चलने वाली बसों को सबसे ज्यादा यात्री इन्हीं दो स्टेशनों से मिलते हैं।

### तीन माह पहले भोपाल आई थीं दोनों मशीनें

यह दोनों मशीनें दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में भोपाल आ गई थीं, जिसके बाद दिसंबर से इनके पार्ट्स को इंस्टॉल करने का काम शुरू किया गया। इन दोनों मशीनों में से प्रत्येक की लागत लगभग 100 करोड़ रुपए है। दोनों मशीन का व्यास 5.8 मीटर है और यह रोजाना 15 मीटर तक खुदाई कर सकेंगी। प्रत्येक टीबीएम जमीन के 65 फीट नीचे रोजाना 15 मीटर तक खुदाई करेगी। दोनों मशीनें करीब 30 मीटर तक खुदाई करेंगी। दोनों मशीनें जमीन के नीचे दो टनल विकसित करेंगी। इस हिसाब से मेट्रो कॉरपोरेशन को पूरा कॉरिडोर विकसित करने में 18 माह से 20 माह तक का समय लग सकता है। अन्य सभी कामों को मिलाकर दो साल की डेडलाइन तय की गई है। बता दें कि मशीनों को लांच करने से पहले दो माह तक एसकेवेशन वर्क किया गया। सरल भाषा में अंडरग्राउंड सेक्शन बनाने का काम किया गया, जिसके बाद अब दोनों मशीनें ट्विन टनल बनाने का काम करेंगी।

दोनों मशीनें तीन माह पहले आई थीं। 45 दिन तक पार्ट्स इंस्टॉलेशन का काम पूरा कर इनकी टेस्टिंग की गई, जिसके बाद इनसे खुदाई शुरू की गई है। दो साल में अंडर ग्राउंड स्टेशन व टनल का काम पूरा करने का लक्ष्य है।
■ **एस. कृष्ण चैतन्य,** एमडी एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

## महज 11 दिनों में कमाए 1350 करोड़ रुपए

# तीसरी सर्वाधिक कमाऊ फिल्म बनी 'धुरंधर 2'

**मुंबई, जेएनएन।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज बॉलीवुड की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म का इंडियन कलेक्शन 846.87 करोड़ हो चुका है, जबकि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिक्ल के अनुसार, 29 मार्च यानी रिलीज के दूसरे रविवार को फिल्म ने 68.10 करोड़ रुपए कमाए, जबकि 28 मार्च (शनिवार) को 62.85 करोड़ कमाए थे। ऐसे में 11 दिनों में फिल्म ने भारत में 846.87 करोड़ और वर्ल्डवाइड 1350 करोड़ कमा लिए। इस कलेक्शन के साथ धुरंधर 2 तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। यह फिल्म पिछले पार्ट धुरंधर के 1428 करोड़ के ऑल टाइम कलेक्शन को पार करने के करीब है, जो बॉलीवुड की



दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म है। फिलहाल आमिर खान की दंगल पहले नंबर पर है। बॉलीवुड की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधरः द रिवेंज, सभी भाषाओं में भारत की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। यह आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है, लेकिन अब भी पुष्पा-2 और बाहुबली 2 से पीछे है। दंगल भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है, लेकिन भारत में इसका कलेक्शन सिर्फ 511 करोड़ था।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,**
संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।